

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कैसे मिले पराली जलाने की दुश्वारियों से निजात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081


# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 73, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 32.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 19 सूर्यास्त 05 :25

कानपुर, रविवार, 3 नवंबर 2024

59 वर्ष के हुए सुपरस्टार शाहरुख खान...15

## मथुरा में गोवर्धन पूजा



मथुरा में शनिवार को श्रद्धा एवं उल्लास से गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु गोवर्धन पर्वत की सप्तकोसीय परिक्रमा करने के लिए निकल पड़े जिसमें बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। इस अवसर पर भक्त गोवर्धन पहाड़ी पर एक मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हैं। ● एजेंसी

# दर्शन, पूजन, फतवा और मंदिर शुद्धिकरण का सियासी रण

### सीसामऊ से सपा प्रत्याशी नसीम ने शिवलिंग का किया जलाभिषेक, भक्तों ने गंगाजल से शुद्ध किया वनखंडेश्वर मंदिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने दीपावली पर पी रोड स्थित वनखंडेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाया और दीप जलाए। इस घटना के बाद उनके खिलाफ फतवा आ गया और शनिवार सुबह कुछ भक्तों ने मंदिर पहुंचकर गंगा जल से शुद्धिकरण किया।

सपा प्रत्याशी गुरुवार रात वनखंडेश्वर मंदिर पहुंचीं। उन्होंने शिवलिंग का जलाभिषेक कर पुष्प अर्पित किए। देवी-देवताओं की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़कर जीत की प्रार्थना की। इसकी प्रतिक्रिया में शनिवार को कुछ लोगों ने मंदिर पहुंचकर उसे गंगाजल से शुद्ध किया। इस बीच आल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने नसीम की मंदिर में पूजा के खिलाफ फतवा जारी कर दिया कि उन्हें तौबा करनी चाहिए। महेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद पांडेय, पार्षद विवेक शर्मा , बाला जी सेवा समिति नेहरू नगर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल आदि ने मंदिर के शुद्धिकरण का कार्य किया।



वनखंडेश्वर मंदिर में पूजन करतीं सीसामऊ सीट से सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी। ● अमृत विचार

### सोलंकी परिवार ने कभी विरोध और फतवे की नहीं की परवाह

सोलंकी परिवार हमेशा से वनखंडेश्वर मंदिर में हाथ जोड़ता रहा है और फतवे या विरोध की परवाह नहीं की। प्रत्याशी नसीम सोलंकी के ससुर पूर्व विधायक स्वर्गीय हाजी मुश्ताक सोलंकी ने जब मंदिर में हवन किया था, तब उनके खिलाफ इस्लाम से खारिज होने का फतवा आ गया था। इस पर उनके समर्थकों ने फतवा लेने वाले के यहां धावा बोल दिया था। हाजी मुश्ताक के पुत्र तत्कालीन विधायक इरफान ने वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव से पहले मंदिर को अपनी निधि से 50 लाख रुपये दिए थे।

### मैं तकलीफ में, जहां कोई कहता, वहां चली जाती हूं

प्रत्याशी नसीम सोलंकी का कहना है कि मैं तकलीफ में हूं, जहां कोई कहता है, वहां चली जाती हूं। इसमें वोट बैंक जैसी राजनीति नहीं है। हमें हर वर्ग का वोट मिलता है। हमारे मजहब में यह नहीं बोला गया है कि आप दूसरे मजहब का निरादर करें।

### मुख्य पुजारी बोले- मंदिर को न बनाएं राजनीति का अड्डा

वनखंडेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी राम नरेश मिश्रा ने कहा कि मंदिर को राजनीति का अड्डा बनाना उचित नहीं है। मंदिर समिति व पुजारियों द्वारा कोई शुद्धिकरण कार्यक्रम नहीं किया गया है। यह काम कुछ भक्तों ने धार्मिक भावना को ठेस पहुंचने के कारण किया है।

## एक नजर

### दुर्घटनावश गोली चलने से सैनिक की जान गई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में शनिवार को ड्यूटी पर तैनात एक सैनिक की राइफल से दुर्घटनावश गोली चलने से जान चली गई। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर के रावलपोरा इलाके में तैनात सैनिक की राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान की पहचान नहीं हो पाई है।

### पटाखों में आग लगने से तीन बच्चों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के उलुबेरिया शहर में शुक्रवार को पटाखा फोड़ने के दौरान आग लगने से तीन बच्चों की जलकर मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घटना उलुबेरिया के बाजारपारा इलाके में शुक्रवार शाम को काजल शेख के घर में हुई और तीन बच्चों में से एक उसके परिवार का था जबकि अन्य पड़ोसी थे।

### चीमा ने पीएचएचपीसी के एडीजी का पद संभाला

**चंडीगढ़।** मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) निदेशालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ (पीएचएचपीसी) के 13वें अतिरिक्त निदेशक जनरल (एडीजी) के रूप में कार्यभार संभाला है। नई भूमिका में चीमा एनसीसी निदेशालय की देखरेख करेंगे, जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में आठ समूह मुख्यालय शामिल हैं।

### अभिनेता जॉर्ज ने फिल्म समीक्षक को धमकाया

**तिरुवनंतपुरम।** मलयालम अभिनेता-निर्देशक जोजू जॉर्ज उनके द्वारा निर्देशित पहली फिल्म 'पानी' की एक फेसबुक पोस्ट के जरिए आलोचना करने पर एक फिल्म समीक्षक को धमकी देने के कारण मुश्किल में फंस गए हैं। यह फिल्म हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

### शिवसेना (हिंद) नेता के घर पर फेंका पेट्रोल बम

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना स्थित मॉडल टाउन में शनिवार तड़के शिवसेना (हिंद) के एक नेता के आवास पर तीन अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल बम फेंका। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवारों को शिवसेना (हिंद) की सिख इकाई के नेता हरजोत सिंह खुराना के घर की ओर बोतल फेंकते देखा जा सकता है।

# लश्कर के शीर्ष आतंकी समेत तीन ढेर, चार सुरक्षाकर्मी घायल

### श्रीनगर के खानयार इलाके और अनंतनाग में तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में शनिवार को अलग-अलग मुठभेड़ों में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष आतंकवादी सहित तीन आतंकवादी मारे गए जबकि चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के अनंतनाग जिले में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए जबकि श्रीनगर में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ने पुराने श्रीनगर के खानयार इलाके में शुक्रवार की रात संयुक्त घेराबंदी और तलाश अभियान के बाद आज फिर से शुरू किया। इसी दौरान वहां मौजूद आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी और सेना के जवाबी हमले के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। श्रीनगर में दो साल से अधिक समय बीतने के बाद पहली बार मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शहर के खानियार इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) वीके. बिरदी ने कहा कि घेराबंदी के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियों की बौछार कर दी गई।

उन्होंने कहा कि इसके बाद अभियान शुरू हुआ जो सुबह से शाम तक चला। ऑपरेशन में लश्कर का एक विदेशी आतंकवादी मारा गया। बिरदी ने मारे गए आतंकवादी की पहचान उस्मान लश्करी उर्फ छोटा वलीद के रूप में की है। आईजी ने कहा कि निरीक्षक मसरूर अहमद वानी की हत्या में उस्मान लश्करी की भूमिका और संलिप्तता सामने आई है। पुलिस निरीक्षक मसरूर को पिछले साल नवंबर में श्रीनगर के ईदगाह मैदान में क्रिकेट खेलते समय गोली मार दी गई थी। एक महीने बाद नई दिल्ली के एम्स में उनकी मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में आखिरी मुठभेड़ 20 सितंबर, 2022 को नौगाम इलाके में हुई थी, जिसमें अंसार गजवत-उल-हिंद के दो स्थानीय आतंकवादी मारे गए थे। प्रदेश में अनंतनाग जिले में एक अन्य मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अनंतनाग के लारनू इलाके में तब शुरू हुई जब इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी पर संयुक्त अभियान शुरू किया गया। अभियान अभी भी जारी है।



श्रीनगर के खानयार इलाके में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाकर्मी।

### बांदीपोरा में भी आतंकियों ने की अंधाधुंध गोलीबारी

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है, जहां शुक्रवार देर रात गोलीबारी हुई थी। सेना ने कहा कि कल देर शाम बांदीपोरा के पनार इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी गई और जब आतंकवादियों को चुनौती दी गई, तो उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और जंगल की ओर भाग गए। तलाशी अभियान चल रहा है। मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में उत्तर प्रदेश के दो श्रमिकों पर आतंकवादियों द्वारा गोली चलाने के कुछ घंटों बाद बांदीपोरा में गोलीबारी की घटना हुई।

# दीये से लगी आग में कारोबारी पत्नी व नौकरानी जिंदा जले

### शुक्रवार भोर में हुई घटना, सिक्योरिटी गार्ड ने दी परिजनों को जानकारी

- आग से ऑटोमेटिक दरवाजे हुए लॉक, दम घुटने से गई जान


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** कानपुर में काकादेव थाना क्षेत्र के पांडु नगर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। जहां दीपावली के पूजन में जलाए गए दीये कि लौ से बंगले में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से बिस्किट कारोबारी उनकी पत्नी और नौकरानी की जिंदा जलकर मौत हो गई। ड्यूटी पर मौजूद सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने धुआं निकलते देखा तो घटना की जानकारी अन्य परिजनों को दी।

परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत से ऑटोमैटिक गेट तोड़कर कमरों में पड़े तीनों लोगों को रीजेंसी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत्यु घोषित कर दिया। हृदय विदारक घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर एडीसीपी सेंट्रल, फॉरेंसिक व फायर टीम मौके पर पहुंची और गहनता से जांच की। तीनों शवों का पोस्टमार्टम किया गया, जहां स्वांस नली में धुआं भर जाने के कारण दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई।



कारोबारी संजय श्याम दसानी और कनिका दसानी



नौकरानी छवि चौहान

पांडु नगर में संजय श्याम दासानी (50) की अंबाजी फूड्स के नाम से बिस्किट कंपनी है। उनके परिवार में पत्नी कनिका श्याम दासानी (45) और बेटा हर्ष दासानी है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को दीपावली पर देर रात पूजन हुआ। पूजन में भाई कमलेश दासानी और ललित दासानी का परिवार भी शामिल हुआ था। पूजन के बाद कारोबारी संजय दासानी ने एक दीपक मंदिर में रख दिया और सभी कमरे में चले आए। बेटा हर्ष दासानी दोस्तों के साथ पार्टी करने चला गया था। उस वक्त घर पर संजय दासानी उनकी पत्नी कनिका दासानी और घर पर काम करने वाली औरैया के ग्राम अकबरपुर डाढा थाना ऊंचा आईआईटी नानकारी निवासी नौकरानी छवि चौहान (30) थी। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे सिक्योरिटी गार्ड ने मकान के प्रथम खंड में रहने वाले संजय श्याम दासानी के कमरे और मंदिर से आग और धुआं निकलते देखा तो जानकारी मकान में रहने वाले अन्य परिवारों और पुलिस को दी। सूचना पर काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया फोर्स के साथ पहुंचे। इस दौरान फजलगंज फायर स्टेशन के दमकल की गाड़ी भी पहुंची। प्रथम खंड में काफी धुआं भरा हुआ था। दमकल कर्मियों और पुलिस ने कमरे में लगे ऑटोमैटिक दरवाजे को तोड़ा तो दंपती का शव पड़ा हुआ था। दूसरे कमरे में नौकरानी जमीन पर पड़ी थी। तीनों को रीजेंसी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य जुटाए।

## गर्म खिचड़ी का भगौना पलटा, 10 श्रद्धालु झुलसे

- वृंदावन के गौरी गोपाल आश्रम में भोजन वितरण में हुई घटना

मथुरा, एजेंसी

मथुरा में वृंदावन के गौरी गोपाल आश्रम में भोजन वितरण के दौरान एक कर्मचारी का पैर फिसल जाने से गर्म खिचड़ी से भरा भगौना श्रद्धालुओं पर पलट गया जिससे पश्चिम बंगाल की 10 महिलाएं झुलस गईं।

अधिकारियों ने बताया कि सभी महिलाओं को आश्रम की एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से झुलसीं दो श्रद्धालुओं को तुरंत आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। संयुक्त जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वंदना अग्रवाल ने बताया कि पश्चिम बंगाल के कुछ श्रद्धालुओं का एक समूह वृंदावन आया हुआ है। शुक्रवार सुबह सभी श्रद्धालु परिक्रमा मार्ग संत कॉलोनी स्थित गौरी गोपाल आश्रम पहुंचे जहां सभी श्रद्धालु प्रसाद लेने के लिए कतार में खड़े थे लेकिन तभी खिचड़ी से भरा भगौना लेकर आ रहे एक कर्मचारी का पैर फिसल गया जिससे गर्म खिचड़ी श्रद्धालुओं के ऊपर गिर गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान 10 महिला श्रद्धालु झुलस गईं।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में पाया गया गोला-बारूद



- दुबई से दिल्ली पहुंची थी उड़ान, पुलिस कर रही जांच

**नई दिल्ली।** दुबई से दिल्ली पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट में गोला-बारूद मिला। सतर्कता दिखाते हुए फ्लाइट के स्टाफ ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और मामले की सूचना पुलिस को दी। एयर इंडिया के प्रवक्ता के मुताबिक 27 अक्तूबर को दुबई से दिल्ली में उतरने के बाद उड़ान एआई-916 की एक सीट की जेब में एक गोला-बारूद, कारतूस पाया गया था। सभी यात्रियों को उतारने के बाद तुरंत हवाईअड्डा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले में जांच की जा रही है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने तय सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए तुरंत एयरपोर्ट पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## लॉरेंस के भाई अनमोल को अमेरिका से लाने की तैयारी

मुंबई, एजेंसी



- मुंबई पुलिस ने प्रत्यर्पण के लिए गृह मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव

मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण का एक प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा है। अनमोल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या सहित कुछ चर्चित मामलों में नामजद आरोपी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने मुंबई पुलिस को अनमोल बिश्नोई के उनके देश में मौजूद होने की सूचना दी, जिसके बाद यह प्रस्ताव भेजा गया है। पिछले महीने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने विशेष महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) अदालत में याचिका दायर कर कहा था कि वह भगोड़े अपराधी अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करना चाहती है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा है, जिसे वहां से विदेश मंत्रालय को भेजा जाएगा।

## जंगली हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत, एक घायल

- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे गांवों में दहशत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) के पास शनिवार को तीन हाथियों ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। माना जा रहा है कि ये हाथी उसी झुंड का हिस्सा हैं, जिसके 10 हाथी इस सप्ताह की शुरुआत में मृत पाए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बीटीआर से करीब 10 किलोमीटर दूर देवरा गांव में रामरतन यादव (50) शौच के लिए गए थे तभी हाथियों ने उनपर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद तीनों हाथियों ने बीटीआर के बफर जोन के ब्राहे गांव में भैरव कोल (35) को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया और बांका गांव में मालू साहू (32) को घायल कर दिया। इससे टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में दहशत है। यह पूछे जाने पर कि क्या तीनों हाथी झुंड का हिस्सा हैं, जिसपर उमरिया प्रभागीय वन अधिकारी विवेक सिंह ने बताया कि हाथियों पर नजर रखी जा रही है और उनकी पहचान के बारे में कोई भी अंतिम निर्णय निगरानी प्रक्रिया से डेटा एकत्र करने के बाद ही होगा।

## संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

- पेश हो सकता है एक राष्ट्र-एक चुनाव और वक्फ विधेयक
- जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य के दर्जा प्रस्ताव पर चर्चा संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण बिल पेश किए जा सकते हैं, जिनमें एक राष्ट्र-एक चुनाव और वक्फ विधेयक शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी सत्र में पास किया जा सकता है।

शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने के आसार हैं। दरअसल विपक्षी दल एक राष्ट्र-एक चुनाव का विरोध कर रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव के पक्ष में नहीं हैं। उधर सरकार इस बिल पर अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है। इस बिल के विरोध में विपक्षी दल सदन में हंगामा कर सकते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही कहा है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 शीतकालीन सत्र में पारित किया जाएगा। इस सत्र के दौरान अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। संसद का संयुक्त सत्र 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जा सकता है। वक्फ विधेयक पर बनी जेपीसी अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है।

## आठ दवाओं की कीमतें बढ़ाने पर प्रधानमंत्री को पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आठ आवश्यक दवाओं की कीमतें बढ़ाने के एक हालिया फैसले पर चिंता व्यक्त की है और मूल्य निर्धारण के असर का आकलन करने लिए एक स्वतंत्र समीक्षा समिति बनाने का आग्रह किया। टैगोर ने 25 अक्टूबर की तिथि वाले पत्र में कहा कि वह राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा आम तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली आठ दवाओं की अधिकतम कीमतों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के हालिया फैसले के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए यह पत्र लिख रहे हैं।

**कारोबार** मैनमेड हीरे ने असली के भाव गिराए, बड़े पैमाने पर यही बिक रहा, मैनमेड और प्राकृतिक हीरे के दाम में 3 .25 लाख रुपये कैरेट का अंतर

# सोने के सामने असली हीरे की चमक भी पड़ गई फीकी

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार :** सोने के सामने अब तो हीरा भी नतमस्तक है। छह साल पहले ऐसा नहीं था कि हीरा चार लाख रुपये कैरेट तो सोना 31438 रुपये 10 ग्राम था, लेकिन सोने के दाम तो बढ़े पर हीरे के घट गए। अब सोना 80 हजार पार है तो हीरा 3.50 लाख रुपये कैरेट है।

बाजार के विशेषज्ञ बताते हैं कि मैनमेड हीरे ने असली हीरे के दाम गिरा दिए। मैनमेड हीरा लैब में तैयार किए जाते हैं और इसकी चमक बिल्कुल असली जैसी होती है, लेकिन वह प्राकृतिक हीरे की तरह कीमती नहीं है। महिलाएं मैनमेड हीरे के गहने पहन कर सस्ते में शौक पूरे कर लेती हैं। कीमत कम होने से इसकी बिक्री भी ज्यादा है। सोने की बढ़ती कीमत को देखते हुए अब आभूषण विक्रेता मैनमेड हीरे के गहनों की रेंज रखने लगे हैं। असली हीरा अब 3.50 लाख से 3.60 लाख रुपये कैरेट तो मैनमेड 25 से 35 हजार रुपये कैरेट में मिल रहा है। खास बात यह कि असली और नकली हीरे की पहचान हर कोई नहीं कर सकता। हर ज्वेलर के पास हीरा परखने वाली मशीन नहीं है, यह मशीन 15 लाख से 50 लाख तक की है और इसी कारण हर विक्रेता इसे नहीं रखता। उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष आभूषण कारोबारी राजेंद्र शुक्ला का कहना है कि मैनमेड हीरे के कारण असली हीरे के दाम गिर गए हैं।

अब हीरे से ज्यादा लोग सोना खरीद रहे हैं। लोग निवेश के मद्देनजर भी सोने को ही प्राथमिकता देते हैं। हां, जिन्हें हीरे से प्यार है, वे मुनाफे की नहीं सोचते। इस धनतेरस और दीपावली में हीरे के मुकाबले सोने के गहने ज्यादा बिके।



### ऐसे तैयार होता है मैनमेड हीरा

कार्बन को रियेक्टर में बेहद गर्म वातावरण में घंटों रखा जाता है, तब चमक आती है और फिर तराशा कर पैक करने के बाद बाजार में उतारा जाता है। इसके गहने तैयार होते हैं । असली हीरा जमीन/खान से सैकड़ों साल बाद निकलता है। फिर इसे विशेषज्ञ कारीगरों की जांच और तराशने के बाद बाजार में लाया जाता है।

### खरीदारी में रखें ध्यान

प्रतिष्ठित आभूषण कारोबारी से ही खरीदें। गारंटी कार्ड लें और उसकी री-सेल वैल्यू भी जान लें। उससे किसी प्रतिष्ठित संस्थान का सर्टिफिकेट भी लें, जिसमें लिखा हो कि यह हीरा असली और परख पर खरा है। कैशमेमो जरूर लें।

### 5 हजार रुपये में हीरे की अंगूठी, एक लाख का सेट

बिरहना रोड पर आभूषण कारोबारी श्रेयांश कपूर ने बताया कि कभी प्राकृतिक हीरा के भाव सोने से ज्यादा थे पर 2018 में मैनमेड हीरा आने के बाद इसमें वह बात नहीं रही। अब पांच हजार में हीरे की अंगूठी, 10-20 हजार में ईयरिंग और एक से डेढ़ लाख में सेट उपलब्ध है। एक कैरेट हीरे में सौ सेंट होते हैं। अंगूठी तो पांच सेंट से सौ सेंट तक की बनती है। सोने के दाम तो एक साल में ही 32% तक बढ़ गए जबकि हीरे के स्थिर हैं।

# घरों के आंगन में विराजे गोवर्धन, हुई पूजा-अर्चना

संवाददाता गुरसहायगंज/ कन्नौज

**अमृत विचार।** दो दिनों की अमावस्या होने के कारण दीपावली के तीसरे दिन जिले भर में घर-घर गोवर्धन की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने घर के आंगन में गोवर्धन की आकृति गोबर से बनाकर आरती वंदना की। इसके लिए महिलाओं ने सुबह से ही घर के आंगन की साफ-सफाई कर गोवर्धन पूजा की तैयारियां की और घर में पकवान बनाए।

शनिवार को दीपावली पर्व के बाद महिलाओं ने घरों के आंगन में गोबर से आकृति बनाकर गोवर्धन पूजा की। घर-घर गोबर से गिरिराज महाराज के प्रतीकात्मक स्वरूप बनाए गए। महिलाओं और पुरुषों ने कढ़ी, चावल और बाजरा की खिचड़ी से बने अन्नकूट से भोग लगा कर गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना कर परिक्रमा लगाई। इसके बाद गोवर्धन की परिक्रमा लगाकर आरती वंदना की। महिलाओं ने गोवर्धन पूजा में गोबर से बनी आकृति, आटा, चावल तथा सींक से सजावट कर गोवर्धन महाराज की आराधना की।

सुबह से ही महिलाओं ने परिक्रमा कर ब्रज के देवता के जैकारे लगाकर पूजा की। गोवर्धन पूजा में महिलाओं ने भजन व कीर्तन कर गुणगान किया। गोवर्धन को अन्नकूट का भोग भी लगाया गया। गोवर्धन पूजा की धूम गांव से लेकर शहर तक नजर आई।


गुरसहायगंज में घर के आंगन में गोवर्धन की पूजा करती महिला। अमृत विचार


छिबरामऊ में गोवर्धन पूजा करतीं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

## तरह-तरह के पकवान बनाकर प्रभु को अर्पित किया भोग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घरों में गाय के गोबर से प्रभु गोवर्धन का प्रतीक बनाकर महिलाओं ने पूजा- अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। तरह तरह के पकवान बनाकर प्रभु गोवर्धन को अर्पित किए गए। माना जाता है कि द्वापर युग में प्रभु श्री कृष्ण ने इंद्र की पूजा बंद करा कर प्रभु गोवर्धन की पूजा शुरू कराई थी। उस समय इंद्र ने कुपित होकर ब्रजमंडल पर घोर वर्षा शुरू कर दी जिससे बृजवासी परेशान हो उठे। तब प्रभु श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारण कर इंद्र के कोप से ब्रज वासियों की रक्षा की थी। तब से हर साल प्रतिपदा के दिन गोवर्धन की पूजा की जाती है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष भी यह परंपरा निभाई गई। ग्राम खल्ला रूप मंगदपुर में अनीता दुबे, फर्रुखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में अनामिका तिवारी और मोहल्ला कटरा में स्वर्गीय महादेव प्रसाद गुप्ता के परिवार में माई शॉप की संचालिका शशि गुप्ता सहित बीना, कनिष्का, कशिश,सौम्या गुप्ता, चारु गुप्ता,शीलू गुप्ता, प्रिया व कल्पना ने गोवर्धन की पूजा कर पकवान अर्पित किए।

## सार-संक्षेप


गोशाला में गोवंश का पूजन करते पंचायत कर्मी। अमृत विचार

### गोवंशों को गुड़ व चना खिलाकर की पूजा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दीपावली पर्व के चलते गोवर्धन पूजा के दिन नगर पंचायत कर्मियों व जनप्रतिनिधियों ने गोवंशों को फूलमालाएं पहनाकर पूजा अर्चना की। शनिवार को अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल तालग्राम में संरक्षित गोवशो की पूजा कर गुड़, चना, फल खिलाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, सभासद अतुल कुमार गुप्ता, सफाई नायक संतराम, अमन वाल्मीकि, कंचन लाल, सुभाष चंद्र, राम वेदी शर्मा आदि मौजूद रहे।


बच्चों के साथ खुशियां मनाते संगठन के लोग। अमृत विचार

### गोल्डन पहल ने वंचित वर्ग के साथ बांटी खुशियां

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आओ मिलकर करे एक सुनहरी पहल इसी लक्षित कथन को सार्थक करते हुए गोल्डन पहल फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दीपावली के पावन अवसर पर समाज के वंचित वर्ग को मिष्ठान एवं दीप सामग्री आदि वितरण का कार्यक्रम क्षेत्र के नगर पंचायत सिकंदरपुर में ईंट भट्टा श्रमिकों के साथ आयोजित किया। संस्था के सचिव महेंद्र सिंह ने कहा कि इस विशेष तरह से दिवाली मनाने का यह संस्था का नौवां वर्ष है। इस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक/सचिव महेंद्र सिंह राठौर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सिकंदरपुर रजनीकांत दुबे, बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर मैनेजर आशुतोष शर्मा, राजस्व लेखपाल अनुराग दुबे, मुनेंद्र भदौरिया व वैभव दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नलकूप से दूसरी बार चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** एक किसान के नलकूप से लगातार दूसरी बार चोरी की घटना से सनसनी फैल गई। किसान ने मामले की षिकायत पुलिस करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। सिकन्दरपुर के मोहल्ला गांधी नगर के रहने वाले लाल सिंह पुत्र भीकम सिंह का मौजा खेड़ा जगदीशपुर में रतनपुर गांव की सीमा पर नलकूप लगा हुआ है। इनके नलकूप से चोरों ने लगातार दूसरी घटना 30 अक्टूबर की रात में की चोर यहां से हजारों रूपये की केबिल चोरी कर नलकूप को ठप कर दिया। जिससे किसान की फसलें सिंचाई बिना प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही लगातार हो रही चोरी की घटना से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। वहीं चोरों की वारदात से किसान भयभीत है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## एक नजर

### कच्ची शराब बनाते पुलिस ने 2 आरोपियों को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दीपावली पर अवैध शराब का कारोबार तेजी पकड़ लेता है। इसी को देखते हुए कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने छापेमारी की। इसमें पुलिस ने भारी मात्रा में कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। शनिवार की दोपहर हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने सूचना पर ग्राम रौतामई स्थित एक घर में छापेमारी की। जहां मौके से दो लोगों को अवैध कच्ची शराब उतारने समय हिरासत में ले लिया। साथ ही पुलिस ने मौके से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की। जबकि 120 किलो लहन भी मौके पर नष्ट किया। पुलिस हिरासत में आरोपी यवकों ने अपना नाम अखिलेश पुत्र राम महेश व कन्हैया लाल पुत्र स्वर्गीय मिट्ठू लाल निवासी ग्राम रौतामई में बताया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### एसपी ने तालग्राम थाने का किया निरीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को थाना तालग्राम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में अपराध रजिस्टर का जायजा लिया। इसके बाद थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया से दर्ज मामले व उनमें की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने अपराध संबंधी अन्य अभिलेख पूर्ण व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके बाद कंप्यूटर कक्ष, कार्यालय, हवालात, मैस आदि का निरीक्षण कर थाने में स्वच्छता रखने के निर्देश दिए।

### विशाल अजगर देख ग्रामीणों में हड़कंप

**कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के नई बस्ती में शुक्रवार की शाम कुछ ग्रामीण गांव के करीब स्थित बाग में काम कर रहे थे। तभी विशालकाय अजगर देख उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। इस पर पहुंचे वनकर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर अजगर को काबू करके उसे पकड़कर साथ ले गए।

### 11 श्रमिक मुक्त कराकर बिजनौर भेजे

**कन्नौज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल के निर्देश पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव ने मार्का स्टार भट्ठा, ग्राम मियागंज में काम कर रहे 11 श्रमिकों व उनके परिवार के सदस्यों समेत 25 लोगों को बंधुआ श्रम से मुक्त कराया गया। बताया गया है कि सभी को उनके गृह जनपद बिजनौर के लिए रवाना किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों का कोई भुगतान शेष नहीं था।

# सड़क दुर्घटना में बुझा घर का इकलौता चिराग

## मातम में बदल गईं दीपावली पर्व की खुशियां

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** दीपावली की शाम मार्ग दुर्घटना में घर का इकलौता चिराग बुझ गया। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई।

कस्बा तालग्राम के मोहल्ला टीला निवासी विकास राठौर (24) पुत्र बीरेंद्र राठौर गुरुवार की शाम बाइक से चौखटा निवासी मित्र राजकुमार के साथ कन्नौज के ग्राम गुखरू निवासी अपने मामा के घर जा रहा था। जब उसकी बाइक तालग्राम तिर्वा मार्ग के सुजान सराय के ग्राम छौंछापुर के निकट पहुंची उसकी बाइक की दूसरी बाइक में टक्कर हो गई। इससे विकास राठौर और उसका मित्र राजकुमार व दूसरी बाइक में सवार दो लोग सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से तिर्वा के भीमराव रामजी मेडिकल कालेज भर्ती कराया। वही विकास राठौर की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक बाइक चालक विकास राठौर पांच बेटियों के बीच में इकलौता पुत्र था। इकलौते बेटे की मौत से दीपावली की खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कार की टक्कर से ककवन थाने का फाल्वर घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** फर्रुखाबाद के आईटीआई चौराहा निवासी जितेंद्र कुमार यादव (40) पुत्र सोबरन सिंह कानपुर देहात के ककवन थाना में फाल्वर है। शुक्रवार की शाम वह बाइक से घर लौट रहा था। तभी मवईया गांव तिराहा के पास कार के चालक ने तेज गति से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार जितेंद्र यादव घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है।

# ठेली पर लिटा महिला को अस्पताल ले जाने का वीडियो हुआ वायरल

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

- बुखार पीड़ित महिला की उपचार के दौरान हो गई मौत
- गुरसहायगंज किदवई नगर का मामला

**अमृत विचार।** बुखार से पीडित महिला की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। ठेली से महिला को ले जाते समय का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित एंबुलेंस सेवा पर सवालियां निशान लग रहे हैं।

नगर के मोहल्ला किदवईनगर निवासी आशमा बेगम (55) पत्नी आमीन को बीते दो दिनों से बुखार आ रहा था। बताया जा रहा है कि परिजन झोलाछाप से उसका उपचार करा रहे थे। शनिवार को सुबह उसकी हालत गंभीर हो गई। कोई सुविधा न होने के कारण परिजन ठेली पर महिला को लिटा कर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन महिला को ठेली पर अस्पताल ले जाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें महिला व उसके परिजन ठेली पर ले जाते दिख रहे हैं। मामले में स्वास्थ्य विभाग और एंबुलेंस सेवा पर आरोप लगाए जा रहे है। परिजनों ने बताया कि महिला के पति की मौत पहले ही हो चुकी है। उसके चार पुत्र है। मेहनत मजदूरी कर महिला परिवार को चला रही थी। महिला के पुत्रों ने 108 एंबुलेंस को फोन किया या नहीं इस की जानकारी नहीं हो सकी है। वहीं वायरल वीडियों की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।


ठेली पर लिटाकर महिला को ले जाता व्यक्ति। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बिना सुरक्षा के दूसरे दिन भी बिके पटाखे

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- प्रशासन ने कैरदा रोड पर लगवाया था आतिशबाजी का बाजार
- आसपास बने मकान मालिकों ने प्रशासन की अनदेखी पर जाहिर की नाराजगी

दीपोत्सव को भ्रमित होने पर लोगों ने दो दिन मनाया। दो दिन के त्योहार के चलते बाजार में दूसरे दिन भी रौनक रही। वहीं पटाखा की मांग बढ़ती देख दोपहर बाद दुकानदारों ने आतिशबाजी बाजार में फिर दुकानें सजा दी। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कोई बंदोबस्त न होने से लोगों ने नाराजगी जाहिर की।

तहसील मुख्यालय के पश्चिमी गेट के कैरदा रोड पर कई सालों से प्रशासन आतिशबाजी बाजार को लगाने की व्यवस्था करता है। आतिशबाजी की बढ़ती मांग व युवाओं में बढ़ रही बेरोजगारी को लेकर बाजार में पटाखा बिक्री की दुकानें भी हर साल बढ़ती जा रही है। इस बार बाजार में छोटी- बड़ी दुकानों की संख्या लगभग एक सैकड़ा से ज्यादा थी। दीपावली त्योहार मनाने को लेकर लोगों में संशय बना रहा। शहरी में इलाके में अधिकांश लोगों ने 31 अक्टूबर को दीपोत्सव मनाया। वहीं ग्रामीण अंचलों के कई गांवों के साथ ही शहरी इलाके के कई मोहल्लों में दिवाली का त्योहार 1 नवंबर को मनाया गया।

ऐसे में बाजार में त्योहार की रौनक दो दिन देखने को मिली। दूसरे दिन भी बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ती देख दुकानदारों ने मिठाई की दुकानें फिर सजा दी। ऐसा ही नजारा आतिशबाजी बाजार में भी देखने को मिला। यहां दुकानदारों ने बिना सुरक्षा के बीच खेत में दुकान लगा कर मानकों को ताक पर रख कर पटाखे बेचे। प्रशासन के इस दौरान कोई बंदोबस्त न होने से दुकानदारों व ग्राहकों के बीच खरीदारी को लेकर खूब तू-तू मैं-मैं होती रही। वहीं आसपास बने मकान मालिकों ने प्रशासन की अनदेखी पर नाराजगी जाहिर की।

## दबंगों ने कारीगर पर चाकुओं से किया हमला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** दुकानदार से विवाद के बाद दूसरे की दूकान पर काम करने की खुन्नस से दबंग किस्म के लोगों ने एक कारीगर पर चाकुओं से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शहर की काशीराम कालोनी के रहने वाले विक्की उर्फ गुड्डन बाथम कई साल शहर के ही रहने वाले एक कचौड़ी बनाने वाले दुकानदार के यहां काम करता है। यहां पैसों को लेकर विक्की का दुकानदार से विवाद हो गया। त्योहार पर भी पैसा न देने पर वह दूसरे की दुकान पर काम करने लगा। इससे खुन्नस गाये दुकानदार ने अपने बेटों के साथ मिलकर कारीगर पर चाकुओं से हमला कर दिया। इसमें वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।


कुसुमखोर में गो-पूजन करते सीडीओ रामकृपाल चौधरी, साथ में जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल व प्रमुख संदीप चतुर्वेदी। अमृत विचार


खैरनगर की कान्हा गोशाला में गोवंश पूजते एडीएम आशीष सिंह, साथ में तिर्वा चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता। अमृत विचार

# आश्रय स्थलों में पूजी गईं गो-माताएं, पहनाई फूलमालाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिलेभर के 175 आश्रय स्थलों में हुई गोवर्धन की पूजा-अर्चना
- जिलाधिकारी व सीडीओ समेत कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि पहुंचे

**अमृत विचार।** जिले के 175 गो आश्रय स्थलों में गोवर्धन पूजा परंपरागत तरीके से हुई। ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र के कुसुमखोर के आश्रय स्थल में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, सीवीओ डॉ. कर्णवीर सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी ने गोवंश को गुड़, चना व केला आदि खिलाया। साथ ही फूल-माला पहनाई।

अधिकारियों ने एडीओ पंचायत को निर्देश दिए कि भूसा गोदाम का विस्तार किया जाए।

ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र के अनौगी में भी सीडीओ ने गोवर्धन पूजा की। ब्लॉक तालग्राम क्षेत्र के रोहली में ब्लॉक प्रमुख राजीव सिंह, चौरा चांदपुर में सीवीओ, गंगागंज गुरौली में मंडल प्रभारी वीरेंद्र सिंह, डॉक्टर प्रदीप वर्मा, एडीओ पंचायत, एडीओ आईएसबी व गोशाला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूजन किया।

गोशाला शाहजहांपुर छिबरामऊ में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल, जसौरा ब्लॉक जलालाबाद में प्रधान सुधीर सिंह, मतौली में प्रधान वेद प्रकाश पाल ने गो-पूजन किया। कान्हा गोशाला खैरनगर में एडीएम आशीष सिंह, तिर्वा चेयरमैन मिताली गुप्ता के प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता व शिशुपाल सिंह चौहान, मिघौली छिबरामऊ में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकुमार, नगर पालिका छिबरामऊ में चेयरमैन मनोज दुबे व डिप्टी सीवीओ डॉ. नेम कुमार, घिलोई खास में प्रधान एवं प्रधानाचार्य, कुतुबपुर सौरिख में ब्लॉक प्रमुख नोडल अधिकारी डॉ. वेदव्रत गंगवार, बीडीओ निरंजन त्रिवेदी व पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मेहेर सिंह, गड़ियापाह में ब्लॉक प्रमुख व एसडीएम छिबरामऊ उमाकांत तिवारी ने गोवर्धन पर्व को मनाया।

सांत्वना | 2 साल पहले बागानों में सेब पेटी में भरने के दौरान हुआ था हमला, जिलाधिकारी ने जाने हाल

# आतंकी हमले में मारे गए श्रमिकों के परिजनों से मिले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दो साल पहले कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए दो श्रमिकों के घर पहुंचकर जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने उनके परिजनों से मुलाकात की। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया। दिवाली से पहले पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे डीएम ने त्योहार की सामग्री भी भेंट की।

थाना ठठिया क्षेत्र के फकरपुर बरेवा के मजरा दन्नापुर्वा निवासी 17 अक्टूबर 2022 को कश्मीर में 50 वर्षीय रामसागर और 40 साल के मुनीश की आतंकी हमले में मौत हो गई थी। डीएम ने कहा कि जो नहीं रहे उनकी कमी तो कोई पूरा नहीं कर सकता है लेकिन सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए जिला प्रशासन पूरी मदद करेगा। हालांकि दोनों श्रमिकों के परिवारों को दो-दो बीघा जमीन का पट्टा और 12-12 लाख रुपये की अर्थिक मदद की गई है।

दरअसल, कश्मीर में आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया था जिससे शोपियां में सेब के बागान में पेटी में सेब भराई का काम कर रहे दन्नापुर्वा निवासी रामसागर और मुनीश की मौत हो गई थी। कुल 30 श्रमिक वहां गए थे जिसमें 23 लोग वापस आ गए थे और सात लोग मजदूरी न मिलने के कारण वहीं रुक गए थे। इनमें रामसागर और मुनीश भी थे। इन मजदूर परिवारों की माली हालत ठीक नहीं थी।


दन्नापुर्वा में श्रमिकों के परिजनों से बात करते जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल। अमृत विचार

### परिवार में यह लोग बचे

रामसागर के पास एक बीघा खेत है जो गांव में पत्नी व दो बेटों के साथ रह रहा था। वह बेटों को अच्छी पढ़ाई कराना चाहता था। इसी तरह मुनीश की दो बेटियां व चार साल का बेटा है। बच्चों को बेहतर शिक्षा और परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए कश्मीर में सेब भराई का काम करने गए थे। इस दौरान एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार भी थे।

# विवाद के बाद बालक का रेता गला, मौत

संवाददाता रूरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिठमरा गांव में विवाद के बाद पड़ोस के दो युवकों ने बालक का धारदार हथियार से गला रेत दिया। जिला अस्पताल में डाक्टर ने उसे मृत बताया।

सिठमरा गांव के रहने वाले अनिल गांव की बाजार में मीट की दुकान चलाते हैं। दोपहर में उनका आठ वर्षीय पुत्र आर्यन दुकान से आने के बाद शाम घर के बाहर पटाखे चला रहा था। इसी दौरान विवाद के बाद मोहल्ले के रहने वाले युवकों ने किशोर का गला रेत दिया। मोहल्लों वाले आनन-फानन में बालक को जिला अस्पताल ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया है। माहौल बिगड़ने की आशंका से मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय, सीओ सदर तनु उपाध्याय, थानाध्यक्ष जेपी शर्मा समेत शिवली, रसूलाबाद थाने की पुलिस व पीएसी बल मौके पर पहुंच गया है। मौके पर जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति भी पहुंच गए है। पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है।


आर्यन।


मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ।

**आज का मौसम**

रविवार को अधिकांशत: मौसम साफ रहेगा।

32.0° अधिकतम तापमान | 18.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 17 | सूर्यास्त 05 : 31

## एक नजर

### प्रकाश का पर्व है दीपावली का त्योहार : प्रदेश सचिव राजू

**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश टेंट कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रकोष्ठ टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर्स के नगर अध्यक्ष राजू ने बहवलपुर स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा दीपावली का पर्व प्रकाश का त्यौहार है। इस अवसर पर उन्होंने कंबल एवं मिठाई का वितरण भी किया। इस दौरान पुरुषोत्तम ठेकेदार, कमल, काली सोफा, टोनी, विकास कुमार, प्रदीप कुमार, श्यामू, मिलन व शंभू आदि मौजूद रहे।

### बाइक चोरी में फरार आरोपी गिरफ्तार

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के नगला मुड़ियन गांव निवासी प्रशांत कुमार बैस पुत्र फूल सिंह बैस जमुनी डाड़ी गांव निवासी दोस्त रामनरेश पुत्र तुलाराम के साथ 27 अक्टूबर को बाइक से खड़िनी कस्बा में रात्रि कालीन रामलीला देखने गया था। तभी चोरों ने बाइक चोरी कर ली और घटना कैमरे में कैद हो गई। प्रशांत की तहरीर पर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को चौकी इंचार्ज संतोष कुमार चंदेल ने मुखबिर की सूचना से तरीन्द्र के पास से सकरावा थाना क्षेत्र के सरीफपुर गांव निवासी पवन पुत्र सोवरन, विक्रम पुत्र नरेश, एवं मुखड़ा गांव निवासी सचिन पुत्र कृष्णपाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बाइक चोरी की घटना कबूल कर ली।

### शव गांव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

**सौरिख, कन्नौज।** दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहे युवक को दीपावली के दिन नहाते समय करंट लगने से मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। खड़िनी चौकी क्षेत्र के ग्यासपुर गांव निवासी सुनील कुमार उर्फ छुन्नू पुत्र शिवराज सिंह चौहान दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। गुरुवार को दीपावली की पूजा करने से पहले बाथरूम में नहाने गया था। तभी करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। और दीपावली की खुशियां मातम में बदल गई। शुक्रवार को शव गांव पहुंचते ही गांव में मायूसी छा गई। गांव में हुई अप्रिय घटना से ग्रामीणों ने दीपावली पर पटाखे भी नहीं चलाएं। वही जानकारी मिलते ही गांव पहुंचे सपा नेता अश्वनी प्रताप सिंह उर्फ दीपू चौहान ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है।

### 28 तक होगा मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण

**कन्नौज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 अभियान 29 अक्टूबर से चल रहा है। 28 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम-पता सही कराने व गलत नाम कटाने के लिए फार्म-छह, सात और आठ भरे जाएंगे। आयोग ने नौ नवंबर, 10, 23 व 24 नवंबर को चार विशेष अभियान चलेंगे। अभियान के तहत बीएलओ बूथों पर वोटरलिस्ट के साथ मौजूद रहेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो लोग पहली जनवरी, 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र पूरी कर चुके हैं वह वोट जरूर बनवा लें, ताकि आगामी चुनाव में मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# पुलिस ने शासनादेश के विरुद्ध दर्ज की बीडीओ पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास हिमांशु कुमार के पत्र से मची खलबली
- मंत्री ने एफआईआर कराने व दोषियों को जेल भिजवाने की कही थी बात

**अमृत विचार।** खाता न बही... जो पुलिस करे वही सही। कुछ इसी मिजाज में कन्नौज पुलिस काम कर रही है। इन सबकी वजह से खाकी की अब खूब किरकरी हो रही है। भले ही बीडीओ पर एक मंत्री के दबाव में एफआईआर दर्ज हुई हो लेकिन अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास का वह पत्र अब खूब वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने इस केस को लेकर अपर मुख्य सचिव गृह विभाग के लिए शासनादेश का पालन न करने की बात लिखी है।

अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास विभाग हिमांशु कुमार ने 30 अक्टूबर को पत्र लिखकर अपर मुख्य सचिव गृह विभाग से कहा है कि सरकारी अधिकारियों/ कर्मचारियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराने से संबंधित कार्मिक विभाग के शासनादेश 19 जुलाई 2005 और 24 मई 2012 हैं। अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से बरती गई अनियमितता के प्रकाश में आने पर उसके खिलाफ अनुशासनिक/ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यदि उसमें उसकी आपराधिक भूमिका पाई जाती है तो आपराधिक कृत्य के लिए नियुक्त प्राधिकारी न्याय विभाग का मत प्राप्त करके अभियोजन की कार्रवाई करेंगे। अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास ने यह भी कहा है कि बीडीओ कन्नौज अमित सिंह पर दर्ज रिपोर्ट के मामले में शासनादेश का पालन नहीं हुआ है। सीधे एफआईआर ही दर्ज करा दी गई है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव गृह से कहा है कि जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल/ एसपी अमित आनंद को अपने स्तर से निर्देश भेजने का कष्ट करें कि वे एक राजपत्रित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के परिप्रेक्ष्य में सुसंगत शासनादेश का गंभीरता पूर्वक संज्ञान लें और दर्ज एफआईआर के परिप्रेक्ष्य में इस प्रकार की किसी कार्रवाई की स्थिति उत्पन्न न होने पाए जिससे आगे चलकर कानूनी कठिनाइयों व शासन के लिए असमंजसपूर्ण स्थिति बने।

**आयुक्त के जरिए मांगी रिपोर्ट:** शासन के पत्र की प्रतिलिपि ग्राम्य विकास आयुक्त को भी गई है। उनके लिए कहा गया है कि स्थानीय (कन्नौज) अधिकारियों से समन्वय कर प्रकरण के बारे में तथ्यात्मक आख्या शासन को शीघ्र उपलब्ध कराएं।

#### यह है मामला, मंत्री ने डीसी मनरेगा को भी दी थी हड़की

ब्लॉक प्रमुख कन्नौज रामू कठेरिया ने 27 अक्टूबर की रात में खंड विकास अधिकारी अमित सिंह, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जेई संतोष कुमार व लेखाकार योगेश शुक्ल के खिलाफ पांच लाख 59 हजार 318 रुपये गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रधान टिड़ियापुर कप्तान सिंह चौहान ने निर्माण स्थल प्राथमिक स्कूल खुरदइया में 12 लाख रुपये से बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र भवन के लिए खराब गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाया था। हालांकि मौके पर सेम ईंट भी मिली थीं। दूसरी ओर सदर विधायक/ समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण भी खुरदइया पहुंचे थे। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से कहा था कि दोषियों पर केस दर्ज होगा और आरोपी जेल जाएंगे। इसके बाद वह विकास खंड भी गए थे। उन्होंने सीडीओ राम कृपाल चौधरी की मौजूदगी में भी नाराजगी जताई थी। डीसी मनरेगा डीके यादव से कहा था कि सही तरीके से जांच करें वरना उनकी भी जांच की जाएगी। दोषियों को बचाया न जाए। उसी रात को बीडीओ समेत तीन लोगों पर ब्लॉक प्रमुख की ओर से रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।

# आग से जली महिला की उपचार के दौरान गई जान

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मजिस्ट्रेट ने लिये थे बयान परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया आरोप

**अमृत विचार।** मानीमऊ क्षेत्र में आग से जली महिला की उपचार के दौरान कानपुर में मौत हो गई। शव आने के बाद परिजनों ने ससुरालियों पर आग लगा कर जला देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कहा मजिस्ट्रेट के बयान लिये जा चुके हैं। फिर भी मामले की जांच कराई जायेगी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव उदैतापुर निवासी मनोज कुमार की 25 वर्षीय पत्नी राधा कुछ दिन पहले अफने घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान उस के साड़ी में आग लग गई। इससे वह गंभीर रुप से जल गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर में उपचार चल रहा था। इसी दौरान शुक्रवार की रात उस की मौत हो गई। जलने के बाद मजिस्ट्रेट ने पीड़िता के वयान दर्ज किये। अब मौत हो जाने के बाद शव को गांव लाया गया।

जहां परिजनों ने पुत्री के ससुरालियों पर आग से जला कर मार देने का आरोप लगाया। इसके बाद वह कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने मामले की जांच कराने की बात कही।

बेसमेंट में लगी आग ने पूरे मकान को लिया चपेट में, शहर के मोहल्ला छिपट्टी का मामला

# इत्र कारखाने में लगी आग से लाखों का हुआ नुकसान

**06** दमकल की गाड़ियों ने 3 घंटे बाद पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



इत्र कारखाने में आग लगने के बाद उठतीं लपटें व बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी।

**अमृत विचार।** शहर में इत्र कारखाने में लगी भीषण आग से लाखों रुपये का सुगंधित तेल आदि सामान नष्ट हो गया। जानकारी पर जिलाधिकारी, एसपी मौके पर पहुंचे और आसपास के मकान खाली कराए। छह दमकल गाड़ियों ने तीन घंटे के प्रयास बाद आग पर काबू पाया। तब तक करीब पचास लाख रुपये का इत्र व अन्य सामान जल कर नष्ट हो गया।

शहर के मोहल्ला छिपट्टी निवासी किशोर जैन की इत्र फैक्ट्री व मकान एक ही भवन में है। बेसमेंट में वह इत्र का कारोबार करते हैं जबकि ऊपरी मंजिल पर परिवार के साथ रहते हैं। रात में किसी समय मकान के बेसमेंट में आग लग गई। कुछ ही देर में ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। तेज लपटों के साथ मोहल्ले में धुएं का गुबार दिखा तो लोगों ने इसकी जानकारी उनको दी। इस पर वह परिवार के साथ सुरक्षित बाहर निकल आए। इसके बाद उन्होंने मोहल्ले के लोगों के साथ आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। इस पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस व दमकल को दी। इसके बाद दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंची पर सकरी गलियां होने से मौके पर नहीं पहुंच सकीं। इस पर लंबा पाइप डाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पूरा मकान तपने के कारण वहां पर पहुंचना मुश्किल हो रहा था। किसी तरह आग से बचाव के जूते पहन कर कर्मचारी बेसमेंट में पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इत्र बनाने में प्रयोग होने वाले तेल बहने से आग की लपटे तेज होती जा रहीं थी। दमकल टीम ने करीव तीन घंटे तक पानी की बौछार छोड़ी। इससे बेसमेंट में करीव तीन फुट पानी भर गया। पानी गर्म होने से कर्मचारी पानी में घुस नहीं सके। कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। उधर जानकारी होते ही जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसपी अमित आनन्द मौके पर पहुंचे। इत्र कारोबारी का कहना है कि आग से उसका करीब एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। जब पुलिस की कहना है कि आग से करीव पचास लाख रुपये का नुकसान हुआ।

#### आतिशबाजी की चिंगारी से लगी आग, नकदी समेत गृहस्थी हुई खाक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शुक्रवार की शाम आतिशबाजी की चिंगारी से घर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर घर में रखी नकदी समेत गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। कोतवाली के माधौनगर में देर शाम दीपावली के त्यौहार पर आतिशबाजी चल रही थी। उसी दौरान आतिशबाजी की चिंगारी नीटू सक्सेना के घर आ गिरी जिससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक आग की चपेट में आकर 5 हजार की नकदी समेत गृहस्थी का जरूरी सामान जलकर खाक हो गया।

## युवक का शव तालाब में उतराता मिला

**मानीमऊ, कन्नौज।** घर से निकले युवक का शव गांव के ही तालाब में उतराता मिला। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मोचीपुर निवासी हरिश्चंद्र (45) घसीटेलाल शुक्रवार को दोपहर के समय घर से निकला था। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोज की। इधर उधर जानकारी ली साथ ही पुलिस को सूचना दी। इस के बाद भी उस का कोई पता नहीं चल सका।

शनिवार को कुछ लोग गांव के तालाब के पास पहुंचे तो पाया कि तालाब में किसी का शव उतरा रहा है। इस पर गांव के लोग एकत्र हो गये। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला तो हरिश्चंद्र का होने की पुष्टि हुई। परिजन शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. रवि शर्मा ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर मानीमऊ चौकी प्रभारी शेखर सैनी पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## सार-संक्षेप



हादसा होने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### ट्रेन की चपेट में आने से डीसीएम चालक की मौत

**मानीमऊ, कन्नौज।** ट्रेन से कट कर डीसीएम चालक की मौत हो गई। दिल्ली से कानपुर जा रही हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन से मकदूमापुर गांव के सामने दुर्घटना हुई। घर से 100 मीटर की दूरी पर वह ट्रेन की चपेट में आ गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मकदूमापुर गांव निवासी मोहम्मद इरशाद (50) डीसीएम चालक था। शुक्रवार की दोपहर वह गांव के सामने रलवे ट्रैक पार कर रहा था। तभी हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में वह आ गया। इससे उसके शरीर के तीन टुकड़े हो गये। दुर्घटना देख गांव के लोग मौके पर पहुंच गये। दुर्घटना उसके मकान से 100 मीटर की दूरी पर हुई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मानीमऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया गया कि डीसीएम चालक की मौत से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। मृतक की दो बेटी व दो बेटे हैं।

### दो पक्षों में लाठी-डंडा चलने से 4 घायल

**सौरिख,कन्नौज।** शराब पीने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने से महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आठ पर रिपोर्ट दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। नादेमऊ चौकी क्षेत्र के उदारा गांव निवासी अनूप पुत्र राधेश्याम राठौर की गांव निवासी भूरा पुत्र अहिवरन सिंह राजपूत से शुक्रवार की शाम को शराब पीने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों से कई लोग आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी डंडा एवं धारदार हथियार चले। इसमें प्रथम पक्ष से अनूप पुत्र राधेश्याम, सुनीती, सुरीती, पुत्रीगण राधेश्याम जबकि द्वितीय पक्ष से कमलेश कुमारी पत्नी भूरा गंभीर रूप से घायल हो गए। राधेश्याम की तहरीर पर पुलिस ने भूरा पुत्र अहिवरन, लालू पुत्र बहादुर, पप्पू, प्रभु दयाल, बलवीर सिंह, पुत्रगण मन्नी, रमेश, हेमराज, पुत्रगण सोवरन एवं अहिवरन पुत्र सोनेलाल पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए घायलों को सीएचसी भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने हेमराज, लालू, पप्पू, रमेश, एवं प्रभु दयाल को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए एसडीएम कोर्ट पेश किया है।

### 1.46 करोड़ रुपये से प्रकाशमय हुई 418 नवदंपतियों की दिवाली

**कन्नौज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शारदीय नवरात्र में सात फेरे लेने व निकाह करने वाले 418 नवदंपत्तियों की दिवाली 1.46 करोड़ रुपये के बजट से मनी। त्योहार से पहले ही 35-35 हजार रुपये खातों में भेज दिया गया था, जिस वजह से वर-वधू का उत्साह प्रकाश पर्व में और बढ़ गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि शारदीय नवरात्र में जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र कन्नौज सदर, तिर्वा व छिबरामऊ में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह हुए थे। इसमें कुल 418 जोड़ों की शादियां व निकाह हुए थे। योजना के तहत एक जोड़े की शादी या निकाह पर कुल 51 हजार रुपये का बजट शासन से दिया जाता है। इसमें 10 हजार रुपये की सामग्री मौके पर दे दी जाती है। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह का कहना है कि छह हजार रुपये पंडाल, शादी व भोजन आदि का खर्च कट जाता है। शादी और निकाह के बाद 35-35 हजार रुपये वधू के खातों में भेज दिया जाता है। उन्होंने बताया कि दिवाली से पहले लाभ दे दिया गया जिससे नवदंपत्तियों की दिवाली भी अच्छी तरह से मनी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कुल एक करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपये से 418 कन्याओं को लाभान्वित किया गया है।



बैठक के दौरान चर्चा करते अतिथि। अमृत विचार

### बुद्ध विहार में बनेगा विश्व का सबसे विशाल अशोक स्तंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर से लगे ग्राम लक्षीराम नगला में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के आवास पर आयोजित बैठक में यहां के बुद्ध विहार में विश्व के सबसे विशाल अशोक स्तंभ के निर्माण की योजना पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे महासमता बुद्ध विहार संकिसा के भिक्षु चेतसिक बोधि ने कहा अशोक स्तंभ के निर्माण से इस क्षेत्र की आन बान शान बढ़ेगी। तथागत बुद्ध विहार, सम्राट अशोक चेरिटेबिल ट्रस्ट के संरक्षक ओमकार शाक्य ने कहा, अशोक स्तंभ बनाने के लिए मिर्जापुर के मूर्तिकार ने तकरीबन एक करोड रुपये का खर्चा बताया है। अत: सभी यथाशक्ति सहयोग प्रदान करें। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, हसेरन ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि पुष्पेंद्र शाक्य, पूर्व ब्लाक प्रमुख छिबरामऊ मदन सिंह शाक्य, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र शाक्य, गौरव शाक्य, राम प्रकाश शाक्य बड़े, जय जय चतुर्वेदी, जवाहरलाल शाक्य, प्रमोद यादव, पूर्व प्रधान रामचंद्र कुशवाहा, हसेरन के प्रधान रामचंद्र शाक्य, पूर्व प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद शाक्य, रमेश बाबू बौद्ध, शिव प्रताप शाक्य एडवोकेट व प्रबल शाक्य आदि मौजूद रहे।

### पटाखे की चिंगारी से पुआल के ढेर जले

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम तिसौली में पानी टंकी के पास मवेशियों को खिलाने के लिए किसानों के पुआल के ढेर लगे थे। शुक्रवार की देर शाम पटाखे की चिंगारी से गांव के समरपाल के पुआल में आग लग गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने पहुंची। तब तक गांव के राजपाल, रामदास, प्रेमचंद, किशोर सहित दस किसानों का पुआल जलकर राख हो गया। फायर बिग्रेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# पुलिस की पिटाई से 2 लोग घायल

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- एएसपी व सीओ ने थाने पहुंच कर शुरू की जांच
- मारपीट के आरोप में 5 लोगों को पकड़ कर लाई थी पुलिस



मामले की जानकारी लेते भाजपा नेता व पुलिस के अधिकारी।

**अमृत विचार।** दो पक्षों में हुए झगड़े में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। आरोप है कि पुलिस ने इनको पीटा भी जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भाजपा विधायक एवं नेताओं ने मामले की शिकायत एसपी से की। बाद में एएसपी एवं सीओ ने पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी।

नादेमऊ चौकी क्षेत्र के उदारा गांव में शुक्रवार रात को शराब पीने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई, जिसमें महिला समेत 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक पक्ष से आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की और रात में दबिश देकर नामजद प्रभु दयाल, रमेश, पप्पू, लालू, एवं हंसराज को गिरफ्तार किया। आरोप है कि पुलिस ने इन लोगों को थाने में जमकर पीटा। इसमें हंसराज एवं लालू के हाथों में चोटें आई हैं। शनिवार को जानकारी होने पर भाजपा विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने एसपी अमित कुमार आनंद समेत उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हुए जांच की मांग की। बिशुनगढ़ निवासी भाजपा नेता रामबक्स सिंह लोधी को तत्काल थाने भेज दिया। एसपी के निर्देश पर एएसपी अजय कुमार, सीओ ओंकारनाथ शर्मा मौके पर पहुंच गए और गांव पहुंचकर घटना के संबंध में पूछताछ की। भाजपा नेता रामबक्श लोधी ने कहा थाने में तैनात सिपाही ने लोगों के साथ बेरहमी से मारपीट की। सीओ ओंकारनाथ शर्मा ने बताया कि सिपाही पर लगे मारपीट के आरोप में तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर की टक्कर से कार सवार 6 लोग घायल

सम्वाददाता सौरिख, कन्नौज



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

**अमृत विचार।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कार को डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार 6 लोग घायल हो गए। घटना के उपरांत डंपर चालक बैरियर तोड़कर भाग गया। यूपीडा कर्मियों ने औरैया के बिधूना में पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

अमेठी जनपद के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के गंजमऊ गांव निवासी श्याम सुंदर पुत्र गणेश कुमार सिंह कार से दिल्ली से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे से घर जा रहा था। साथ में पिता गणेश कुमार सिंह, मां ऊषा देवी, पत्नी दीप्ति सिंह, बेटी अनन्या, एवं बेटा प्रनव भी था। गुरुवार रात को जैसे ही सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर 153 पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया। टक्कर मारने के उपरांत डंपर चालक टोल प्लाजा का बैरियर तोड़कर भागने लगा। इस पर यूपीडा सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने डंपर का पीछा कर औरैया के बिधूना में पकड़ लिया। जबकि चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया।

**जागरूकता** एसपी ने यातायात प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, यातायात माह शुरू, नियम तोड़ने वालों के काटे चालान

# यातायात के नियम बताने सड़क पर उतरे ‘यमराज’

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



बाइक चालक को हेलमेट बांटते एसपी अमित कुमार आनंद व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यातायात माह शुरू होने के मौके तिर्वा क्रासिंग से प्रचार वाहन को एसपी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान लोगों को यातायात सुरक्षा के महत्व व सड़कों पर सुरक्षित रूप से चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान यमराज का भेस धरे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहा जो लोगों को जागरूक करते दिखाई दिया।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत तिर्वा क्रासिंग से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर की। उन्होंने बताया कि पूरे माह जिले में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के पालन के लिए विशेष चेकिंग अभियान भी चलाए जाएंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जा सके। इस अवसर पर एक कलाकार ने यमराज का रूप धर बिना हेलमेट बाइक चला रहे लोगों को रोककर जागरूक किया। संदेश दिया कि यातायात नियमों की अनदेखी गंभीर परिणामों का कारण बन सकती है। बिना हेलमेट के बाइक चलाना न केवल कानूनी उल्लंघन है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है। एसपी ने दोपहिया वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट वितरित किये। जनता से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, और तेज गति से वाहन न चलाएं। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ. प्रियंका वाजपेई, यातायात प्रभारी आफाक खां, प्रतिसार निरीक्षक लाइन कन्नौज उपस्थित रहे।

## मंदिर से लौट रही महिला से दबंगों ने की छेड़खानी

**छिबरामऊ।** मंदिर से पूजा कर लौट रही महिला के साथ दबंग युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध पर कपड़े फाड़कर जान से मारने की धमकी दी। चीखपुकार सुन परिजनों के आने पर दबंग मौके से फरार हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला शुक्रवार को मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के ही भूरे, जसपाल, तुपाई पुत्र राजेश कठेरिया ने शराब के नशे में पकड़ कर अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर कपड़े फाड़ने और परिजनों को दलित एक्ट में फंसाने की धमकी दी। महिला की चीखपुकार सुन परिजन दौड़े तो आरोपी फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी सचिन कुमार सिंह ने बताया कि जांचकर कार्रवाई करेंगे।

# ज्वैलरी दुकान के ऊपर आग, एसी-बेड राख

## घर मे रखे तीन सिलेंडर को तत्काल बाहर निकाला गया, तत्परता से बड़ी दुर्घटना होने से बाल-बाल बची

संबाददाता कायमगंज

**अमृत विचार ।** बजरिया ठाकुर दास निवासी मोतीलाल, अभिषेक वर्मा की लाला मोती लाल दिवारी लाल सर्राफ के नाम से बजरिया में दुकान है। जहां दीपावली के दिन दुकान के ऊपर दूसरी मंजिल पर भी दीपक जलाए गए थे। अचानक दीपक से पर्दे में आग लग गयी और तेज लपटें निकलने लगी । जिससे बाजार में भगदड़ मच गई । मौके पर बिजली विभाग का लाइनमैन पप्पू मौजूद था। उसने तुरंत आग लगने के स्थान पर अपनी सीढ़ी लगाकर पहुंचा और खिड़की के शीशे तोड़कर कर विद्युत लाइन काटी।

आग लगने की जानकारी पुलिस को दी गयी। पुलिस ने आनन-फानन सूचना फायर बिग्रेड को दी। जिस पर आधे घण्टे बाद फायर बिग्रेड घटनास्थल पर पहुँची। तब तक मोहल्ले वालों ने घर में लगे समर्सेविल से आग पर काबू पा लिया। वहीं घर मे तीन सिलेंडर रखे हुए थे उन्हें बाहर निकाला गया। अगर आग विकराल रूप ले लेती तो इन सिलेंडर से बड़ा हादसा हो सकता था। अभिषेक वर्मा ने बताया कि दूसरी मंजिल में एसी और डबल बेड जलकर राख हो गया है। लगभग एक लाख का सामान जल गया है। वहीं मौके पर कोतवाली प्रभारी रामऔतार व कस्बा चौकी इंचार्ज नागेद्र सिंह पहुंचे।


सीढ़ी लगाकर दूसरी मंजिल पर आग बुझाने का प्रयास करते युवक। अमृत विचार

### आतिशबाजी की चिंगारी से कबाड़ दुकान में लगी आग

फर्रुखाबाद। आतिशबाजी की चिंगारी से कबाड़ दुकान में भीषण आग लग गयी। स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली। मौके पर पहुंची दमकल ने आग काबू पाया। थाना कादरी गेट के गंगा नगर कालोनी कबाड़े वाली गली निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र रमेश कबाड़ी की गोदाम में बीती रात अचानक आतिशबाजी की चिंगारी गिरने से आग लग गयी। जिससे हड़कम्प मच गया। सूचना पर पंहुची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। बताया गया कि लाखों का कबाड़ जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने मोहल्ले के भीतर कबाड़ की दुकान होने का विरोध किया । थाना प्रभारी आमोद कुमार ने भी बस्ती के भीतर कबाड़े की दुकान होने पर दुकान मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी ।


पटाखे से घायल अस्पताल में युवक इलाज कराता हुआ। अमृत विचार

## पटाखे चलाने के दौरान 8 लोग झुलसे

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** अलग अलग स्थानों पर दीपावली के पर्व पर जमकर नगरवासियों ने आतिशबाजी का लुफ्त उठाया। हालांकि इस आतिशबाजी ने 8 लोगों को गंभीर जला दिया। किसी का पैर जला तो किसी का चेहरा और हाथ।

क्षेत्र के गांव मंसूर नगर निवासी गुदनेश का 11 वर्षीय पुत्र कौशल रसीदाबाद निवासी संजय का 17 वर्षोय पुत्र शुशन दीक्षित, पितौरा निवासी राम (20) नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी अखिल (28) पटाखे चलाते समय बुरी तकह झुस गए। वहीं क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी गौरव (28) कम्पिल क्षेत्र के गांव कुंअरपुर निवासी कुशहाल का 7 वर्षीय पुत्र वैभव व नगर के मोहल्ला चिलौली निवासी गेंदन लाल का 18 वर्षोय पुत्र रोहित भी पटाखा फट जाने से जल गये। सभी के परिजनों ने उन्हें सीएचसी भर्ती कराया।

# सभ्रांत नागरिकों ने दो समुदायों के बीच टकराव की मंशा कर दी फेल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- दुकान का बोर्ड तोड़ने को लेकर उपजा था विवाद

**अमृत विचार।** नेहरू रोड स्थित सर्राफा की दुकान का शीशा तोड़ने के प्रयास के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से समाज के दो अराजकतत्वों ने फर्रुखाबाद नगर को सांप्रदायिकता की आग में झोकने का प्रयास किया। इस घटना के बाद तनातनी बढ़ने की संभावना को देखते हुए दोनों संप्रदाय के सभ्रांत नागरिकों ने मामले को रफा-.दफा करते हुए दोनों पक्षों को समझाकर शांत करा दिया। इससे माहौल खराब होने वालों के मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। हालांकि हिंदू महासभा ने घटना में हस्तक्षेप करने का प्रयास भी किया, लोगों ने शांति बनाए रखने की अपील की।

शहर के मुख्य बाजार नेहरू रोड पर हाजी आदिल ज्वेलर्स नाम से सर्राफा की दुकान है। जिसका संचालन नसीम अहमद निवासी तलैया साहब जागरान मऊ दरवाजा करते हैं । बीती रात किसी ने दुकान के बोर्ड तोड़ दिए। शनिवार को दोपहर सौरभ दुबे अल्पसंख्यक समाज के बारे में आपत्तिजनक बातें कहता हुआ दुकान के पास निकला तो उसे मना किया गया। जिस पर शराब के नशे में धुत सौरभ और उग्र हो गया। जिससे भीड़ लग गई। दुकान मालिक नसीम ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सौरभ को हिरासत में ले लिया। उधर घटना की जानकारी पर एलआईयू टीम भी वहां पहुंच गई। बात को बढ़ता देख पुलिस सौरव को लेकर कोतवाली ले आई। वहां पर नसीम ने बताया कि दोपहर में सौरभ ईंट लेकर दुकान के शीशे तोडन्ने आया था। रात में बोर्ड को शायद इसी ने तोड़े होंगे। घटना को लेकर अल्पसंख्यक समाज भी लामबंद होने लगे। हिंदूवादी संगठनों के बीच तनाव को देखते हुए सभ्रांत लोगों ने हस्तक्षेप किया और सभी को समझाया। नसीम से अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर दिलवाई और सौरभ के घर वालों को सूचना की और कहा कि उसे घर ले जाएं। इस तरह सभ्रांत लोगों के प्रयास से नगर में माहौल शांत हो गया।

## दो पक्षों में चली लाठी 5 लोग गंभीर घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खां भुड़ि निवासी विजय कुमार, सुधीर, संजय, शहेलजा व राजीव कुमार को पुलिस घायल अवस्था में मेडिकल व इलाज के लिए सीएचसी लाई।

जहां इलाज के दौरान प्रथम पक्ष से विजय कुमार ने बताया कि उसकी बहन लक्ष्मी नल पर पानी भरने गई थी। तभी गांव के दबंग युवक जो शराब के नशे में था। उसकी वहन पर कमेंट करने लगा। जब उसने विरोध किया तो वह गलियां देने लगा। जब गाली देने का विरोध किया तो लगभग 8 लोगों ने उसके घर पर चढाई कर और मारपीट कर घायल कर दिया। वही दूसरे पक्ष से संजय का कहना था कि उसके 5 हज़ार रूपये सुधीर पर उधार थे। त्योहार पर उसने मांगे तो वह गालियां देने लगा जब विरोध किया तो उसने व उसके परिवार बालों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वही ग्रामीणों का कहना था कि दोनों पक्षों से लाठी-डंडे व ईट पत्थर चले। पुलिस जांच कर रही है।











## सार-संक्षेप

### राजेपुर ब्लॉक प्रमुख ने विधायक के साथ किया गौपूजन

**फर्रुखाबाद।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर राजेपुर ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने अमृतपुर विधायक के साथ गौशाला पहुंचकर गौ पूजन किया। गायों को दिए जा रहे चारे के संबंध में भी जानकारी ली। बेहतर इंतजाम रखने के आदेश दिए। शनिवार को अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य के साथ ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर पल्लव सोमवंशी ब्लॉक क्षेत्र की खंडोली गौशाला पहुंचे। गोवर्धन पूजा के दौरान गायों को माला पहनाकर व गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही ब्लॉक प्रमुख ने गौशाला में मौजूद गायों के चारे एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। सभी गायों को हरा और ताजा चारा देने के आदेश दिए। ब्लॉक के अधिकारियों को पशु चिकित्सक से गायों का नियमित चिकित्सीय देखभाल कराने को भी निर्देशित किया।


गोवर्धन के अवसर पर राजेपुर ब्लॉक प्रमुख ने विधायक के साथ गौपूजन करते।


बुजुर्गों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित युवा, साथ में श्रम विभाग के रिजवान अली।

### बुजुर्गों की देखभाल के लिए 240 युवाओं को दी गई ट्रेनिंग

**फर्रुखाबाद।** भारत सरकार के प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में बुजुर्गों की देखभाल और सेवा के लिए संचालित 3 माह के पाठ्यक्रम के सफल 240 अभ्यर्थियों को श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैय्यद रिजवान अली ने प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को बुजुर्गों की देखभाल व सेवा करने के लिए प्रशिक्षित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं को देश-विदेश में नौकरियों के अनेकों अवसर प्राप्त हो सकेंगे। विशेष कर खाड़ी व पश्चिमी देशों में ऐसे प्रशिक्षित युवाओं की बहुत मांग है। खुर्शीद आलम खां, बिलाल अहमद, ज़ीशान अंसारी, हाफिज सलमान, शकील अहमद, खुशरू अहमद, फैसल हुसैन आदि रहे।

### रुपए के लेनदेन को लेकर प्रधान पति के साथ मारपीट

**अमृतपुर।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम के प्रधान पति के साथ कुछ लोगों ने दयानंद इंटर कॉलेज के मैदान के पास रास्ते मे रोककर मारपीट कर दी। प्रधान पति ने थाना अमृतपुर पहुंचकर शिकायत की। थाना पुलिस द्वारा प्रधान पति को घर तक छुड़वाया गया। आरोप है कि हमलावरों ने पुलिस के सामने भी प्रधान पति के साथ पुनः मारपीट कर दी। थाना पुलिस ने दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भंग मे चालान कर दिया। घटना क्षेत्र मे चर्चा का विषय रही। बताया जा रहा रुपए के लेनदेन को लेकर घटना हुई है।

## दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं से की मारपीट

**अमृतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम चपरा में मामूली विवाद के चलते दबंग लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ दाता राम के घर में घुस गये। दाता राम की पत्नी सुधा देवी व उनकी बहू आरती, पुत्री कीर्ति को मारपीटा। मामले की सूचना ग्रामीणों ने थाना पुलिस को फोन कर दी। उपनिरीक्षक जगवन पुलिस बल के साथ पहुंचे व जांच पड़ताल की।

दाताराम के पुत्र सत्येंद्र ने बताया कि मारपीट करने वाले बक्से से रूपये भी निकाल ले गये। मामले को लेकर चार दर्जन से ज्यादा ग्रामीण थाने पहुंचे और घेराव करने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि धारा 144 लागू है, भीड़ जमा करनें का मुकदमा दर्ज हो जाएगा। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन देकर गुस्साए ग्रामीणों को वापस भेजा।

# पति-पत्नी में झगड़ा, संदिग्ध हालात में पति की हो गई मौत

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर के बजरिया राधा कृष्ण में पति पत्नी में हो रहे विवाद के समय ही पति की अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे घर में मातम छा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की।

नगर के मोहल्ला बजरिया राधा कृष्ण निवासी सतीश चंद्र प्रजापति के 42 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक का अपनी पत्नी सरिता से विवाद होता रहता था। शुक्रवार को दोपहर फिर पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान विनोद कुमार दीवार से टकराते हुए जमीन पर जा गिरा। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। मृतक की पत्नी सरिता, मां जावित्री सहित सभी बेसुध हो गए। मृतक हलवाई का काम करता था। पत्नी सरिता ने बताया कि बीती रात से लगातार वह उसके साथ मारपीट कर रहा था। दोपहर के समय भी नशे में आकर उन्होंने मेरे साथ मारपीट की। किसी तरह बच कर वहां से भाग गई। थोड़ी देर बाद देखा तो वह दीवार से टकराकर जमीन पर पड़े दिखाई दिए। इसके बाद क्या हुआ मुझे नहीं मालूम। घटना स्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य के लिए नमूने लिए। वही मौके पर पहुंचे सीओ एवं कोतवाली प्रभारी के निर्देश पर कस्बा चौकी इंचार्ज नागेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नगर में धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पर्व

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर में गोवर्धन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। घमंडी कूंचा स्थित राधा माधव मन्दिर में गोवर्धन की प्रतिमा भूमि पर बनाई गई। मन्दिर के पुजारी आचार्य चिन्मय गोस्वामी ने प्रतिमा बनाने के बाद गोवर्धन की महिमा के बारे में बताया कि भगवान कृष्ण ने मेघों के राजा इंद्र का अहंकार तोडन्ने के लिए अपनी एक अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। आचार्य चिन्मय ने आरती उतार कर 56 प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया। लोगों ने भूमि पर बने गोवर्धन की परिक्रमा की। श्याम शक्ति मंदिर में भी गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। राधा कृष्ण गोपीनाथ मंदिर खतराना, कोतवालेशवर मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिर, राधा गोपाल ठाकुरद्वारा मंदिर घूमना बाजार, महाकाल मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर रस्तोगी मोहल्ला में भी गोवर्धन पर्व मनाया गया।


राधा माधव मन्दिर में गोवर्धन की प्रतिमा भूमि पर बनाई गई।

### आईएमए ने एमबीबीएस के मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**फर्रुखाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने जिले के उन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जो एमबीबीएस या जो चिकित्सा विज्ञान में परास्नातक कर रहे हैं। इस अवसर पर आईएमए के अध्यक्ष डॉ विपुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ एसपी सिंह, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव एवं डॉ सिम्मी अग्रवाल ने अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्हें जीवन में एक अच्छा इंसान व डॉक्टर बनने की प्रेरणा दी। सम्मान समारोह में डॉ प्रणाल अग्रवाल, डॉ सरल अग्रवाल, डॉ हर्षवर्धन शर्मा, डीआर प्रखर शर्मा, डॉ स्वाति मौर्य, डॉ सिमरन मौर्य, डॉ केशव जादौन और डॉ एकता शाक्य को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र दिया।

### यातायात जागरूकता रैली को सीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**फर्रुखाबाद।** यातायात माह के शुरू होते ही पुलिस लोगों को जागरूक करने में जुट गई है। इसी के तहत शनिवार को सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने पुलिस लाइन से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली ने नगर फर्रुखाबाद में फतेहगढ़ का भ्रमण किया और जगह-जगह पर वाहन चालकों, दुकानदारों और नागरिकों से मिलकर उन्हेंयातायात के नियमों के प्रति जागरूक रहने की बात कही। रैली को रवाना करते हुए सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने कहा कि प्रति वर्ष नवंबर माह में यातायात माह चलता है। जिसमें पूरे महीने भर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जाता है। यातायात के नियम पालन करने से घटनाएं कम होगी और सुचारू रूप से आवागमन उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि जरा सी असावधानी जानलेवा भी बन सकती है, इसलिए हमेशा सावधान रहकर ही वाहन चलाएं। रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर भ्रमण करने के बाद पुलिस लाइन में ही खत्म हुई। एआरटीओ सुभाष चंद्र राजपूत, यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।











गोवर्धन पूजा | सांसद मुकेश राजपूत, जिलाधिकारी डॉ . वीके सिंह, सीडीओ अरविंद मिश्रा पहुंचे बसेली गौशाला

# सांसद व अधिकारियों ने गौशाला में की पूजा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गोवर्धन पूजा के मौके पर सांसद मुकेश राजपूत ने जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह मुख्य विकास अधिकारी अरविंद मिश्रा के साथ गोवंश का पूजन किया। विकासखंड बढ़पुर की ग्राम पंचायत बसेली स्थित गौशाला में पहुंचकर विधिवत हवन-पूजन किया।

इस अवसर पर सांसद व सभी अधिकारियों ने गोवंशों को गुड़, चना, रोटी, केला और हरा चारा आदि खिलाया। गौशाला की नोडल अधिकारी तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने बताया कि वर्तमान में गौशाला में 126 गोवंश हैं। गौशाला में वर्मी कंपोस्ट का नियमित उत्पादन कर उसे हरे चारे को खेतों में डलवाया जा रहा है। जिससे भूमि की उर्वरता बढ़ाई जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में कार्यरत चार गोपालकों को मिष्ठान देकर उन्हें दीपावली की बधाई दी। जबकि मुख्य विकास अधिकारी ने नगद धनराशि देकर उनका प्रोत्साहन किया। जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित बीडीओ पंचायत सत्यनारायण सिंह को गौशाला के चारों ओर मजबूत फेंसिंग कराने के निर्देश दिए। इस पर एडीओ पंचायत ने बताया कि फेंसिंग का कार्य क्षेत्र पंचायत की कार्य योजना में शामिल कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने गौशाला से संबद्ध समस्त भूमि पर हरे चारे की बुवाई कराने के निर्देश दिए। सांसद मुकेश राजपूत ने आश्वासन दिया कि वह गौशाला की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, उप जिलाधिकारी रजनीकांत, पशु चिकित्सक अनुज दुबे, प्रधान पवन कुमारए सचिव, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।


सांसद मुकेश राजपूत ,जिलाधिकारी, सीडीओ गौशाला में हवन पूजन करते हुए।



## एक नजर

### जान से मारने की धमकी दी

**बकेवर, इटावा।** ग्राम महेवा में अज्ञात लोगों ने युवक को जान से मारने की धमकी दी। विमलेश कुमार निवासी बजरंगधाम पक्का बाग कालौनी इटावा ने बताया कि वह महेवा में अपनी मौसी के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। तभी गोपाल यादव निवासी इसमालीपुर बकेवर, आदेश निवासी यदुवंशनगर व गौरव यादव निवासी नगला पल्टू व चार पांच अज्ञात व्यक्ति बोलेरो में सवार होकर आये। आते ही मेरी मौसी की लडकी से अभद्रता करने लगे। मैंने इसका विरोध किया तो भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।

### छेड़खानी का मामला दर्ज

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग किशोरी की फोटो वायरल करने की धमकी देने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। किशोरी की मां ने रिपोर्ट में बताया कि नामजद युवकों ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसकी फोटो वायरल कर देने व जान से मारने की धमकियां दी गईं। गांव भेसान के रहने वाले तीन आरोपी सत्यम पाल पुत्र अखिलेश, मनीस पुत्र नामालूम, पुष्पेन्द्र पुत्र नामालूम के खिलाफ दी गई तहरीर के आधार पर पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश कर रही है।

### ई-रिक्शा पलटा युवक की मौत

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अतर्गत नुमायश के पास अचानक ई रिक्शा के पलटने से उसमें सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोहल्ला कटरा बल सिंह निवासी सूरज शंखवार 25 वर्ष पुत्र राजू टिर्री पर बैठकर जा रहा था तभी नुमायश मैदान के पास अचानक ई रिक्शा पलट गया जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### जली अवस्था में मिली बाइक

**महेवा, इटावा।** थाना बकेवर के दहियापुर मार्ग पर एक बाइक जली हुई अवस्था में मिली। चौकी महेवा पुलिस ने जांच पड़ताल की। ग्राम बम्होरा निवासी आनंद दोहरे के भांजे औरैया जनपद से दीवाली पर इस बाइक से आए थे। चर्चा के अनुसार वह दहियापुर मार्ग होकर शुक्रवार की रात जा रहे थे, बाइक में कुछ खराबी आने एवं जलकर राख होने की जानकारी मिली है।

### घायल युवक की मौत

**इटावा।** सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा उदी मोड़ के पास 28 अक्टूबर को रामकरन पुत्र जालिम सिंह (32) वर्ष निवासी नगला विशुन थाना बलरई जनपद इटावा किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायल रामकरन को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बढ़पुरा थाना पुलिस ने शव पंचायत नामा भरा।

### मंदिर में पुजारी के कमरे का ताला तोड़ कर चोरी

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र में गांव मदन पुरा मंदिर के पुजारी जिलेदार ने बताया है कि वह कुछ दिन पहले बाहर गए थे। शनिवार को वापस आए तो चोरी की घटना का पता चला। कमरे का ताला टूटा मिला व अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ था। चोर करीब 40 हजार रुपए की नकदी व अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर संदिग्धों की जानकारी की।

# रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आए 2 दोस्त, मौत

## इकदिल क्षेत्र के हिरनपुर गांव के थे निवासी, पसरा मातम

संवाददाता इकदिल, इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली-हावडा रेलवे लाइन पर गांव कुरट के सामने शुक्रवार सुबह रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आने से दो दोस्तों की मौत हो गई। उनके शव बुरी तरह से क्षति-विक्षित हो गए। खबर मिलते ही घरों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और चप्पलों के आधार पर शिनाख्त की। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

इकदिल क्षेत्र के गांव हिरनपुर के रहने वाले भूरे सिंह का 20 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार और इसी गांव के रहने वाले दसरथ सिंह का 16 साल का बेटा रंजीत कुमार दोनों आपस में दोस्त थे। शुक्रवार की सुबह दोनों शौचक्रिया के लिए घर से खेतों पर गये थे। वहां शौचक्रिया करने के


अनुज।


रंजीत कुमार।

बाद दोनों ट्रेन के पटरी पर मोबाइल से रील बनाने लगे तभी कानपुर से दिल्ली की ओर जाने वाली तेज रफ्तार चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस की चपेट में आने से दोनों की कटकर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी भीमसेन पोनिया पुलिस फोर्स व फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक अनुज के पिता भूरे ने बताया कि मृतक अहमदाबाद में कलर पुताई व पुट्टी का काम करता था। दीवाली त्योहार के चलते अभी दो दिन पहले घर आया था। मृतक तीन भाई और तीन बहनों में घर का मझला बेटा था। बहनों की शादी हो चुकी है। मां महा देवी और बहनों के साथ भाइयों का रो रोकर हाल बेहाल हैं। और मृतक रंजीत के पिता दसरथ ने बताया कि हम लोग अहमदाबाद में रहते थे कलर पुट्टी का काम करके परिवार को पालते हैं साथ में बेटा भी कलर पुट्टी का काम में हाथ बंटाता था।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की थम गईं सांसें

**इटावा।** फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुंदर पुर के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। उक्त गांव निवासी अनूप कुमार की पत्नी मालती देवी 57 वर्ष रेलवे लाइन पार कर रही थी तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## इटावा के देवांश यूपी के अंडर 19 में चयनित

**इटावा।** शहर के क्रिकेटर देवांश चतुर्वेदी का चयन कूच बिहार ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश की अंडर-19 टीम में हुआ है। कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 खिलाड़ियों के लिए इंडिया का फर्स्ट क्लास डोमेस्टिक टूर्नामेंट है। खास बात यह है कि इटावा से पिछले दो दशक से किसी भी बच्चे का इसमें चयन नहीं हो सका।

यहां शहर के मोहल्ला कुंज निवासी लेफ्ट आर्म स्पिनर देवांश चतुर्वेदी के चयनित होने पर खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। देवांश चतुर्वेदी को उसके बाबा राकेश कुमार चतुर्वेदी कुक्कू चौबे और पिता कपिल चतुर्वेदी के साथ ही इटावा स्टेडियम के कोच विजेंद्र ने क्रिकेट के प्रति रुझान बढ़ाया। प्रारंभिक प्रेरणा के सोत्रकोच नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सिंघानिया अकादमी में गए और फिर राष्ट्रीय स्टेडियम दिल्ली में कोच नरेन्द्र शर्मा और एमपी सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। देवांश के पिता कपिल चतुर्वेदी क्रिकेटर एवं दवा व्यवसाई तथा मां देवयानी चतुर्वेदी राजकीय शिक्षक हैं।

# खाद गोदाम में आग से 1 करोड़ की क्षति

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- फायर ब्रिगेड ने 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू
- पड़ोसी की छत पर जाकर परिवार ने बचाई जान

**अमृत विचार।** इनवर्टर में हुए शॉर्ट सर्किट से खाद बीज व दवा गोदाम में आग लग गई। 9 लोगों के परिवार ने पड़ोसी की छत पर कूदकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गृहस्वामी के मुताबिक 1 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो गया है।

शहर में कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस स्टैंड के पास देहाती बीज, खाद तथा दवा के थोक वितरक सतीश चंद्र कुशवाहा ने बताया कि गोदाम में रखे बिजली इनवर्टर में शॉर्ट सर्किट होने से शनिवार तड़के चार बजे आग लग गई। तेज धुआं के साथ आग की लपटें जब बाहर निकली तब आसपास के लोगों ने शोर मचाया तब हम लोग उठे तो देखा कि पास के ही कमरे से भी तेज धुआं निकल रहा है, नीचे गोदाम से आग की लपटें तीसरी मंजिल पर घर में आ रही थी। परिवार के नौ लोग पड़ोसी की छत पर कूदकर बाहर निकल पाए। सूचना फायर ब्रिगेड को दी मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक दमकल असहाय प्रतीत हुई तब चार और बुलाई गईं लगातार कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया गया। आग से सामान चेक बुक, नकदी, बही खाता, खाद, बीज आदि जल गईं। फायर ब्रिगेड अधिकारी उत्तम पटेल ने बताया कि छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### दीपावली की रात सब्जी की दुकान में लगी आग

**जसवंतनगर, इटावा।** दीपावली की रात में बस स्टैंड चौराहे पर एक सब्जी विक्रेता के दुकान में आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया तब सभी ने राहत महसूस की। पीड़ित दुकानदार थाना क्षेत्र में गांव निलोई के मुकेश शाक्य ने बताया कि गुरुवार दीपावली रात दस बजे हम दुकान से घर पहुंचे ही थे तभी दुकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया। बिजली शॉर्ट सर्किट से आग से दुकान के डेकोरेशन का संपूर्ण पीवीसी और सब्जियां जलकर राख हो गई जिससे हमारा करीब एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### आग से बाइक समेत 5 लाख का सामना जला

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के गांव कैस्त में पटाखे की चिंगारी ने एक घर में आग लग गई। आग लगने से घर में रखा टेंट डेकोरशन का सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया। उक्त गांव निवासी श्याम बीर दिवाकर डेकोरेशन टेंट आदि का काम करते है। दीपावली की रात को किसी के द्वारा चलाए गए पटाखे की चिंगारी टिनसेट में रखे सामान पर जा गिरी और उसमें आग लग गई। आग की लपटें उठने के बाद लोगों को इसकी जानकारी हुई। जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुचे और उन्होने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। लोगों ने अपने अपने समर सेविल चलाकर कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। पीडित ने बताया कि उसका करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# शुरू हुआ मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 9, 10 नवंबर को बूथों पर बैठेंगे बीएलओ

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षित करने का अभियान चलाया जाने लगा है। इसका पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया। इस अभियान के दौरान मतदाता सूची में संशोधन कराया जा सकता है, पात्रों के नाम शामिल कराए जा सकते हैं।

इस अभियान के दौरान कुछ विशेष तिथियां भी निर्धारित की गई है जिन पर बूथ पर बीएलओ बैठेंगे। सबसे पहले 9 नवंबर को सभी बूथों पर बीएलओ बैठेंगेयह अभियान एक महीने तक चलेगा। भारत निर्वाचन आयुक्त तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 रखी गई है। यह अभियान 29 अक्टूबर से शुरू होकर 28 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक रखी गई है। इस अवधि में प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर को किया जाएगा तथा निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। पदाविहील अधिकारी मतदान केन्द्र पर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगे। इस दौरान 4 दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा जब बूथ पर बीएलओ रहेंगे। 9 नवंबर, 10 नवंबर, 23 नवंबर, 24 दिसंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# बुजुर्गों के साथ मनाई जैन नव वर्ष की खुशियां

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** वीर विक्रम संवत 2551 जैन नव वर्ष की शुरुआत हुई। इस अवसर पर विश्व जैन संगठन के पदाधिकारी भर्थना स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचे और यहां रह रहे बुजुर्गों के बीच नव वर्ष की खुशियां मनाई। विश्व जैन सगंठन के अध्यक्ष आकाशदीप जैन बेटू के नेतृत्व में संग़ठन के सदस्यों ने वृद्धावस्था में रह रहे करीब 55 बुजुर्गों को भोजन, फल, मिठाई एवं दवा प्रदान कर उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित कर जैन नव वर्ष की शुरुआत कर विश्व शांति की कामना की। इस मौके पर जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर के सन्देश जिओ और जीने दो को बताया एवं उसका अनुशरण करने की शपथ दिलाई।

संग़ठन के अध्यक्ष आकाशदीप जैन ने बताया जैन नववर्ष दीपावली से अगले दिन शुरू होता है, मान्यता


वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों को भोजन, मिठाई, फल, दवा देने पहुंचे संगठन के अध्यक्ष आकाशदीप।

- वृद्धा आश्रम जाकर वृद्धों का किया सम्मान

के अनुसार भगवान महावीर स्वामी को दीपावली के दिन ही मोक्ष प्राप्ति हुई थी इसके अगले दिन ही जैन धर्म के अनुयायी नया साल मनाते हैं इसे वीर निर्वाण संवत कहते हैं वीर निर्वाण संवत (युग) एक कैलेंडर युग है जिसकी शुरुआत 15 अक्टूबर 527 ई.पू. से हुई थी। यह 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण का स्मरण करता है यह कालानुक्रमिक गणना की सबसे पुरानी प्रणाली में से एक है जो अभी भी भारत में उपयोग की जाती है। इस अवसर पर संग़ठन के महामंत्री राजीव जैन रपरिया, कोषाध्यक्ष मनोज जैन निवेश गुरु, गौरव कांत जैन, विशाल जैन, मयंक जैन, विकास जैन पिंसू, सुनील जैन, सेतू जैन, उदित हैं,अर्पित जैन, शेखर जैन, नितिन जैन, हर्षित जैन आदि मौजूद रहे।

# माता लक्ष्मी से मांगा सौभाग्य

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा जनपद में ज्योति पर्व दीपावली धूमधाम से मनाई गई। हर घर में खुशियों के दीप जलाए गए। सुख-समृद्धि के लिए मां लक्ष्मी व गणेश की पूजा की गई। मंदिरों से लेकर घरों तक दीप जलने से क्षेत्र में एक अद्भुत रोशनी का नजारा दिखाई दिया। देर रात तक लोग एक-दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं देते रहे। जबकि पटाखों की गूंज भी वातावरण में छाई रही। मां लक्ष्मी व प्रभु गणेश की पूजा के बाद लोग अपने घरों को दीपों से रोशन करते रहे। चकरनगर क्षेत्र के ग्राम रीतौर कि मड़ैया स्थित देवी मन्दिर परिसर में 11 हजार दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर में जल रहे दीप आकर्षण का केंद्र लग रहे थे। शाम ढलते ही सरसों तेल से 11 हजार दीप जलाए गए, जिसकी भीनी-भीनी सोंधी खुशबू परिसर को महका रही थी। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक सम्राट सिंह चौहान,अमन परिहार, मोनू, प्रेम आशीष, जग्गू, मनोज, अतेंद्र बघेल आदि मौजूद रहे।


रीतौर की मड़ैया में दीप जलाते श्रद्धालु। अमृत विचार

- जगमग रोशनी कर मनाई दीपावली जमकर की गई आतिशबाजी

# वैन की टक्कर से घायल हुए छात्र ने तोड़ा दम

- टक्कर मारकर फरार हो गया वैन सवार

**भरथना, इटावा।** थाना क्षेत्र में पाली भरथना मार्ग पर देर शाम एक तेज रफ्तार ओमनी वेन ने साइकिल सवार छात्र को टक्कर मार दी। गंभीर घायल छात्र को सैफई रेफर किया गया वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दी। जानकारी होने पर मृतक के घर में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र में गांव घमुरिया में रहने वाले राजवीर पाल का 16 वर्षीय बेटा कौशलपाल कक्षा 10 का छात्र था जो गांव में छोटी सी परचून की दुकान किए हुए है। वह नगर में बाजार करके देर शाम दुकान का सामान लेकर गांव वापस जा रहा था तभी भरथना पाली मार्ग पर ओमनी वैन सवार ने टक्कर मारकर फरार हो गए। राहगीरों ने काफी शोर मचाया लेकिन वे रुके नहीं। कौशल गंभीर रूप से घायल होकर छटपटाने लगा, गांव पास होने से परिजन आ गए जो भरथना में एक निजी हॉस्पिटल ले गए लेकिन सीएचसी भेज दिया। गंभीर स्थिति के चलते उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां देर रात डेढ़ बजे इलाज के दौरान उसकी मौत गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## सार-संक्षेप

### स्कूली बच्चों ने बताया सड़क सुरक्षा का महत्व

**संवाददाता इटावा।** एसएसपी ने शनिवार को पुलिस लाइन में फीता काटकर यातायात माह की शुरुआत की। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को भी रवाना किया। यातायात माह की शुरुआत के अवसर पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सभी पुलिस कर्मियों एवं उपस्थित नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गयी। एसएसपी ने बताया कि हादसों में मृत्यु दर बढ़ रही है। इसको रोकने के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। दो पहिया वाहन चालक हैलमेट लगाकर और चार पहिया चालक सेफ्टी बैल्ट लगाकर वाहन ड्राइव करें। वाहन को उचित स्थान पर पार्क करे और वाहन संबंधी सभी पेपर साथ रखे। टैम्पों चालक ओवर लोड सवारियां न भरें। वाहन को तेज गति और शराब पीकर न चलायें साथ ही बताया कि यातायात माह मनाने का उद्देश्य जनता में जागरूकता पैदा करना है। इस पूरे माह में जनसाधारण तथा स्कूल के बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी तथा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जायेगी। जिले में जो भी व्यक्ति यातायात नियमो का उल्लंघन करेगा उनके विरुद्ध एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। इसी दौरान सभी अधिकारियों में परिवहन शाखा द्वारा लगाए गये यातायात उपकरण स्टॉल का भ्रमण किया गया तथा उनके प्रयोग किये जाने विषय में जानकारी ली। उन्होंने यातायात उपकरणों का अधिक से अधिक के प्रयोग किये जाने के यातायात पुलिस को निर्देश दियें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीसत्यापाल सिंह, एएसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एसपी क्राइम सुबोध गौतम, एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह समेत सभी सीओ, एसओ व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पित्रा-पुत्र ने युवक को पीटा

**बकेवर, इटावा।** कस्बा बकेवर के मुहाल लोहियानगर में युवक को पिता-पुत्र ने सड़क पर घसीटकर बेरहमी से पीट दिया। लोहियानगर निवासी भूरी देवी पत्नी स्व कल्लू ने बकेवर थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि बेटे रंजीत सिंह को मुहल्ले के ही सर्वेश कुमार राजपूत व उनके पुत्र नितिन ने एक राय होकर घर के बाहर घसीटकर ले गए। जमकर मारा जिससे वह बुरी तरह गम्भीर रूप से घायल हो गया। ज पुलिस ने आरोपी पिता पुत्रके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके घायल को उपचार के लिए भेज दिया।

### जुआ खेलते 8 गिरफ्तार, 32 हजार रुपये बरामद

**बकेवर, इटावा।** मोहल्ला महेश्वरी मुहाल में जुआ खेल रहे 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिनके पास से 32 हजार रुपये बरामद करते हुए मुकदमा दर्ज किया। लखना चौकी इंचार्ज मनीष कुमार ने बताया कि एक गेस्ट हाउस के पास जुए के फड़ की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ घेराबन्दी करके 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। नाम पता पूछने पर उन्होंने क्रमशः अपने नाम उत्तम सिंह यादव निवासी ग्राम करौंधी, वीरु दोहरे निवासी पक्का तालाब लखना, प्रेम चन्द्र निवासी कालिका मुहाल लखना, फिरदौस खां निवासी गंज मुहाल लखना, विशाल सोनी निवासी मानखां मुहाल लखना, निशांत कहारान मुहाल लखना, अवनीश सोनी निवासी पुरावली दरवाजा, जितेन्द्र सोनी निवासी मानखां मुहाल लखना बताये हैं। चौकी इंचार्ज ने आठों के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### चोर ने दुकान में की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**भरथना, इटावा।** दीपावली त्योहार पर भीड़भाड़ वाले इलाके में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोर मुहल्ला तिलक रोड स्थित एक जनरल स्टोर की दुकान से करीब साढ़े सात हजार का सामान ले गए। घटना सीसीटीवी में कैद हुई। दुकानदार आशुतोष मिश्रा निवासी कल्यान नगर ने बताया कि उसकी कस्बा के तिलक रोड पर मिश्रा जनरल स्टोर नाम की दुकान है। उसमें से सामान चोरी हो गया। समीप लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा गया ,तो घटना की सही जानकारी हो सकी। फुटेज से स्पष्ट हुआ कि मिट्टी के दीपक बिक्री कर रहे अपने अन्य साथी के हाथठेला पर चोरी किये अण्डरबियर के डिब्बे रख दिये और चोर मुख्य चौराहा की ओर चला गया।

### गोवंश से टकराई बाइक, ससुर-दामाद घायल

**भरथना, इटावा।** बाइक सवार ससुर-दामाद हाईवे पर अचानक निकले गौवंश से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों के सहयोग से इलाज के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल राघवेंद्र यादव निवासी ग्राम नगला भगू थाना ऊसराहार ने बताया कि वह हरियाणा में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। दीपावली के पर्व पर अपने बच्चों के साथ त्यौहार मनाने के लिए हरियाणा से इटावा पहुंचा था। जहां से ससुर अखिलेश यादव निवासी कृष्णा नगर भरथना उसे अपनी बाइक से लेकर भरथना आ रहे थे। कन्नौज-इटावा हाईवे स्थित ग्राम सीहपुरा होली पॉइंट एकेडमी स्कूल और प्रदीप फिलिंग के समीप गौवंश हाईवे पर निकल पड़ा। जिससे उनकी बाइक टकराकर बुरी तरह दुर्घटना ग्रस्त हो गई और वे दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए।

### पत्रकार हत्याकांड की निंदा

**महेवा, इटावा।** फतेहरपुर में पत्रकार दिलीप सैनी की हत्या तथा हमीरपुर में दो पत्रकारों की पिटाई के विरोध में महेवा प्रेस क्लब कार्यालय में स्थानीय पत्रकारों ने बैठक की। मृतक पत्रकार की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की। महेवा प्रेस क्लब अध्यक्ष राना प्रताप सिंह चौहान ने पत्रकार दिलीप सैनी की हत्या पर शोक प्रकट करते हुए हत्यारों के प्रति कार्यवाही करने सहित मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग मुख्य मंत्री से की है। हमीरपुर जनपद की सरीला नगर पंचायत के अध्यक्ष द्वारा दो पत्रकारों के साथ अभद्रता पूर्वक मारपीट करने पर रोष प्रकट करते हुए वहां के जिला प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक कमलेश अग्निहोत्री , सुभाष चंद्र पाठक सहित पत्रकार वीरेंद्र पोरवाल , राजू दुबे , मनीष दीक्षित ,मनोज भदौरिया ,रविंद्र चौहान ,पुष्पेंद्र कुमार सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

### पुलिस ने गरीबों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

**महेवा, इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी बकेवर राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गश्त कर रहे चौकी प्रभारी महेवा जगदीश सिंह भाटी एवं हमराह फोर्स ने कस्बा महेवा एवं आसपास के क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब एवं निसहाय लोगों को मिठाई ,फुलझड़ी, मोमबत्ती आदि का वितरण कर गरीबों के चेहरों पर भी मुस्कान ला दी। युवा समाज सेवी पंकज मिश्रा ने क्षेत्र में घूमकर गरीबों को मिष्ठान, मोमबत्ती आदि वितरित की तथा क्षेत्रीय मीडिया कर्मियों का भी सम्मान किया ।वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथुन पांडेय , पूर्व प्रधान प्रतिनिधि अन्नू पाल आदि ने बधाई दी।

कार्यक्रम

## श्रीराधाबल्लभ लाल महाराज का किया मनमोहक श्रृंगार

# छैराहा में हर्षोल्लास से मनाया गया अन्नकूट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** छैराहा स्थित श्री धाम वृन्दावन राधा वल्लभ मंदिर में गोवर्धन पूजा (अन्नकूट उत्सव) शनिवार को श्रद्धाभाव के साथ परम्परागत ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर गोबर से बनाए गए गोवर्धन महाराज के विग्रह की विशेष पूजा अर्चना की गई और छप्पन भोग भी लगाया गया। अन्नकूट के मौके पर श्रीराधा वल्लभ लाल महाराज का मनमोहक श्रृंगार भी किया गया। मंदिर में भजन कीर्तन की धूम रही। मंदिर को फूलों व बिजली की रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था।

अन्नकूट के त्योहार पर ठाकुर जी के चरण सेबक गोपाल प्रकाश चंद्र गोस्वामी ने सुबह राधावल्लभ लाल महाराज, राधारानी, श्री लालजू का विशेष पूजन अर्चन कर आकर्षक श्रृंगार किया। इसके बाद मंदिर परिसर में गोबर से प्रभु गोवर्धन का भव्य विग्रह बनाया गया और विग्रह का विभिन्न प्रकार की सब्जियों, फल, फूल, मेवा आदि से श्रृंगार किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गोवर्धन महाराज का पूजन अर्चन निर्मला गोस्वामी, गोपाल प्रकाश चंद्र गोस्वामी, चन्द्र प्रकाश गोस्वामी, अमित गोस्वामी ,उमेश तिवारी , प्रथम शर्मा, अंश और वंश गोस्वामी ने किया और प्रभु गोवर्धन महाराज को विभिन्न प्रकार के भोग व दूध अर्पित किया।


श्रृंगारित प्रभु की प्रतिमा।


मंदिर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### गिरिराज प्रभु की परिक्रमा करने से पूरे होते हैं मनोरथ

मंदिर के चरण सेवक गोपाल प्रकाश चंद्र गोस्वामी ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए कहा कि इस कलयुग में प्रभु गिरिराज धरण व गौ पूजा विशेष फलदायी है। गिरिराज प्रभु की परिक्रमा करने से भक्तों के सभी मनोरथ पूरे होते हैं। इसलिए सभी लोगों को कम से कम एक बार गिरिराजधरण की परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने बताया द्वापर युग में प्रभु श्रीकृष्ण ने इंद्र देव के घमंड को तोड़कर उनके प्रकोप से समस्त गोकुलवासियों की रक्षा की थी। हालांकि इसके बाद इंद्र को अपने किए पर पश्चात भी हुआ और उन्होंने प्रभु श्रीकृष्ण से इसके लिए माफी भी मांगी थी।

# आतिशबाजी करने के विवाद में 8 घायल

जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** दीपावली की रात आतिशबाजी जलाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

थाना में इसी क्षेत्र में गांव जनकपुर के रहने वाले रनवीर ने दी तहरीर में कहा है कि गुरुवार दीपावली रात 10 बजे गांव के ही दिनेश उसका भाई जितेंद्र व ऋषि, सनी व अनीत, प्रियांश, अजय, सीमा पत्नी दिनेश, श्रीकांती पत्नी ऋषी, रुचि पत्नी जितेंद्र, सिनाला पुत्री दिनेश, राहुल व नितिन लाठी, डंडा, ईंट के अद्धा, फावड़ा आदि लेकर आए, गाली गलौज करते हुए हम लोगों को मारा पीटा जिससे हम लोगों में छोटू, नीलेश, देवी, राजेंद्री पंकज, तुखरानी और गर्भवती सोनम को डंडे से मारपीट करने के बाद पेट में लात मारी गई है जिससे उसको गम्भीर चोटें आई हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### युवक के साथ की मारपीट

**बकेवर, इटावा।** ग्राम बिजौली में घर के बाहर पटाखा फोड़ रहे दो भाइयों के साथ मारपीट कर दी। ग्राम निवासी राकेश राजपूत ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दीपावली की रात दो बेटे शिवम व आशू घर के बाहर बने प्रधान ढाबा के पास पटाखे जला रहे थे। तभी आदेश, टीटू, टैनी निवासीगण ग्राम ललितपुर, समीर निवासी गुलाबपुरा, बदलू निवासी रतनपुर, छोटू निवासी कीरतपुर आये और गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट का वीडियो भी बनाया गया है।

# जुए के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

## आक्रोशित लोगों ने किया हंगामा, मौके पर पहुंचे एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नरोत्तमपुर में जुए की फड़ में हार जीत को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते एक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद आक्रोशित लोगों की भीड़ हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़ गई।

गुरुवार देर रात लगे एक फड़ पर जुआ खेला जा रहा था। इसी बीच हार जीत को लेकर आपस में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि एक दूसरे के बीच गाली गलौज और मारपीट शुरू हो गई। तभी अनिल पाल ने तमंचे से फायर कर दिया, जिससे सुधीर दोहरे 38 वर्ष के सीने में गोली लग गई। इससे पहले कि वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते सुधीर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी होते ही सीओ महेंद्र कुमार व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच घटनास्थल पर गांव के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लेने का प्रयास किया तो इस पर मौजूद लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। आक्रोशित लोग हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़ गए। जानकारी होते ही अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्र भी मौके पर पहुंच गए। वहीं एसपी अभिजित आर शंकर ने घटना स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों को शांत कराया।

एसपी अभिजित आर शंकर ने बताया कि गुरुवार की देर रात नरोत्तमपुर गांव में जुआ खेलने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया था, जिसमें गांव के ही अनिल पाल ने सुधीर दोहरे को गोली मार दी थी, जिससे सुधीर की मौके पर ही मौत हो गई। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें लगा दी है आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


मौके पर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

### मारपीट में 6 लोग हुए घायल, मुकदमा दर्ज

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किसी बात को लेकर दो अलग अलग मोहल्ले के युवाओं के बीच कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में एक पक्ष की ओर से आए युवकों ने मारपीट शुरू कर दी, जिससे दूसरे पक्ष के 6 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव उजीतीपुर निवासी 4 युवक कस्बे के बाबा पुरवा निवासी दो दोस्तों के साथ शुक्रवार शाम गांव के बाहर खेतों में खाना बना रहे थे। इसी बीच कस्बे के ही मोहल्ला ताहरपुर निवासी 4 युवक वहां पहुंचे और खाने पीने को लेकर गाली गलौज करते हुए झगड़े पर उतारू हो गए। आवाजें सुनकर ताहरपुर मोहल्ले से दस से अधिक युवक लाठी डंडे सरिया लेकर वहां पहुंच गए और उजीतीपुर के युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से उजीतीपुर निवासी, अभिलाख सिंह, हरीशचंद्र, वीरसिंह, करन, अनिल, अनुज उर्फ टिंकल के गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को अस्पताल ले गई जहां डाक्टरों ने अनिल और करन को सौ शैय्या रेफर कर दिया। घायल अभिलाख सिंह की पत्नी प्रीति ने पुलिस को ताहरपुर निवासी लवकुश, सनी और कल्लू के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# युवक पर चाकू से किया हमला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अटसू चौकी अंतर्गत कस्बा अटसू में शराब के नशे में हुए विवाद के चलते एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन हालत नाजुक होने पर उसे वहां से सैफई रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। जिनमें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।


मोहित तिवारी।

गुरुवार की शाम कस्बा अटसू निवासी मोहित तिवारी उम्र 22 वर्ष दीपावली के दिन देर शाम अटसू बाजार से अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में नगर पंचायत शौचालय के पास कुछ लोग शराब पी रहे थे। मोहित को देखते ही वहां बैठे सचिन पुत्र प्रेम दोहरे और प्रेम दोहरे पुत्र श्रीराम दोहरे व सीटू पोरवाल उक्त तीनों लोगों ने गाली देनी शुरू कर दी। मोहित के द्वारा गालियां देने से मना करने पर तीनों लोगों ने जान से मारने की नियत से मोहित पर चाकू से कई प्रहार कर दिए जिससे वह घायल होकर गिर गया। जानकारी पर पहुंचे परिवारीजनों ने सीएचसी अजीतमल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने मोहित की गंभीर हालत को देखते हुए चिचौली हॉस्पिटल रेफर कर दिया। चिचौली से डाक्टरों ने सैफई हॉस्पिटल रेफर कर दिया। सैफई अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रात्रि में हुई सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ अजीतमल अशोक कुमार एवं कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने परिजनों से बात की तथा परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तीन नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

● **इलाज के दौरान हुई मौत, 2 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार**

अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा ने बताया कि रात्रि में आपसी विवाद के चलते एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया गया था जिसकी इलाज के दौरान सैफई में मौत हो गई है। वहीं मृतक के चाचा प्रेम कृष्ण तिवारी द्वारा तीन लोगों के खिलाफ दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि एक अभियुक्त सीटू पोरवाल को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि दूसरे अभियुक्त सचिन दोहरे को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। वहीं तीसरे अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की टीमें दबिश दे रही है।

# बाजार से सामान लेने निकले युवक का शव बंबे में मिला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● **युवक की बाइक बंबे के पास खड़ी मिली**

**अमृत विचार।** अजीतमल क्षेत्र के ग्राम भीखेपुर के पास जैनपुर खाकी बंबा पर शनिवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। जानकारी होने पर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की शाम को बाजार जाने की बात कहकर निकले थे तब से सभी लोग तलाश कर रहे थे।


अजय।

जैनपुर भीखेपुर निवासी 27 वर्षीय अजय कुमार पुत्र शुक्रवार शाम करीब चार बजे बाजार से चीनी लेने की बात कहकर घर से बाइक से निकला था। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। शनिवार की सुबह बंबा में एक युवक का शव उतराता हुआ मिला तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव बाहर निकाला और पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी। बंबे के पास में ही युवक बाइक भी खड़ी मिली। मृतक अजय की शादी इसी साल फरवरी में तान्या के साथ हुई थी। जीजा के बुलाने पर अजय उसके घर गया था। कोतवाल राजकुमार का कहना है कि सुबह बहन के घर से आते समय यह बंबा के किनारे शौच करने लगा और पैर फिसलने से मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा, अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है।


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को ब्लाक चौराहा के निकट तेज गति से आ रही कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक में सवार 3 युवक दूर जाकर गिरे। घटना होने ही चालक कार छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी गुड्डू पांडेय, मोहित कुमार, जय प्रकाश बाइक से बाजार करके गांव जा रहे थे। तभी ब्लाक चौराहा पर सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार तीनों युवक दूर जाकर गिरे। आसपास के लोगों ने दौड़कर उन्हें उठाया। इस बीच कार चालक को रोकने पर वह कार छोड़कर फरार हो गया।

तीनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। डॉक्टर गौरव कुमार ने प्राथमिक उपचार बाद गंभीर हालत में पीजीआई सैफई रेफर कर दिया।

### एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बा के हरीगंज बाजार-फफूंद मार्ग पर गुरुवार की एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिस कारण रोड पर वाहनों का जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाते हुए दोनों वाहनों को थाना परिसर में खड़ा करा दिया। घायल बाइक सवार को उपचार हेतु इटावा भेजा गया है। क्षेत्र के गांव दिवरिया निवासी गोलू शर्मा कस्बा से बाजार करके गांव जा रहे थे तभी अटसू मार्ग की तरफ से आ रही एंबुलेंस ने ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने बाइक सवार गोलू दूर जा गिरे। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया जिस कारण फफूंद मार्ग पर 40 मिनट तक जाम लगा रहा। कस्बा प्रभारी अनिलेश कुमार ने फोर्स के साथ पंहुचकर जाम को खुलवाते हुए बाइक और एंबुलेंस को थाना में खड़ा करा दिया। गोलू शर्मा को अधिक चोट आने से व हाथ में फ्रैक्चर होने के चलते स्वजन सीधे इटावा उपचार के लिए ले गए है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## प्रेमिका के फांसी लगाने पर प्रेमी ने खाया जहर, भर्ती

**अजीतमल, औरैया।** प्रेमी- प्रेमिका में किसी बात को लेकर बहस हो गई। उसके बाद प्रेमिका ने फांसी लगाकर जान दे दी वहीं प्रेमिका की मौत जानकारी मिलते ही प्रेमी ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को जैसे ही पता चला तो वह उसे अस्पताल ले गए जहां उसका उपचार चल रहा है। प्रेमी प्रेमिका के घर आमने सामने ही हैं। परिजन शादी के लिये तैयार नहीं थे।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव सोनासी निवासी किशोरी 17 वर्षीय डॉली का घर के सामने रहने वाले संदीप से पिछले कुछ दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच मामला शादी तक जा पहुंचा। लेकिन परिजनों ने किसी भी सूरत पर शादी करने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों में बहस हो गई। शुक्रवार की रात डॉली ने फांसी लगाकर जान दे दी। जैसे ही संदीप को डॉली की मौत की खबर मिली तो उसने भी रात में ही जहर खा लिया। जानकारी पर परिजन उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसका इलाज किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने डॉली के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


अछल्दा में लगे भीषण जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

# भैया दूज के चलते लगा भीषण जाम

संवाददाता अछल्दा, औरैया

● **आधा दर्जन ट्रेनों को आउटर पर रोकना पड़ा**

**अमृत विचार।** दिवाली के दूसरे दिन भैया दूज पर कस्बे की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। पुलिस ने जाम न लगने के लिए काफी इंतजाम किए थे, लेकिन भीड़ के कारण सारे इंतजाम ध्वस्त हो गए। शाम होते ही कस्बे में भीषण जाम की स्थिति बन गई। जाम लगने के कारण आधा दर्जन ट्रेनों को आउटर पर खड़ी रखा गया।

शनिवार की शाम 4 बजे रेलवे फाटक 13- बी पर भैया दूज मनाने जा रही बहनें जाम में फंस गयीं। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आरपीएफ बेगराज थाना पुलिस ने धीरे- धीरे जाम खुलवाया। शाम 4 बजे नहर बाजार से फफूंद की तरफ तक लंबा जाम लग गया, जिससे फाटक पर भी भीषण जाम की स्थिति बन गई। इससे घंटों लोगों को जाम से जूझना पड़ा।

भैया दूज पर विभिन्न स्थानों से महिलाएं अपने भाइयों के घर जाने के लिए निकलीं। दोपहिया वाहनों व चार पहिया वाहनों की अधिक संख्या होने से कस्बे के बीच से गुजर रहे अछल्दा-बिधूना मार्ग पर कई किलोमीटर वाहनों की लंबी लाइन लग गयी। इस कारण कई घंटे जाम लगा रहा, जाम में फंसे लोग चिड़चिड़ाते व झुंझलाते हुए देखे गये। सूचना पर पहुंचे एसआई राम स्वरूप, सिपाही भगवान दास शाम 6 बजे तक स्थिति को सामान्य कर पाये। फाटक के बीच में जाम लगने से लगभग दो घंटे दोनों तरफ का रूट जाम हो गया। डाउन लाइन पर महाबोधी एक्सप्रेस, बिहार सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस, विक्रम शिला एक्सप्रेस, अप लाइन पर हावड़ा कालका एक्सप्रेस, कामाख्या एक्सप्रेस, को आउटर पर 10 मिनट तक रोका गया।

## सार-संक्षेप

### झोपड़ी में आग लगने से गृहस्थी हुई राख

**अजीतमल, औरैया।** अजीतमल क्षेत्र के ग्राम पैगूपुर निवासी मजदूर वेदप्रकाश की झोपड़ी में शुक्रवार की शाम अचानक आग लग गई। आसपास से निकल रहे लोगों ने मिट्टी आदि डालकर तथा सबमर्सिबल चलाकर आग पर काबू पाया। सूचना के बावजूद भी दमकल गाड़ी नहीं पहुंच सकी। अजीतमल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में सहायता की। वेदप्रकाश ने बताया कि उसकी पुत्री करिश्मा का विवाह 21 दिसम्बर को होना है। अनाज समेत करीब 45 हजार रुपये जोड़कर रखे थे। आग में सब कुछ जल गया। तहसीलदार जीतेश वर्मा ने बताया कि जांच उपरांत रिपोर्ट के आधार पर संभव आर्थिक सहायता दिलवाने की प्रक्रिया अमल में लाई जायेगी। साथ ही उन्होने कहा कि पहले पूरी तरह से। जांच पड़ताल की जायेगी उसके बाद राहत दिलाई जायेगी।


आग से जली पड़ी झोपड़ी। अमृत विचार

### विषाक्त पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी, भर्ती

**अजीतमल, औरैया।** क्षेत्र के ग्राम खेतुपुर निवासी एक महिला ने घर में किसी बात को लेकर विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे नाजुक हालत में सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। शनिवार की शाम अजीतमल के खेतुपुर निवासिनी संध्या पत्नी विकास ने घरेलू विवाद के चलते विषाक्त पदार्थ खा लिया, नाजुक हालात में उसके भाई द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सैफई रिफर किया गया। संध्या के भाई गढ़ा कसदा निवासी प्रदीप ने बताया कि वह सूचना पर पहुंचा तो घर के सभी लोग घर से भाग गए थे। बहन तड़प रही थी। नाजुक हालात में उसने सीएचसी में भर्ती कराया। इस संबंध में कोतवाल राजकुमार ने बताया कि उन्हें अभी घटना की जानकारी नहीं है अगर कोई शिकायत आती है तो कार्रवाई की जायेगी।

त्योहार

## गोधन जी को अन्नकूट का भोग लगाकर सुख और समृद्धि की कामना की गई

# गोवर्धन पूजा पर मनाया गया अन्नकूट उत्सव

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** पूरे जिले में शानिवार को गोवर्धन पूजा हुई। अन्नकूट का प्रसाद गोधन जी को लगाकर सुख व समृद्धि की कामना की गई।

पौराणिक कथा के मुताबिक इंद्र के अति वर्षा किये जाने के चलते श्रीकृष्ण पूरे बृज मण्डल को गोवर्धन पर्वत के पास ले आये और अपनी एक उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सब लोगों को गोवर्धन के नीचे जलवर्षा से संरक्षित किया। तब से दीपावली के बाद कि प्रतिपदा को श्रीकृष्ण की इच्छा पर गोवर्धन पूजा की जाने लगी। कढ़ी, चावल के साथ अन्नकूट का प्रसाद बनाकर गोवर्धन के प्रतीक स्वरूप गोधन जी को गाय के गोबर से बनाया जाता है। अछल्दा कस्बा समेत गांवों के मंदिरों में गोवर्धन पूजा के साथ मंदिरों में अन्नकूट उत्सव मनाया गया और 56 प्रकार के व्यजनों का भोग लगाने बाद प्रसाद वितरण होता रहा। स्टेशन बाजार बड़े मंदिर श्रीसीताराम मंदिर और नेविलगंज राम बाग मंदिर पर गोवर्धन पूजा पर मंदिर में अन्नकूट उत्सव मनाया।


घर में सजी गोधन की झांकी। अमृत विचार


दीप जलाकर किया गया दीपोत्सव। अमृत विचार

## दीपोत्सव कार्यक्रम में 21 सौ दीप जलाए गए

**अछल्दा, औरैया।** दीपोत्सव पर्व पर गांव मुहम्दाबाद में बड़े हनुमान मन्दिर पर विशाल दीपोत्सव कार्यक्रम कराया गया, जिसमें 2100 दीप प्रज्ज्वलित किये गए। दीपावली का पर्व दो दिनों तक चला जिसमें मंदिरों को जगमग किया गया। स्टेशन बाजार बड़े मंदिर में पूजा -अर्चना के साथ मंदिर महंत हरीदास महाराज ने दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न कराया। गांव मोहम्दाबाद हनुमान मंदिर पर आचार्य अभिषेक तिवारी, रमन, रज्जन, हिमांशु, आदि भक्तों ने 2100 दीप प्रज्ज्वलित कराए।


दीपावली पर श्री गणेश व माता लक्ष्मी का पूजन करते भक्त। अमृत विचार

## लोगों ने घरों व प्रतिष्ठानों में की श्री गणेश व माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना

**फफूंद, औरैया।** कस्बा फफूंद में गुरुवार को दीपोत्सव का महापर्व दीपावली धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। घरों व प्रतिष्ठानों को सुंदर व आकर्षक झालरों से सजाया गया। शाम को शुभ मुहूर्त में लोगों ने अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों में गणेश-लक्ष्मी का पूजन किया। घरों में महिलाओं व युवतियों ने आकर्षक रंगोली सजाई। इसके अलावा बच्चों ने जमकर आतिशबाजी चलाई। रात्रि के समय आसमान में आतिशबाजी के नजारे दृष्टिगोचर होते रहे।

कस्बा व ग्रामीणांचलों में रोशनी का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के वातावरण में मनाई गयी। श्रद्धालु भक्तगणों द्वारा शुभ मुहूर्त में गणेश-लक्ष्मी के अलावा धन के देवता कुबेर की भी विध-विधान से पूजा आराधना की गयी। देर रात तक आसमान में आतिशबाजी की रंग-बिरंगी छटा आम जनमानस के आकर्षण का केंद्र बनी रही। जनपद के छोटे-बड़े व्यापारियों ने भी अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर गणेश-लक्ष्मी का पूजन किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी दीपावली पर्व की धूम रही। इसके अलावा लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# रंजिश में लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले, 13 लोग घायल

संवाददाता बिधूना औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भटौली में पुरानी परिवारिक रंजिश को लेकर दो पक्षों में ईंट-पत्थर लाठी-डंडे व धारदार हथियार चलने से दोनों पक्षों से तीन महिलाओं समेत 13 लोग घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया। दोनों पक्षों की तहरीर पर 19 लोगों पर मुकदमा दर्जकर लिया हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भटौली में बीती रात एक ही परिवार के दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसमें जमकर लाठी-डंडे, ईंट पत्थर व धारदार हथियार चले। झगड़े में दोनों पक्षों के 13 सदस्य घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया। वहीं बाद में दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर देकर 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

घायल हालत में कोतवाली पहुंचे भटौली निवासी मोनू पुत्र इंद्रपाल ने बताया कि वह खेतों से घर जा रहा था, तभी गांव के ही विपक्षी अमर सिंह, बृजेन्द्र, दिलीप, अंकित, प्रदीप, विशाल ने योजनाबद्ध तरीके से लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर घर के लोग बचाने आये तो हमलावरों ने उन पर भी हमला बोल दिया। जिसमें उसके चाचा अरविन्द व बहन प्रिया, पिता इन्द्र पाल, दादी लीलावती व बाबा मोतीलाल गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं दूसरे पक्ष के घायल अमर सिंह बताया कि वह देर रात अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी गुलशन उर्फ मोनू, सोनू, अरविन्द, रविन्द्र, लालू, श्यामू, रामू, अखिलेश, मोतीलाल, इन्द्र पाल, किशनलाल, सुनील व उनके परिवार के अन्य लोगों ने उसके घर पर आकर लाठी-डंडे, ईंट व पत्थर एवं धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिसमें उसके अलावा बृजेन्द्र, पलक, दिलीप, अंकित, नरेन्द्र व रामलाल घायल हो गये।


मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

● **दोनों पक्षों की तहरीर पर 19 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा**

पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर हत्या का प्रयास करने आदि जैसे गंभीर धाराओं 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

# मोर पंख के साथ नाचे मौनिया, निर्जला व्रत रखा और मौन रहे

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)


भाई का मुंह मीठा कराती बहन। अमृत विचार


दिवारी नृत्य करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे और क्षेत्र भर में दिवारी नृत्य के साथ मौन व्रत धारण कर मोर पंख लेकर मौनिया निकले। लोगों ने स्वागत किया। वहीं कुछ लोगों ने शनिवार को भैया दूज मनाने के साथ गोवर्धन पूजा की। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर दीर्घायु होने की कामना की है।

बुंदेलखंड में परम्परा है कि दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा भी अलग अंदाज में मनाई जाती है। यहां दीपावली के बाद परेवा को मौनिया मोर पंख लेकर मौन व्रत रख कर देवस्थानों में जाते हैं। इसी कड़ी में कस्बे में वी पार्क में बड़ी संख्या में महिलाएं व लोग इकट्ठे होकर ढ़ोलक की थाप पर थिरकते हुए दिवारी नृत्य किया। मौन व्रत धारण कर मौनिया मोर पंख लेकर निकले। मान्यता के अनुसार लोग मोर पंख लेकर मौन धारण कर इस उत्सव में शामिल हुए । कस्बे में पहाड़ी तालाब में स्थित प्राचीन बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र के परछा गांव के निकट पंचमुखी हनुमान मंदिर आदि स्थानों में पहुंचे। कुछ गांव में शनिवार को परेवा मानकर मौनिया निकले। उधर, बरगवां गांव में मेला व अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। दो दिन क्षेत्र भर में जगह-जगह दीवारी नृत्य और मौनियों की धूम रही। वहीं ज्यादातर महिलाओं ने शनिवार को भैयादूज मानकर सुबह अनोखी व परंपरागत ढंग से भैया दूज पर महिलाओं ने गोबर की पुतरा पुतरीया और गाय बैल बनाकर अपने-अपने दरवाजे के सामने विधि विधान से पूजा अर्चना की इसके बाद भैया दूज पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी भाई बहनों के प्रेम स्नेह की झलक साफ नजर आई।

### दिवारी नृत्य टीम को किया सम्मानित

**मौदहा (हमीरपुर)।** दीपावली पर किया जाने वाला बुंदेली लोकनृत्य दिवारी अब बढ़ती मंहगाई और संसाधनों के अभाव की भेंट चढ़ रहा है। वार्ड सभासद ने सभी को सम्मानित कर इस कला को प्रोत्साहित किया। कस्बे के सिजवहिया वार्ड के सभासद आरिफ़ चौधरी ने दीवान शहीद बाबा के मजार और मैदान में दिवारी नृत्य का करतब दिखाने वाली प्रेमचंद यादव, भगवती यादव की टीम को सम्मानित किया। इस दौरान हिंदू मुस्लिम एकता की मिशाल भी देखने को मिली। ढोल नगाड़ों की थाप के साथ ही साउंड पर गाए जा रहे बुंदेली गीतों के साथ दिवारी नृत्य के करतब देख लोगों ने आनंद लिया। आरिफ चौधरी ने कहा कि यह उनकी छोटी सी कोशिश कामयाब हुई है और आगे के सालों से और बड़े कार्यक्रम करेंगे।

## सार-संक्षेप

### जुआं खेलने के दौरान मारपीट में युवक जख्मी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के राजकीय मॉडल डिग्री कॉलेज के पास काली मंदिर के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। इसमें एक युवक को अन्य जुआरियों ने जमकर पीटा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहल्ला निवासी प्रमोद कुमार (22) राजकीय मॉडल डिग्री कॉलेज के पास काली मंदिर में चल रहे मौन पूजन के कार्यक्रम को देखने गया था। वहीं दूसरी ओर कुछ युवक जुआ खेल रहे थे। तभी किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें प्रमोद कुमार को अन्य युवकों ने जमकर पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में मृत युवक के परिजनों से मिले सपा कार्यकर्ता

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड संख्या दो भगत सिंह नगर में बुधवार की देर रात सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवक के घर पहुंचकर सपाइयों ने शोक संवेदना व्यक्त की। मदद का भरोसा भी दिया। वार्ड संख्या दो निवासी नागेश उर्फ चिंगीलाल की नेशनल हाईवे 34 में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई थी। शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, ओपी सोनकर वारसी, जगमोहन यादव, पुप्पन सिंह, सलीम खान आदि मृतक के घर पहुंचे और मृतक की पत्नी बच्चों व भाइयों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश वर्मा, अनिल अनुरागी, शिव शरण सोनकर, राजेंद्र वर्मा, देवेंद्र गौतम, अरुणेश प्रजापति, तरवेज आदि सपाई मौजूद रहे।

### फायरिंग करने से रोकने पर किसान को मारी गोली, घायल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** गुरुवार को देर रात ग्राम पंचायत जलाला में नशे में धुत दो युवक फायरिंग कर रहे थे। उधर से गुजर रहे किसान ने उन्हें रोका तो युवकों ने उस पर फायर किया। इससे किसान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया। घायल के भाई ने आरोपी युवकों पर एफआईआर दर्ज कराई है। जलाला निवासी प्रेम कुमार कुशवाहा ने मुकदमा दर्ज करा करते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई रामकुमार कुशवाहा (52) खेती किसानी का कार्य करता है। गुरुवार की रात करीब 9 बजे दीपदान करने के उपरांत गांव निवासी दिनेश कुशवाहा की दुकान सामान लेने जा रहा था। तभी रास्ते में गांव निवासी प्रदीप सिंह उर्फ तउवा एवं रामकुमार वर्मा दबदबा कायम करने के लिए हवाई फायरिंग कर रहे थे। इस पर रामकुमार ने फायरिंग करने से मना किया। जिससे गुस्साए प्रदीप व रामकुमार वर्मा ने गाली गलौज की। प्रदीप सिंह ने तमंचे से राम कुमार को गोली मार दी। जो उसके बाएं पैर में लगी। पुलिस ने भाई की तहरीर पर दोनों के खिलाफ जान से मारने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही दोनों आरोपी गांव से फरार हो गए हैं। घायल का उपचार हैलट कानपुर में चल रहा है।

### दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी महिला ने पति व पुत्र के साथ मारपीट करने व गाली गलौज करने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने की एफआईआर दर्ज की है। पतारा गांव निवासी महिला उर्मिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दीपावली के दिन रात में उसके पति व पुत्र गांव निवासी अखिलेश की दुकान सामान लेने गए थे। तभी मोहल्ले के विजय बाबू, जितेंद्र, करन, तुलसीदास लाठी डंडे लेकर आए और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर चारों ने मारपीट की। शोर सुनकर अपने पुत्र अजय के साथ दुकान पर गई तो विजय बाबू ने उसके पति पर धारदार कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वहीं बाकी लोग लाठी डंडे से पीटते रहे। मारपीट में पति बेहोश हो गए। उसे व पुत्र विजय को चोट आई हैं। पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा विजय बाबू, जितेंद्र, करन, तुलसी राम पुत्रगण गुरुचरण के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। उधर तुलसीदास ने थाने में तहरीर देकर बताया कि अपने भाई जितेंद्र के साथ दुकान पर गुटखा लेने गए थे। तभी दयाराम व उसके दोनों पुत्र अजय व विजय के साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लाठी डंडे से तीनों ने मिलकर मारा पीटा शोर सुनकर मेरी भाभी जयदेवी व भाई विजय बाबू आए बचाने आए तो उन्होंने इनके साथ भी मारपीट की। जिससे भाभी के सिर व आंख में चोट आई है।

### देवर ने भाभी पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**कुरारा (हमीरपुर)।** विधवा भाभी से नाराज देवर ने भाभी के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसने भाभी के पैरों पर ताबड़तोड़ प्रहार किया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। दोनों पैर की हड्डियां टूट गईं। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी अर्जुन पुत्र स्व. कमल सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को शाम सात बजे पड़ोसी मनोज पुत्र रामेश्वर उसकी मां राधा को गाली गलौज करता रहा। तब वह लोग चुप रहे। शुक्रवार को सुबह 6 बजे आरोपी मनोज ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे मां को गंभीर चोट आई है। जिसका उपचार कानपुर में अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मनोज के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। बेरी चौकी प्रभारी पंधारी सरोज ने बताया कि आरोपी विधवा महिला राधा के मामा का लड़का है। पीड़ित महिला के पति की करीब 4 वर्ष पहले मौत हो चुकी है।

### पैसों के लेनदेन को लेकर खूनी संघर्ष, एक दर्जन घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** पैसों के मामूली लेनदेन को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिससे दोनों ओर से लगभग एक दर्जन लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि अभी तक किसी ओर से तहरीर नहीं दी गई है। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम भमई में दो पक्षों में संघर्ष हो गया। जिसमें एक पक्ष के पुत्तन, गुरुचरन, राकेश उर्फ पुर्रा पुत्र, बदलू पुत्र, वैरागी, स्वामीदीन, वीरू उसकी पत्नी तथा दूसरी ओर से विक्रम, रुपेन्द्र सिंह, पप्पू सिंह उर्फ वीरेन्द्र सिंह और वीरेंद्र सिंह की पत्नी को चोटें आईं हैं। घायलों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल भेजा गया है। जहां पर सभी का इलाज किया जा रहा है। हालांकि अभी तक किसी भी ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

## एक नजर

### मामा के यहां से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** मामा के यहां से घर लौट रहा युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। थाना सिसोलर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम टोला माफ निवासी सत्य प्रकाश (25) वर्ष पुत्र नत्थू वर्मा मामा के पास लखनऊ गया था। वहां से वापस गांव आ रहा था। तभी कानपुर में यशोदा नगर थाना के विराट नगर चौकी ओवरब्रिज के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिर गया, स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, शनिवार रात युवक ने अंतिम सांस ली।

### गोवंश से टकराकर बाइक सवार घायल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के चकदहा गांव निवासी अशोक (19) पुत्र घनश्याम बाइक से शुक्रवार को दोपहर में कस्बे की ओर आ रहा था। तभी सीमेंट फैक्ट्री के पास अचानक सड़क पर एक गोवंश के सामने आ जाने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सूचना पर पहुंची एंबुलेंस पीएचसी में भर्ती कराया।

### गोवंश से टकराकर बाइक सवार घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के चकदहा गांव निवासी अशोक 19 वर्ष पुत्र घनश्याम बाइक से कहीं जा रहा था। तभी इंगोहटा के पास सीमेंट फैक्ट्री के नजदीक अचानक सड़क पर एक गोवंश के सामने आ जाने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका पीएचसी सुमेरपुर में उपचार किया जा रहा है।

### युवक को पीटा

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गोकुल डेरा गांव निवासी किसान कुंवर सिंह पुत्र रामकिशन ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि एक नवंबर को रात में खेत जोत कर घर जा रहा था। तभी गांव निवासी बंशी के मकान के सामने भीम पुत्र मइयादीन व वंशी पुत्र राजाराम, तथा इसका पुत्र अरुण तीनों ने मिलकर पीट दिया।

### जमीन को लेकर अभद्रता

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के कुनेहटा गांव के दुर्गा प्रसाद मिश्रा के साथ परिवार के राजकुमार पुत्र राम विशाल देव गोपाल पुत्र राजकुमार ने जमीन को लेकर अभद्रता करता करनी शुरू कर दी है। विरोध के किए जाने पर पिता-पुत्र ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी है। पीड़ित की तहरीर पर कुनहेटा चौकी प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने पिता-पुत्र दोनों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया है।

### हादसे में तीन घायल

बिवांर (हमीरपुर) कस्बे के बाला मोहाल के तीन युवक सनी उर्फ छंगा गुप्ता, सूरज सिंह व छोटू सिंह बाइक से चित्रकूट से वापस घर आ रहे थे। तभी सायर गांव के पास बाइक का संतुलन बिगड़ने से गिरकर घायल हो गए। परिजनों ने निजी चिकित्सालय भर्ती कराया है।

# रील बनाने के लिए नदी में कूदा युवक हुआ लापता

## गोताखोरों ने की तलाश, नाराज परिजनों ने लगाया जाम


नदी में जाल डालकर युवक की तलाश करते गोताखोर। अमृत विचार


विरमा नदी किनारे लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता, राठ, (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा खेड़ा गांव में शुक्रवार को विरमा नदी में साथियों के साथ रील बना रहा गोहानी गांव निवासी युवक अपने साथियों के साथ कस्बा खेड़ा में विरमा नदी के पुल पर पहुंचा। रील बनाने के लिए युवक नदी में कूद गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही युवक की गहरे पानी में चला गया और फिर उसका पता नहीं चला। परिजनों को जैसे ही जानकारी मिली वे भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कराई पर पता नहीं चला। परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाया और लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम बुलाई है।

● **नाराज परिजनों ने ग्रामीणों के साथ लगाया जाम**

परिजन सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। भारी पुलिस बल ने भी मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन शाम होने के बाद युवक रामकुमार (25) का कोई पता नहीं चल सका। भारी भीड़ नदी के पास एकत्र हो गई। पुलिस ने बताया कि रामकुमार तीन भाइयों में सबसे छोटा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि रामकुमार स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। वह अपने पांच दोस्तों के साथ कस्बा खेड़ा स्थित विरमा नदी गया था।

रामकुमार के एक बार विरमा नदी के पुल से नीचे कूदने का वीडियो उसके दोस्तों ने बना लिया था, लेकिन दूसरी बार और रील बनाने के लिए जैसे ही नदी में कूदा तो उसका कहीं पता नहीं चला। हादसे के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने जाम लगाकर आक्रोश जताया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन गहराई ज्यादा होने के कारण गोताखोरों को सफलता नहीं मिली।

नदी में डूबे रामकुमार की खोजबीन के लिए एनडीआरएफ टीम को सूचना दी गई है। जल्द ही एनडीआरएफ टीम यहां आकर नदी में सर्च ऑपरेशन चलाएगी।


सूअर को बांधकर गायों के पास ले जाते ग्रामीण। अमृत विचार

# सूअर-गाय की लड़ाई के बाद लट्ठमार दिवारी

**अनोखी परंपरा**

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दीपावली त्यौहार पर गाय को सूअर से लड़ाने की परंपरा सदियों पुरानी है। सूअर को गाय के पैरों तले फेंककर मौनिया लट्ठमार दिपावली खेलते हैं। कई घंटे तक होने वाले इस रोमांचक लड़ाई में एक सूअर की मौत हो गई।

मुख्यालय के मेरापुर स्थित रहुनिया में यह परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिसमे सुअर और गाय की लड़ाई कार्यक्रम के बाद मौनिये लठमार दीवारी खेलते हैं। मेरापुर निवासी गंगा यादव, तुलसीराम यादव, लाल सिंह, शिवबदन, अमर सिंह, अतर सिंह, अंशु यादव, जबर सिंह, लल्लू यादव, राहुल यादव, नितेश कुमार आदि ने बताया कि दीपावली की रात से ही हर जगह त्यौहार की धूम मचती है। कहीं परेवा के दिन सूअर और गाय में मुकाबला होता है तो कहीं भैयादूज के दिन।

### गाय और सूअर की लड़ाई देखने उमड़े लोग

**बिवांर(हमीरपुर)।** भैया दूज पर दिवारी खेल रहे युवकों ने गाय और सूअर के बीच अनोखी लड़ाई का आयोजन किया। गाय और सूअर के बीच इस अनोखे खेल को देखने के लिए गांव वासियों महिलाओं की भीड़ एकत्र हुई। बुंदेलखंड में दिवारी नृत्य के पहले सोमवार को रस्सी से बांधकर सूअर को गांव की गलियों से निकल जाने की पुरानी प्रथा आज भी कायम है। जिसमें दिवारी खेलने वाले यदुवंशी सूअर के बच्चे को रस्सी में बांधकर निकले। जिसमें बाला (चमरौडा) मोहाल के परिसर में गाय पर पटखनी लगाते हुए खेल खिलाने का कार्य किया है।


मौन चराने जाते मौनिया। अमृत विचार

## निर्जन स्थान पर मौनियों ने की साधना

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में गोवर्धन पूजा व मौन व्रत उत्सव मनाया गया। दिन भर निर्जला व्रत रखकर देर शाम मौनियों ने गौ पूजन किया और फिर व्रत का पारण किया। डामर गांव के सैयद बाबा स्थान पर मेला आयोजित किया गया।

क्षेत्र में गोवर्धन पूजा व मौनिया द्वारा मोरपंख के साथ एक दिन के लिए निर्जन स्थान पर दिन भर रहकर निर्जला व्रत रखकर पूजा अर्चना की।

देर शाम पूजन के साथ व्रत का पारण किया गया। इस अवसर पर जगह- जगह मेले का आयोजन किया गया। इस स्थान पर दीपावली पर्व के दूसरे दिन डामर, सरसई, कुतुबपुर, सिवनी, जीसुखपुर, कुसमरा के मौनिया एकत्र होकर पूजा अर्चना करते है। साथ ही दिवारी नृत्य किया जाता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, राठ, (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** चिकासी थाने के रिहुंटा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 45 वर्षीय युवक ने अपने मकान में रस्सी के फंदे पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। चिकासी थाना अंतर्गत रिहुंटा गांव निवासी कंधीलाल (45) पुत्र छेदालाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में मकान के अंदर रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब परिजनों ने कंधीलाल को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गये।

वह खेती किसानी के अलावा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे।

● **पत्नी और बच्चों का रो रोकर हुआ बुरा हाल**

**महिला व युवती ने खाया जहरीला पदार्थ : कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी गीता (21) पुत्री भूप सिंह ने परिजनों से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया वही सिवनी गांव निवासी रामा (25) पत्नी धर्मेंद्र ने परिजनों से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, हालत बिगड़ते देख दोनों के परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

### लापता वृद्ध का फांसी पर लटका मिला

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के औंडेरा गांव निवासी प्रभु दयाल (60) पुत्र कंधी का शव शनिवार को कस्बे के चरखारी रोड पर स्थित जगत राज महाविद्यालय के सामने खेतों में लगे विलायती बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। वह पांच दिनों से लापता था। परिजनों के अनुसार प्रभुदयाल शराब पीने का लती था। उसने शराब के नशे में ही तौलिया के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया है। पुत्र अरविंद ने बताया कि उसके पिता प्रभु दयाल महोबा जनपद के भरवारा में रहते थे। वहीं पर पशुपालन आदि कर अपनी गुजर बसर करते थे।

**निरीक्षण** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने गौशालाओं का निरीक्षण किया

# ठंड से बचाव का पर्याप्त इंतजाम करें : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


गाय को गुड़ चना खिलाते डीएम घनश्याम मीना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने ग्राम पंचायत नदेहरा व बिलहड़ी स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गायों का पूजन कर गायों को गुड़ व हरा चारा आदि खिलाया।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम नदेहरा ग्राम पंचायत स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने गौपूजन कर गायों को गुड़ व हरा चारा आदि खिलाया। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला में चारा पानी भूसा के पर्याप्त प्रबंध रखे जाएं तथा हरा चारा की व्यवस्था रखी जाए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने बिलहड़ी स्थित गौशाला में भूसा व अन्य स्टॉक को देखा। तत्पश्चात गायों का पूजन कर गायों को गुड़ आदि खिलाया। कहा ठंड के मौसम के दृष्टिगत गौशालाओं में ठंड से बचाव के पर्याप्त प्रबन्ध रखे जाएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। कोई भी अन्ना गोवंश सड़कों पर इधर-उधर घूमता न पाया जाए। अन्ना गोवंश को प्रत्येक दशा में गौशालाओं में संरक्षित किया जाए।

आप सभी जनपद के ग्रामीणों और क्षेत्र वासियों को
दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाएं

राहुल कुमार
(टिंकू पालीवाल)
समाजसेवी
भरुआ सुमेरपुर
(हमीरपुर)

समस्त जनपद वासियों को
दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
मेसर्स-आदर्श सिंह परिहार ट्रेडर्स
छानी रोड, इंगोहटा ब्लाक सुमेरपुर (हमीरपुर) 210341

प्रो. अंशुमान सिंह
मोबाइल – 9454150362

# मानव अभिलाषा और जिजीविषा का इतिहास



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**संसार कर्म प्रधान है। उपलब्धियां पुरुषार्थ से मिलती हैं। अच्छे समाज और राज्य पुरुषार्थ और कर्म का अवसर व वातावरण बनाते हैं। ईश्वर या देवताओं को कर्मफल का दाता कहा जाता है। दैवी सिद्धांत में भी कर्म की महत्ता है।**

मानव अभिलाषा और जिजीविषा का इतिहास रूचिपूर्ण है। ऋग्वेद इतिहास का प्रथम शब्द साक्ष्य है। प्राचीन भारतीय इतिहास का सत्य है और करोड़ों की श्रद्धा। वैदिक काव्य को ईश्वरीय भी कहा जाता है। श्रद्धालु वैदिक मंत्रों को भगवान की वाणी कहते हैं। अनेक विद्वान ऋग्वेद के प्रत्यक्ष भौतिकवाद की उपेक्षा करते हैं। कुछेक विद्वान वेदों को पंथिक आस्था का ग्रंथ कहने में भी संकोच नहीं करते। श्रद्धा को अंधविश्वास बताते हैं। वे वेदों के सांसारिक यथार्थवाद और दार्शनिक यथार्थवाद की उपेक्षा करते हैं। ऋग्वेद में भरपूरा संसार है। संसार कर्मभूमि है। कर्म अपरिहार्य हैं।

वैदिक पूर्वज सुंदर घर और आनंदमगन परिवार चाहते हैं। वे दूध, दही, अन्न की समृद्धि चाहते हैं। वे देवों से वैराग्य या मोक्ष नहीं मांगते। वे देवों को भी अपने घर बुलाने का निमंत्रण देते हैं। देवों पर प्रश्न भी उठाते हैं। संसार को आनंदित बनाने के लिए कर्म को जरूरी बताते हैं। यहां जांचा परखा वैज्ञानिक विवेक है। वैदिक काल में दर्शन का जन्म और विकास हुआ। सृष्टि रहस्यों की जिज्ञासा भी ऋग्वेद में है। विश्व को एक विराट इकाई देखने की अनुभूति ऋग्वेद में है। दर्शन और विज्ञान का सूक्ष्म विवेचन है। मुख्य बात है प्रत्यक्ष सांसारिक यथार्थ। यहां खेती, उद्योग, पशु पालन, घर परिवार और रिद्धि सिद्धि समृद्धि की सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के प्रयत्न हैं।

कृषि प्राथमिक सूची में है। हल जोतने के लिए अश्विन देवों की प्रशंसा है, "आप हल से भूमि जोतते हैं।" (8.22.66) देवताओं का हल जोतना ध्यान देने योग्य है। इस प्रतीक का अर्थ सुस्पष्ट है कि बड़े-बड़े भी हल जोतते थे। कृषि कर्म हेय नहीं था। एक जुएं की लत से पीड़ित जुआरी पश्चाताप करता है। ऋषि का परामर्श है कि खेती करो-कृषि कृष्यस्व। कृषि कर्म प्रतिष्ठा का कार्य है। ऋग्वेद में पांच बड़े जनसमूह हैं। उन्हें 'पंचजनाः' कहा गया है। जान पड़ता है कि पांचों जनसमूह खेती भी करते थे। उन्हें 'पंच कृष्टयाः' भी कहा गया है। कृषि अन्न देती है। अन्न उत्पादन का आधार है जल। सिंचाई। वर्षा न हो तो कृषि कर्म निष्फल। वैदिक स्तुतियों में वर्षा के उल्लेख हैं। वर्षा के अनेक देवता हैं। सर्वाधिक स्तुतियां इन्द्र की हैं। नदियों के प्रवाह का श्रेय भी इन्द्र को दिया गया है। इन्द्र 'वृत्रहंता' हैं। मैकडनल ने 'वैदिक माइथोलॉजी' में वृत्र को 'सूखे का दानव'-द चीफ डेमन आफ ड्राट बताया है। इन्द्र ने वृत्र को मारा। इसका अर्थ सूखे के दानव को मारना या बांध अवरोधक हटाना दोनों ही हो सकता है। पूर्वजों के हृदय में संपूर्ण जलराशि के प्रति ममत्व भाव है। वे जल को 'जलमाताएं' कहते हैं। जलमाताओं को विश्व की जननी भी बताते हैं।


ऋग्वेद में प्रत्यक्ष सांसारिक कर्तव्य पालन पर ढेर सारे मंत्र हैं। कृषि कर्म समृद्धिसूचक है। पशुपालन सहज व्यवसाय है। पूर्वजों को गाएं प्रिय हैं। पूर्वज उनकी सेवा करते हैं। उन पर हिंसा को अपराध बताते हैं। ऋषि का अनुरोध है "हे मित्रों ! गायों पशुओं के पानी पीने के बहुत स्थान बनाओ।" (10.101) आर्य अश्व प्रिय भी हैं। घोड़े पालते हैं। छायादार पेड़ घोड़ों के विश्राम का सुंदर स्थल है। पीपल का वृक्ष ऐसा ही है। ऋग्वेद में उसे घोड़े के नाम से जोड़कर 'अश्वथ' कहा गया है। वैदिक साहित्य में उद्योगों का भी उल्लेख है। कुल्हाड़ी का उल्लेख कई बार हुआ है। परशु, फरसा जैसा हथियार हो सकता है। वे परशु से वृक्ष काटते थे। (1.130.4) त्वष्टा कारीगरों में श्रेष्ठ भी बताये गए हैं। अग्नि और इन्द्र बड़े देव हैं। इन्द्र प्रकृति की शक्ति हैं। अग्नि प्रत्यक्ष हैं। वे हमारे भीतर हैं, सूर्य में हैं, बादलों में हैं। यत्र तत्र सर्वत्र हैं। जैसे इन्द्र का संबंध प्रायः जल से है, वर्षा और कृषि से है वैसे ही अग्नि का संबंध ताप, ऊष्मा और गतिशीलता से है। उद्योगों के विकास से भी है।

लकड़ी के भीतर गुप्त ऊष्मा की उपस्थिति है। ऋषियों ने काष्ठ लकड़ियों को अग्नि की माता कहा है। एक ऋषि हैं-अंगिरा। उन्हें प्राचीन पितर कहा गया है। ऋग्वेद में अंगिरा को ही लकड़ी के भीतर अग्नि पहचानने व प्रकट करने का श्रेय दिया गया है। (5.11.6) अंगिरा की ही तरह इन्द्र को भी अग्नि पहचानने का श्रेय दिया गया है। अंगिरा ने लकड़ी के भीतर छुपी अग्नि की खोज की तो इन्द्र ने दो पत्थरों के टकराने से पैदा अग्नि का साक्षात्कार किया। अग्नि जैसे मूलतत्व की जानकारी संसारी है। इन्द्र और अग्नि की अनुकंपा संसारी है। संसार कर्म प्रधान है। उपलब्धियां पुरुषार्थ से मिलती हैं। अच्छे समाज और राज्य पुरुषार्थ और कर्म का अवसर व वातावरण बनाते हैं। ईश्वर या देवताओं को कर्मफल का दाता कहा जाता है। दैवी सिद्धांत में भी कर्म की महत्ता है। भाग्यवाद या नियतिवाद में धारणा है कि भाग्य में जो कुछ है, वही मिलेगा। न इससे ज्यादा और न इससे कम, लेकिन ऋग्वेद में कर्म व पुरुषार्थ की महत्ता है। ऋषि देवों को भी कर्मशील बताते हैं। देवता भी श्रम से मुक्त नहीं। बताते हैं कि अग्नि की खोज भी 'थके पांव' ही संपन्न हुई थी। देवों की स्तुतियों का आनंद एक तरफ और परिश्रम की महत्ता का आदर्श एक तरफ। वैदिक समाज परिपूर्ण लोकतंत्री था। सामान्य विचार विमर्श में और दार्शनिक दृष्टिकोण में भी। 'सभा और समिति' जैसी संस्थाएं हैं। सभा में विचार विमर्श होते हैं। अच्छे सभासद की प्रशंसा भी होती है। (10.171.10) प्रार्थना है कि हमारा पुत्र सभा में यशस्वी हो। (1.91.20) सभा में कृषि और पशुपालन भी महत्वपूर्ण विषय रहे होंगे। सभा में भाग लेने वाले सभ्य हैं। वे सभ्य हैं, सभेय होने के कारण। सभा जैसी संस्था का विकास किसी पंथिक अंधविश्वास के वातावरण में नहीं हो सकता। वैदिक समाज विचार विविधता से भरापूरा है।

सबके विचार अलग-अलग होते हैं। मन संसारी है। सबके मन भी अलग-अलग होते हैं। वैदिक भौतिकवाद में अग्नि अति विशिष्ट है। ऋग्वेद में सामूहिकता की रस प्यास है। स्तुति है "हे अग्नि ! आप सबको जोड़ते हैं, हम सबको संयुक्त करें और प्रीति, प्यार, धन संपदा से भरें।" हम साथ-साथ चलें, सम्यक चलें, सम्यक बोलें। साझा सामाजिक गतिशीलता की पुकार इतनी ही नहीं। इस निवेदन और संकल्प में इतिहास की भी प्रामाणिकता है। पूर्वज भी ऐसा ही करते रहे हैं-यथापूर्वं सम् जानाना उपासते। यह संकल्प साझा है। संकल्प में अग्निसाक्षी हैं।

वैदिक समाज पिछड़ा नहीं। सिर्फ कृषिजीवी नहीं। यहां धातु उद्योग के विकास के प्रमाण हैं। स्वर्ण वैदिक ऋषियों का आकर्षण था। मरुद्गणों की स्तुतियों में सोने की चर्चा है। वे स्वर्णजनित वस्त्र धारण करने वाले बताए गए हैं। स्वर्ण आभूषणों की भी चर्चा है। देवों के स्वर्ण आभूषण वस्तुतः पूर्वजों की अपनी इच्छा के ही प्रतीक हैं। आधुनिक काल में भी अनेक मंदिरों में सोने के भंडार हैं। मनुष्य की अपनी स्वर्णप्रियता ही देव मंदिरों को सोने से पाटती है। देवता स्वर्ण भेंट से खुश होंगे या नहीं ? खुश होंगे तो वे हमको उपकृत करेंगे या नहीं ? ऐसे अनेक प्रश्न हैं, लेकिन वैदिक समाज कर्म विश्वासी है। ऋग्वेद की निर्णायक घोषणा है कि परिश्रम न करने वाले व्यक्ति की सहायता देवता भी नहीं करते। संसार कर्म क्षेत्र है, परिश्रम और पुरुषार्थ ही कामनाओं की प्राप्ति के उपकरण हैं। साथ-साथ चलने और आनंदित रहने की स्तुतियां हैं।

# बाजार की जटिलता और गतिशीलता



**बाजार की भावना और अपेक्षाएं कीमतों के निर्माण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती हैं, क्योंकि एजेंट भविष्य की बाजार स्थितियों के बारे में अपने विचारों के आधार पर निर्णय लेते हैं।**



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यथार्थ मानव और कौटिल्य मानव का अर्थशास्त्र 'संतुलन अर्थशास्त्र' नहीं होगा। इनमें मूल्य निर्धारण का सिद्धांत मांग और पूर्ति के संतुलन से निर्णीत नहीं होगा। इसे समझने के लिए 'असंतुलन अर्थशास्त्र' में मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया को समझना होगा।

असंतुलन अर्थशास्त्र में कीमतों का निर्धारण एक ऐसे प्रक्रिया के माध्यम से होता है, जो आपूर्ति और मांग के बीच के विभिन्न बाजार अवरोधों और गतिशील अंतः क्रियाओं को ध्यान में रखता है। पारंपरिक संतुलन मॉडल की तुलना में, जो मानते हैं कि बाजार तुरंत संतुलित हो जाते हैं (यानी आपूर्ति और मांग एक समान होती है), असंतुलन मॉडल यह मानते हैं कि बाजार एक ऐसे स्थिति में हो सकते हैं, जहां आपूर्ति और मांग के बीच असंतुलन मौजूद रहता है। कुछ प्रमुख बिंदु से असंतुलन अर्थशास्त्र में कीमतें निर्धारित होती हैं। बाजार अवरोधः कीमतें ऐसे कारकों से प्रभावित हो सकती हैं जैसे लेन-देन की लागत, सूचना का असामान्य वितरण और नियामक प्रतिबंध। ये अवरोध बाजारों को तुरंत संतुलित होने से रोकते हैं, जिससे आपूर्ति और मांग के बीच अस्थायी असमानताएं बनती हैं।

अनुकूलन व्यवहारः अर्थव्यवस्था में एजेंटों के पास पूरी जानकारी या तार्किक अपेक्षाएं नहीं होती हैं। इसके बजाय वे पिछले अनुभवों और अवलोकनों के आधार पर अपने व्यवहार को अनुकूलित करते हैं। उदाहरण के लिए यदि कीमतें बहुत अधिक हैं तो आपूर्तिकर्ता उत्पादन को कम कर सकते हैं, जबकि उपभोक्ता वैकल्पिक विकल्पों की तलाश कर सकते हैं, जिससे समय के साथ मांग और आपूर्ति में परिवर्तन होता है।

कीमतों का समायोजनः कीमतें अक्सर बाजार संकेतों के जवाब में समायोजित की जाती हैं, लेकिन ये समायोजन तात्कालिक नहीं होते हैं। इस प्रक्रिया में मूल्य स्थिरता शामिल हो सकती है, जहां कीमतें आपूर्ति या मांग में बदलाव के तुरंत जवाब में नहीं बदलती हैं। विविध एजेंटः विभिन्न आर्थिक एजेंट (फर्म, उपभोक्ता आदि) की अपेक्षाएं और प्राथमिकताएं भिन्न हो सकती हैं। यह विविधता विभिन्न मूल्य निर्धारण रणनीतियों का निर्माण कर सकती हैं, जिससे बाजार में मूल्य विविधता बढ़ जाती है।

गतिशील प्रक्रियाएंः कीमतें समय के साथ गतिशील अंतः क्रियाओं के माध्यम से निर्धारित की जाती हैं, अक्सर एजेंट आधारित मॉडल या सिमुलेशन के माध्यम से जो आर्थिक गतिविधियों के विकासशील स्वभाव और एजेंटों के व्यवहार को पकड़ते हैं। अपेक्षाएं और भावनाः बाजार की भावना और अपेक्षाएं कीमतों के निर्माण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती हैं, क्योंकि एजेंट भविष्य की बाजार स्थितियों के बारे में अपने विचारों के आधार पर निर्णय लेते हैं।

असंतुलन अर्थशास्त्र बाजारों की जटिलता और गतिशीलता पर जोर देता है, जहां कीमतें केवल आपूर्ति और मांग की एक निश्चित बिंदु पर अंतः क्रियाओं के द्वारा निर्धारित नहीं होतीं, बल्कि ये निरंतर प्रक्रियाओं के माध्यम से निर्धारित होती हैं, जो असंगत जानकारी, लेन-देन की लागत और व्यावहारिक कारकों की वास्तविकताओं को दर्शाती हैं।

# सरित्सागर के किनारे ब्रह्मांड दर्शन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**मिथक में ज्यों-ज्यों धर्म के ब्रह्म, आत्मा, पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक के प्रत्यय जुड़ते हैं त्यों-त्यों उसका भव्य मिथकत्व कृष्ण पक्ष के चन्द्रमा की तरह क्षीण होता जाता है।**

विश्व मिथक सरित्सागर, मिथक आदि मिथकानि अनंता। वैसे तो सभी पर्व-त्योहारों से कोई न कोई मिथक जुड़ा ही होता है। फिर जहां तक मैं समझ पाया हूं, मुझे लगता है कि दीपावली पर्व से सबसे अधिक संख्या में मिथक जुड़े हुए हैं। मिथक शब्द को समान ध्वनि के कारण बहुत से लोग मिथ्या शब्द से जोड़ देते हैं, जब कि यह वास्तविकता नहीं है। मिथक समष्टि चेतना का बहुत गहरा सत्य है। अब चूंकि यह इतना जटिल और संश्लिष्ट विषय है, इसलिए बुद्धिजीवी लोग प्रायः इससे पिंड छुड़ाने के लिए इसे कल्पना कह देते हैं, वे सोच नहीं पाते कि कल्पना मनुष्य की क्रांतिकारी शक्ति है। बुद्धि, मेधा या प्रतिभा की एक विलक्षण गति या प्रवृत्ति, ज्ञान विज्ञान का आधार। मनुष्य को समझने के लिए मिथक को भी समझना जरूरी व अनिवार्य है।

प्रो. रमेश कुंतल मेघ मिथकशास्त्र के गंभीर अध्येता थे। जीवन के अंतिम चरण में उन्होंने विश्व मिथक सरित्सागर लिखा था। मिथकों का जन्म अनंत समुद्र, अनादि आकाश और अज्ञात पृथ्वी में हजारों सालों से विकसित होते हुए आदि मानव के अवचेतन-चेतन की गोधूलि गुफाओं में होता रहा है। मिथक पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु-तूफान-सूर्य-चन्द्र के साथ सप्तसिंधुओं सप्तद्वीपों की यात्राएं करते आ रहे हैं। उनका विश्व 'वसुधा का कुटुम्ब' है। उनकी अधिभाषाएं विश्व भर में गुफाओं के शैलचित्रों, ईजिप्ट-मेक्सिको के पिरामिडों की चित्र-शिल्प-लिपियों, मेसोपोटामिआ-बेबीलॉन के महाकाव्य-रूपकों, फुजी पर्वत, ओलिंपस पर्वत, अमेजन के सघन कांतार, अफ्रीका के कबीलों, पीली नदी, अंगकोरवाट, वैदिक आर्यों की ऋचाओं रामायण-महाभारत में आज तक गूंजती चली आ रही हैं। ग्राफ (आरेख) में वे इतिहास के ओएक्स-अक्ष, ओवाई-अक्ष पर पूर्वेतिहास को गढ़ती हैं। सो वे अंतर्बद्ध भी हैं। सो उनकी यात्रा अनंत से अनादि तक अनवरत हो रही है। मिथकीय कल्पना, तर्क पूर्व, संस्कृति पूर्व, नैतिकता पूर्व रही है। वह कालबोध एवं देशबोध का अतिक्रमण करती है। उसमें इतिहास और समाज भी तिल-तंडुलवत् आन मिलते हैं। उनका काल 'शाश्वत वर्तमान' है (6.7.08) सोना सूर्य का पसीना (इकाई मिथक) ईसा पश्चात् 2008-13 में हम ईसा पूर्व 2008 की मानवीय चिति को न जांचें। पहले कर्मकांड, फिर धर्मदर्शन, अब विज्ञान व यथार्थ, अपने युग के प्रसंगानुसार व्याख्याएं करते हैं। मिथक के आधुनिक व्यास मैक्समूलर ही हैं। बाद में फ्रेज़र और कैंपबेल, मेलिनोवस्की और क्लाद लेवी-स्ट्रास, जुंग और कैसाइरर ने नए प्रस्थान कलश रखे। अब तो मिथकायन के बजाय मिथक आलेखकारी पुरी है। मैं कार्तिकेय तथा ईश्वर की मिथक कथाओं द्वारा इसे निरूपित करना चाहूंगा)।

मिथकें हमारे सामूहिक अवचेतन की दर्पण तो हैं ही, साथ ही अवचेतन और चेतन के अनेक गुप्त-छिपे-ढके कोनों को भी अचानक प्रकाशित कर देती हैं। भारत-चीन-जापान की सभ्यताओं में खंड-खंड निरंतरता भी है। अतएव हमारी पूजा-भावना और नैतिक लक्ष्मण-रेखाएं उनकी मिथक आलेखकारी में वस्तुनिष्ठता, इहलौकिकता, निरपेक्षता की टेंकती हैं। इसलिए हमने फूंक-फूंक कर कदम रखे हैं। बैल, मत आओ और न ही मुझे मारो॥ विश्व मिथकायन इतिहास के समक्ष तथा समकक्ष है। वह पूर्वेतिहास से लेकर अनंत काल तक हमारी मिथकीय विरासत तया समाजवैज्ञानिक कल्पनाओं की धरोहर है। वह सहस्राब्दियों से विकासमान मानवीय मस्तिष्क का अधकचरा एवं परिपक्व 'सामाजिक चार्टर' है। वह तीसरी पीढ़ी के कंप्यूटर में दर्ज वैश्विक इंटरनेट तथा वेबसाइट जैसा है।

मिथक में ज्यों-ज्यों धर्म के ब्रह्म, आत्मा, पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक के प्रत्यय जुड़ते हैं त्यों-त्यों उसका भव्य मिथकत्व कृष्ण पक्ष के चन्द्रमा की तरह क्षीण होता जाता है। अंत में कुछ दार्शनिक अवधारणाएं तथा धार्मिक व्याख्याएं ही बच रहती हैं। एकेश्वरवाद तथा निर्गुण ब्रह्म ने भी देवताओं के मंडल की दिव्यता की मिथक विदाई कर दी है। आज से 4500 साल पहले, उषा की तरह, मिथक आई होगी। देवता चिंतामुक्त हैं। उनके पास अमृत है, सोम है, देवी है, स्वर्ग है। प्रसाद ने उनके विलास व भोग के कारण देव दृष्टि का नाश बताया है। नारी के अस्तित्व के पहले देवताओं की चिंता सृष्टि थी। वे 'मानव छवि' ही धारण करते हैं या शक्ति वाला मुख धारण कर लेते हैं। मिथकों को जब धर्मशास्त्रों से 'कैननाइज्ड-कोडीफाई' किया गया तब वे प्रतीकों के रत्नों से जड़ दी गईं और जब उनका मौखिक गावन-वाचन हुआ तब वे लिजंधर तथा लोकयान से रंजित होती गईं। इस तरह आज हम एक नई पाते हैं-मिथक-लिजंधर-लोकवान। यह एकतान व्यापार सा है। कई बार देवता गण असुरों से हारे हैं, हार कर भागे भी हैं, फिर शक्ति (देवी) संचय करके, एकजुट होकर लड़े हैं, सौंदर्य और समृद्धि के रणकौशल अपनाकर अंततोगत्वा विजयी हुए हैं। देवताओं की कई भुजाएं, कई मुसा, विविधता में एकता के द्योतक हैं।

मिथकों की दुनिया प्रमाणों तथा विश्लेषण की नहीं, बल्कि आस्था और व्याख्या की है। यह महासूत्र है। तथापि आधुनिक भारतीय साहित्य में भी मिथकों का सर्वांगीण महत्व है, हरिऔध से लेकर विनय और कुंवर नारायण तक। उनका मानवता का समसामयीकरण होता चला गया है। क्लासिकल कृतियों तथा धर्मग्रंथों में से उनकी बहुविध बहुपाठ। मिथकें नैतिकता और नियम-कानून से बहुधा (हमेशा नहीं) निरपेक्ष हुआ करती हैं। छल्लों की वजह से मिथक कथा अंतहीन चलती रही है। कई-कई अंतों से संयुक्त अंयत्र और अपूर्ण। लगभग पैंतालीस वर्षों बाद हम अपनी मिथक संबंधी कई प्रमुख अवधारणाओं को आमूलचूल बदलकर मिथक सरित्सागर के किनारे ब्रह्मांड दर्शन कर रहे हैं। हर मानक किताब में विश्व मिथकों के पाठ-प्रतिपाठ के प्रस्तुतीकरण भिन्न-भिन्न हैं। इसलिए मिथक में शुद्ध या सच्चे, सही गलत के सवाल उठाना ही उसके प्रति ज्यादती होगी।

# यूपीआई ट्रांजेक्शन में बढ़ोतरी



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश में यूपीआई ट्रांजेक्शन तेजी से बढ़ रहे हैं। वर्तमान में 500 मिलियन प्रतिदिन से बढ़कर शीघ्र ही एक बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में यह बात रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताई है। श्रीलंका, यूएई और सिंगापुर सहित सात देशों में इसके विस्तार को रेखांकित किया गया है।

इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक डिजिटल करेंसी के साथ सावधानी से आगे बढ़ रहा है। सुरक्षा और विश्वनीयता के लिए गहन परीक्षण पर विशेष जोर दे रहा है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) त्वरित भुगतान जिसने भारत के वित्तीय परिदृश्य को नया आकार दिया। 11 अप्रैल, 2016 को लॉन्च किया गया यूपीआई भारत में सबसे लोकप्रिय भुगतान पद्धति बन गया है और अनुमान है कि 2023 से 2028 तक खुदरा डिजिटल भुगतान में कुल लेनदेन की मात्रा का 90 प्रतिशत हिस्सा इसका होगा। यूपीआई को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीएल) द्वारा विकसित किया गया है और इसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित किया जाता है। यूपीआई की अधिकतम दैनिक ट्रांसफर सीमा बैंक दर बैंक 25,000 रुपये से लेकर एक लाख रुपये के बीच हो सकती है। कुछ बैंकों ने यूपीआई ट्रांसफर सीमा एक दिन के बजाय प्रति सप्ताह या प्रति माह भी निर्धारित की है। भारत का यूपीआई पेमेंट देश में लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। साथ ही इसका दायरा बढ़ाकर ग्लोबल हो रहा है।


यूपीआई पेमेंट सिस्टम को करीब एक दर्जन से ज्यादा देशों में रोलआउट कर दिया गया है। ऐसे में विदेश जाने वाले यात्रियों को काफी मदद मिलने की उम्मीद है। नवीनतम जानकारी के अनुसार यूपीआई के माध्यम से लेन-देन की संख्या अक्टूबर में बढ़कर रिकॉर्ड 16.58 अरब पहुंच गई। मूल्य के हिसाब से कुल 23.5 लाख करोड़ रुपये के यूपीआई लेन-देन हुए, संख्या के आधार पर यूपीआई लेन-देन में सितंबर के मुकाबले 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नई और स्मार्ट तकनीकी से परंपरागत नकदी का लेन-देन कितना कम होता जाएगा यह तो आने वाला समय ही बता सकता है।

# 20 करोड़ खाताधारकों का हुआ शेयर बाजार



डॉ. अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

**2024 की शुरुआत से अब तक हर महीने करीब 40 लाख नए डीमैट अकाउंट खुले हैं। बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह इस कैलेंडर वर्ष में नए आईपीओ का आना भी माना जा रहा है। अक्टूबर माह की समाप्ति तक पहुंचते-पहुंचते करीब 70 से अधिक कंपनियां आईपीओ के जरिए 85,419 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं।**




नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने अक्टूबर माह के अंत में जारी अपनी रिपोर्ट में अवगत कराया है कि भारतीय शेयर बाजार में डीमैट खाता धारकों की संख्या 20 करोड़ पहुंच चुकी है। वैसे भी प्रत्येक विकसित राष्ट्र में देश की आबादी का बड़ा हिस्सा शेयर मार्केट में निवेशित रहना आर्थिक सजगता का प्रतीक माना जाता है। वर्तमान परिदृश्य में अपने देश में भी शेयर मार्केट के प्रति आम भारतीयों की लोकप्रियता अवश्य ही भविष्य के लिए अच्छे संकेत दे रही है। सेबी की रिपोर्ट बताती है कि विगत मात्र एक माह में ही 45 लाख से अधिक डिमैट खाते खुले हैं।

दरअसल भारतीय शेयर बाजार में प्रतिभाग करने के लिए डीमैट खाते की अनिवार्यता है इसलिए शेयर मार्केट के प्रति लोगों का रुझान बढ़ने के कारण ही देश में इतनी तेजी से डीमैट खातों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा जारी की गई ताजा रिपोर्ट के अनुसार विगत माह में खुले 45 लाख से ज्यादा नए डीमैट खातों के कारण अब अपने देश में डीमैट खातों की संख्या 20 करोड़ के आंकड़े को भी पार कर गई है। अपने देश में डीमैट खातों के संचालन हेतु दो अधिकृत संस्थान हैं, जिन्हें क्रमशः एन.एस.डी.एल नेशनल सिक्योरिटी डिपोजिटरीज लिमिटेड और सी.डी.एस.एल. सेंट्रल सिक्योरिटी डिपोजिटरीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता है।

इन संस्थानों में खाता खुलवाए बगैर कोई भी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में निवेश ही नहीं कर सकता है। 30 सितंबर तक इन दोनों संस्थानों में कुल डीमैट खातों की संख्या 17.5 करोड़ थी, जो प्रतिमाह लगभग 40 लाख नए डीमैट खातों के रूप में बढ़ती जा रही है। हालांकि 130 करोड़ आबादी वाले देश में मात्र 20 करोड़ आबादी के पास डीमैट खातों का होना विकसित देशों की तुलना में काफी कम है तथापि 2019-20 के कोविड के उपरांत ही शेयर बाजार की ओर भारतीय निवेशकों का यह बढ़ता रुझान कुछ और कहानी भी कहता है। अब भी डीमैट खातों की यह संख्या समूची आबादी का मात्र 14 प्रतिशत ही है, जो विकसित देश क्रमशः अमेरिका के 50 प्रतिशत और यूनाइटेड किंगडम के 40 प्रतिशत की तुलना में बहुत अच्छा तो नहीं कहा जा सकता। अपने देश में शेयर बाजार में ट्रेडिंग का डिमैटिलाइजेशन 1996 से आरंभ हुआ था और 2019 तक मात्र 3.9 करोड़ निवेशकों के खातों के डिमैटिलजेशन तक ही पहुंच सका था, जो समूची आबादी का मात्र 3.1 प्रतिशत ही था। 1996 से 2019 तक 23 वर्षों में मात्र 3.1 प्रतिशत तक पहुंच सकने वाला आंकड़ा विगत पांच वर्षों में बढ़कर 14 प्रतिशत पहुंच जाना निश्चित रूप से उल्लेखनीय प्रगति ही कही जाएगी।

2024 की शुरुआत से अब तक हर महीने करीब 40 लाख नए डीमैट अकाउंट खुले हैं। बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह इस कैलेंडर वर्ष में नए आईपीओ का आना भी माना जा रहा है। अक्टूबर माह की समाप्ति तक पहुंचते- पहुंचते करीब 70 से अधिक कंपनियां आईपीओ के जरिए 85,419 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। हाल ही बंद हुए हुंडई के आईपीओ ने अकेले 27870 करोड़ भारतीय निवेशकों से वसूले हैं।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा डीमैट खातों की बढ़ती संख्या को लेकर जहां उत्साह में है वहीं शेयर बाजार में आम जनता का बढ़ता प्रतिभाग अनेकानेक चुनौतियां भी लेकर आ रहा है। वित्तीय शिक्षा के अभाव में छोटे निवेशक अपनी धनराशि इस बाजार में कभी मल्टीबैगर शेयर की खरीद के नाम पर और कभी वायदा कारोबार में हजार से लाख बनाने के नाम पर गंवाते जा रहे हैं। ऐसे में शेयर बाजार के नीति निर्धारकों के सम्मुख छोटे निवेशकों का बड़ा पैसा सुरक्षित रखना गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। आम जनता का डीमैट खाताधारक के रूप में शेयर बाजार में बढ़ता प्रतिभाग जहां ऑनलाइन ठगी के नए-नए रास्ते खोजने वाले शातिरों के लिए नए अवसर लेकर आया है वहीं शेयर बाजार की गतिविधियों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी निभाने वाली नियामक संस्थाओं के लिए भी छोटे निवेशकों के हित में नीतियों को व्यवस्थित करने की चुनौती लेकर आया है।

# दयालु प्रकृति

**जीवहत्या हमारे लिए घोर पाप है-यह बात अलग है कि गौमांस खाने की झूठी अफवाह पर हम संबंधित व्यक्ति को पीट-पीट कर मार सकते हैं अथवा जिहाद के नाम पर किन्हीं निर्दोष व्यक्तियों पर फायर कर और उन पर बम फेंक कर उन्हें मार सकते हैं।**



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

हम भारतवासी न केवल मानव वरन अन्य सभी जीव जंतुओं के प्रति भी दया भाव रखते हैं और अपनी दयालु प्रकृति के लिए स्वयं पर गर्व करते हैं। हम बच्चों के प्रति दया भाव रखते हैं- यह बात अलग है कि जब मैं कक्षा 6 में पढ़ता था, तब मेरे मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक ने मेरी कक्षा में घुसते ही बिना मेरी कोई गलती जाने मेरे इतनी जोर का चाटा मारा था कि मेरी पेशाब बहकर पूरी कक्षा में फैल गई थी। नारियों को हम देवी मानते हैं-यह बात अलग है कि मेरे एक ग्रामीण मित्र अफीम पियक्कड़ों की मंडली में रोज अर्धरात्रि तक बैठते थे और फिर जब खाना खाने जाते थे तो पत्नी अविलम्ब गर्म रोटी न परस दे, तो उसे गरियाते हुए थाली उसके ऊपर फेंक देते थे। एक अन्य मित्र अपनी बेगम को अक्सर झपड़ियाकर और तीन बार तलाक कह देने की धमकी देकर अपनी मनमानी करते रहते थे। गऊ हमारी माता है और हम गाय के प्रति विशेष श्रद्धा का भाव रखते हैं-यह बात अलग है कि गौ माता के श्रेष्ठ पुत्र होने के नाते हम उसके बछड़े को पर्याप्त दूध पीने देने के बजाय उसका सारा दूध निकाल कर स्वयं पी-खा जाते हैं। हम गाय के बछड़े को उतनी देर तक गाय के थन से दूध पीने का भ्रम अवश्य पाल लेने देते हैं, जितनी देर गाय को अपने थन में दूध उतारने में लगती है। जीवहत्या हमारे लिए घोर पाप है-यह बात अलग है कि गौमांस खाने की झूठी अफवाह पर हम संबंधित व्यक्ति को पीट-पीट कर मार सकते हैं अथवा जिहाद के नाम पर किन्हीं निर्दोष व्यक्तियों पर फायर कर और उन पर बम फेंक कर उन्हें मार सकते हैं। हमारी आस्था के अनुरूप हमारे प्रशासक भी दया भाव से पूरी तरह भरे हुए हैं-बस वे अपनी दया को अनुकूल अवसर हेतु आरक्षित रखते हैं। मेरी सेवा के प्रारंभिक दिनों में ही एक पीसीएस अधिकारी ने मुझसे बात करते हुए अपना मत व्यक्त किया था कि उसके चपरासी द्वारा उनसे मिलाई कराने के लिए हर व्यक्ति से एक रुपया झटक लेना कोई रिश्वत थोड़े ही है और फिर दया भाव के साथ आगे जोड़ा था कि इसके बिना चपरासी के परिवार का खर्चा कैसे चल सकता है। फिर एक अन्य अवसर पर एक एसपी को अपने दया भाव की बड़ाई करते हुए सुना था कि वह अपने अधीनस्थों को चाहे और कोई दंड दे दें, पर उनकी नौकरी नहीं लेते हैं, क्योंकि नौकरी लेने से तो उनका परिवार सफर करता है। इस नीति वाक्य को सुनकर मेरे अंदर बड़ी खलबली मची थी, क्योंकि पुलिस की थोड़े दिनों की नौकरी में ही मैंने किसी-न-किसी पुलिस वालों द्वारा निर्दोष व्यक्ति को अभियुक्त के रूप में चालान कर दूसरों के परिवार बर्बाद कर देने के प्रकरण सुन रखे थे।

प्रशासन के उच्च पदस्थ अधिकारी प्रायः आपस में भी एक-दूसरे पर बड़े दयालु रहते हैं। उनकी स्वयं की ख्याति कम दयालु होने की न हो जाए यह सोचकर वह एक से बढ़कर एक नालायक अधीनस्थ अधिकारियों की वार्षिक प्रविष्टि अति उत्तम और उत्कृष्ट लिख देते हैं। उच्च अधिकारियों ने अपने हेतु सेवा नियम भी ऐसे बना रखे हैं कि उन्हें दंडित करना लोहे के चने चबाने के बराबर होता है। किसी अधिकारी को दंडित करने की प्रक्रिया न केवल जटिल है वरन प्रायः गवाह और गवाही मैनिपुलेट हो जाने के कारण अंत में निरर्थक साबित होती है। अगर कोई अधिकारी दंडित हो भी जाएं तो ऐसे अधिकारीगण धनबल से इतने सक्षम होते हैं कि न्यायालय को स्टे/अपील/रिवीजन हेतु अप्रोच कर सकें। ऐसे केसेज के निस्तारण में होने वाली असीमित देरी के कारण प्रायः स्टे आदेश का प्रभाव अंतिम आदेश दे देना जैसा हो जाता है। कारण जो भी हो पर स्टे/ अपील/ रिवीजन के परिणाम प्रायः आरोपी के पक्ष में जाते हुए पाए गए हैं। व्यक्तिगत वार्ता के दौरान मुझसे एक न्यायमूर्ति ने अपना दया भाव इस प्रकार व्यक्त किया था कि स्टे देते समय उनका ध्यान मुख्यतः इस बात पर रहता है कि जो व्यक्ति इतनी तकलीफ उठाकर और इतना धन व्यय करके याचिका हेतु आया है, उसके साथ अन्याय न हो।

## एक नजर

### कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में आवेदन की तिथि बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 नवंबर तक 'ओ' लेवल व 'ट्रिपल सी' कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर थी। इस योजना के अंतर्गत अब तक 9 हजार से अधिक आवेदन जमा हो चुके हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवेदन तिथि में विस्तार का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवा इस कार्यक्रम से जुड़ सकें।

### नर्सिंग व पैरामेडिकल केंद्रों में 30 तक होगा पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में इस वर्ष दाखिला लेने वालों के पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गयी है। कॉलेज प्रशासन 30 नवंबर तक पंजीकरण करा सकेंगे। यह जानकारी यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा सभी प्रबन्धक व प्रधानाचार्यों को पत्र लिखकर दी गई है। स्टेट मेडिकल फैकल्टी सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग के अलावा विभिन्न विषयों के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में हर वर्ष नव प्रवेशित छात्रों का पंजीकरण कराना होता है, इस सत्र में पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर थी, भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली के निर्देशानुसार, पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गयी है।

# ग्राम सचिवालय से होगा शिकायतों का समाधान

## जिला व ब्लॉक कार्यालय के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर, गांव में ही दर्ज होंगी शिकायतें

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

एक्सक्लूसिव

- सरलीकरण करने के साथ बढ़ेंगी सेवाएं, जुड़ेगा शिकायत का विकल्प

**अमृत विचार :** ग्रामीणों को बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई, मनरेगा, आवास, पेंशन आदि की शिकायत के लिए जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बल्कि ग्राम पंचायत पर संचालित ग्राम सचिवालयों से इस तरह की शिकायतें व समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके लिए सिर्फ ग्राम सचिवालय पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करानी पड़ेगी। दरअसल, ग्राम सचिवालय से आय, जाति, निवास, खसरा-खतौनी आदि के आवेदन, इनकी नकल व प्रमाणपत्र जैसी 230 सेवाएं मिलती हैं। केंद्र व राज्य की इन सेवाओं को और सरलीकरण करके बढ़ाया जाएगा। सेवाओं के साथ ई-डिस्ट्रिक व सर्विस प्लस पोर्टल को अपडेट कर शिकायतें दर्ज कराने का विकल्प भी जोड़ा जाएगा।

**प्रदेश की स्थिति**

- कुल ग्राम सचिवालय - 57,691
- कॉमन सर्विस सेंटर - 50,364
- आईएसओ प्रमाणित ग्राम सचिवालय - 5 हजार

**इन मामलों की कर सकेंगे शिकायतें**

- खराब स्ट्रीट व सोलर लाइट
- बिजली आपूर्ति व फाल्ट
- व्यक्तिगत शौचालय निर्माण
- सामुदायिक शौचालय की मरम्मत व सफाई
- आधार कार्ड बनाना, मनरेगा कार्यों
- जर्जर सड़क, जलभराव, नया निर्माण

**आगरा में सम्मेलन 19 को, सात राज्य होंगे शामिल**

जमीनी स्तर पर सेवा वितरण को बढ़ावा देने के लिए यह व्यवस्था देशभर में शुरू होगी। इस संबंध में 19 नवंबर को आगरा पंचायत सम्मेलन आयोजित होगा। कार्यक्रम में उप्र. के साथ असम, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, नागालैंड व उत्तराखंड के संबंधित मंत्री व उच्च अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम में पुरानी सेवाओं का सरलीकरण, नई सेवाएं बढ़ाना, ऑनलाइन शिकायतों का समाधान करने संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा।

> सरकार का मकसद जमीनी स्तर पर सेवा वितरण को बढ़ावा देना है। इससे बिना भागदौड़ एक जगह पर ग्रामीणों के सभी कामकाज हो सकें। नई व्यवस्था लागू होने पर गांव में सेवाओं के साथ ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा मिलेगी। - **अटल कुमार राय, निदेशक पंचायती राज विभाग, उप्र.**

## राजधानी के सीएमओ बने डॉ. एनबी सिंह



कार्यभार ग्रहण करते डॉ. एनबी सिंह।

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) लखनऊ डॉ. मनोज अग्रवाल 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए हैं। शासन द्वारा बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र बहादुर सिंह (डॉ.एनबी सिंह) को राजधानी का नया सीएमओ बनाया गया है, वहीं नए महानिदेशक की तैनाती होने तक निदेशक डॉ. दिनेश कुमार बतौर कार्यवाहक महानिदेशक कार्य करेंगे।

स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा शनिवार को लखनऊ के नए सीएमओ का आदेश जारी किया गया है। आदेश मिलने के बाद डॉ.एनबी सिंह ने दोपहर में ही कार्यभार ग्रहण कर लिया। मालूम हो कि महानिदेशक परिवार कल्याण पद की दौड़ में सबसे प्रबल दावेदारों में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.सुषमा सिंह हैं, दूसरे नंबर पर निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ.रतन लाल सुमन और तीसरे नंबर पर बलरामपुर अस्पताल के वर्तमान निदेशक डॉ. पवन गंगवार अरूण हैं। इसी माह 30 नवम्बर को वर्तमान स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर भी सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# प्रदेश में जनसंख्या के हिसाब से कम है राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अभी भी राष्ट्रीय औसत 11.77 किमी प्रति लाख जनसंख्या से कम
- राष्ट्रीय औसत के स्तर पर लाने के लिए 11 हजार 500 किमी और राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने होंगे

**अमृत विचार :** प्रदेश में जनसंख्या की नजर से राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार अब भी कम है। सच्चाई यह है कि इसका विस्तार आज भी राष्ट्रीय औसत 11.77 किमी प्रति लाख जनसंख्या से कम है। ऐसे में राष्ट्रीय औसत के स्तर पर लाने के लिए 11 हजार 500 किमी और राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने होंगे। शासन के सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के लिए किसी भी विभाग की जमीन को निःशुल्क देने से इस कवायद में तेजी आएगी।

दरअसल, 2017 में प्रदेश में 8364 किमी लंबे कुल 48 राष्ट्रीय राजमार्ग थे, जबकि 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 93 हो गई और राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई भी बढ़कर 12,733 किमी हो गई है।

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल होकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष उप्र. में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार की मांग रखी थी।

उस दौरान उन्होंने इस बात के लिए भी आश्वस्त किया था कि उप्र. में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार की प्रक्रिया को थमने नहीं दिया जाएगा और इसमें आने वाली हर अड़चन का समयबद्ध ढंग से निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के लिए किसी भी विभाग की जमीन को निःशुल्क दिया जाएगा।

## गोवंश उत्पादों का करें प्रचार-प्रसार : धर्मपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोवंश आधारित उत्पादों के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जाए। पशुधन मंत्री शनिवार को बरेली स्थित गो संरक्षण केन्द्र मऊ में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस बीच, गोवर्धन पर्व पर प्रदेश भर में गौशालाओं में गो-पूजन किया गया।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता अस्थायी गोआश्रय सरेण्डी में शामिल हुए। इसी तरह, विभिन्न जिलों में मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों ने गोआश्रय स्थलों में गोवर्धन पूजा में शामिल होकर गोवंश को गुड़, हरा चारा, फल आदि का वितरण किया।

# संकीर्ण राजनीति को जवाब देने की जरूरत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कमियों से ध्यान बांटने व गुमराह करने के लिए दिए जा रहे नारे : मायावती



**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख बसपा ने कहा कि भाजपा व सपा अपनी कमियों से ध्यान बांटने व लोगों को गुमराह करने के लिए नारों का सहारा ले रहे हैं, जबकि लोग बसपा से जुड़े तभी आगे बढ़ेंगे व सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि लोग संकीर्ण राजनीति का छलावा करने वाले इन दलों को इसी उप चुनाव में जवाब दें। बसपा प्रमुख शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा 'बंटेंगे तो कटेंगे' व सपा 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' के नारे दे रही है। इससे सावधान रहने की जरूरत है। सपा अपने नारे से पार्टी से जुड़े अपराधियों को एकजुट होने का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर बसपा उप चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारती थी, पर इस बार उप चुनाव में सभी नौ सीटों पर प्रत्याशी उतारे गए हैं। इसी कारण इंडिया गठबंधन में शामिल दलों सपा-कांग्रेस और भाजपा नेताओं की नींद उड़ी हुई है।

**महिला नेता पर अभद्र टिप्पणी पर हो कार्रवाई**

बसपा प्रमुख ने कहा कि महिला पर अभद्र टिप्पणी मामले में महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी गुट के नेता सांसद अरविंद सांवत पर कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि महिला के लिए अभद्र, अमानवीय, शर्मनाक व निंदनीय भाषा का प्रयोग किया गया। इससे सरकार को हल्के में न लेकर अति गंभीरता से लेते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई किया जाना चाहिए। मालूम हो कि सावंत पर शिवसेना शिंदे गुट की नेता शायना एनसी के खिलाफ विवादित बयान देने का आरोप है।

## बुलडोजर के जरिए संविधान को रौंदना चाहती है भाजपा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अंधेरनगरी चौपट राजा जैसी स्थिति है। भाजपा ने प्रदेश को अंधकार में पहुंचा दिया है। बुलडोजर के जरिए लोकतंत्र और संविधान को रौंदना चाहती है। रामराज में बुलडोजर राज नहीं चलेगा। इसके विपरीत सपा के पास सीमित साधन हैं, पर उसकी साख असीमित है।

सपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में दीपावली मिलन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से शामिल होने आए पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान जनता की रक्षा का धर्म है। भाजपा को संविधान बदलने की जल्दी है। वह बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के बनाए संविधान की विरोधी है। भाजपा को लोकलाज भी नहीं है। उससे रामराज की कोई उम्मीद नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 में भाजपा धन-बल और सत्ता के दुरुपयोग से जीत गई। अब कोई चूक नहीं होनी चाहिए।



गोरखपुर : गोरखनाथ मंदिर के परिसर में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी।

## भू-माफिया व दबंगों पर हो कठोर कार्रवाई : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर शनिवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।


## वर्ग पहेली-240

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल; चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. ख़ाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।



**वर्ग पहेली-239 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बे | ठ | 5 क |
| | 6 ग | डु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

# 'बंटेंगे तो कटेंगे' बनाम 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' के जरिए हमले तेज

## सांप्रदायिक और जातीय ध्रुवीकरण में जुटे भाजपा व सपा के नेता, उप चुनाव में नए मुद्दों के सहारे राजनीतिक दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप चुनाव में आम मतदाताओं की परेशानियों और सहूलियतों से ज्यादा 'बंटेंगे तो कटेंगे' बनाम 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' जैसे सांप्रदायिक और जातीय ध्रुवीकरण के मुद्दे हावी होते दिख रहे हैं। दिवाली बाद एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं समेत बसपा प्रमुख भी इसी मुद्दे को लेकर नए नारे गढ़ने में मैदान में कूद पड़ी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले आगरा के एक कार्यक्रम में 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा गरमाया था, जिसे हरियाणा के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक हैं तो सेफ हैं जोड़ते हुए आगे बढ़ाया। बाद में संघ प्रमुख मोहन भागवत की अध्यक्षता में मथुरा के चिंतन शिविर में मुहर लगते ही भाजपा का सबसे बड़ा नारा बन गया है। महाराष्ट्र के चुनाव में इस नारे की चर्चाएं हैं।

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव में मुख्यमंत्री योगी समेत पूरी भगवा टीम इस मुद्दे पर फ्रंट फुट पर खेलने में जुटी है। भाजपा नेताओं की लंबी कतार बनती जा रही है, जो इस नारे के जरिए विरोधियों पर हमले करते हुए नई-नई लाइनें जोड़ रही है।

जबकि पीडीए के फॉर्मूले पर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान बड़ी जीत हासिल करने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव जुड़ेंगे तो जीतेंगे के जरिए भाजपा की काट तलाश रहे हैं। उनकी कोशिश है कि उप चुनाव में उनका पीडीए फार्मूला न गड़बड़ाने पाए। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण गरमाने से ओबीसी और दलित साथ नहीं आया तो खेला होना तय है। सिर्फ यादव और अल्पसंख्यक मतदाता नैया पार नहीं लगा सकते। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी के मुखिया और अन्य नेताओं के द्वारा लगातार बंटेंगे तो कटेंगे के नारे पर हमला किया जा रहा है। हालांकि 23 नवंबर को यह सामने आ जाएगा कि किस एजेंडे की जीत हुई और वर्ष 2027 का परिदृश्य कैसा हो सकता है।

**रावण और दुर्योधन का नाम लेकर साधा निशाना**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वनटांगिया समुदाय के बीच दिवाली के दिन विपक्ष पर हमला करते हुए रावण और दुर्योधन का नाम लेकर भी हमला किया। कहा कि आज कोई जाति, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है। इन बांटने वाले तत्वों में रावण और दुर्योधन का ही डीएनए काम कर रहा है। वे यहीं रुके, बल्कि आह्वान किया कि जिन्ह मोहि मारा ते मैं मारा..बहनों और भाईयों बजरंगबली बनिए।

**परिवारवाद-दंगाई-अपराधी का गठबंधन है पीडीए**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच पर सपा मुखिया पर करारा हमला किया। लिखा कि अखिलेश यादव का पीडीए असल में एक छलावा है, यह पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक का नहीं बल्कि परिवारवाद-दंगाई-अपराधी का गठबंधन है। दूसरी ओर भाजपा का पीडीए है प्रगति, विकास और सुशासन।

**सबसे निकृष्टतम नारे के रूप में होगा दर्ज**



मुख्यमंत्री योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर शनिवार को निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि यह नकारात्मक नारा उनकी निराशा व नाकामी का प्रतीक है। सपा मुखिया ने कहा कि देश के इतिहास में ये नारा 'निकृष्टतम-नारे' के रूप में दर्ज होगा और उनके राजनीतिक पतन के अंतिम अध्याय के रूप में आखिरी 'शाब्दिक कील' साबित होगा।

## सुडोकू-153

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | 8 | | 3 | |
| 6 | | | | 5 | | 4 | 1 | 7 |
| 5 | | | 4 | | | | | 6 |
| | 6 | | 2 | | | 1 | 9 | |
| 8 | | | | | | | | 5 |
| | 7 | 5 | | | 3 | | 2 | |
| 2 | | | | | 7 | | | 3 |
| 1 | 5 | 9 | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | 6 | | | 8 | | |

**सुडोकू - 152 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 | 8 | 4 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 नवंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 20.05 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सचेत रहने की आवश्यकता है। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। आपको अपनी कमियों पर गौर करना चाहिए। आपका दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा।

**वृष:** आज पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। दिखावे से आपको दूर रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन:** आज दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। किसी को चुभने वाले वक्तव्य न दें। मीडिया से जुड़े लोगों बड़ी बहादुरी के साथ अपना काम करेंगे। आय के साधन बढ़ सकते हैं। प्रतिस्पर्धा के माहौल में आप प्रतिद्वन्द्वियों पर भारी पड़ेंगे।

**कर्क:** आज सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिए काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। बातचीत करते हुए शब्द चयन सही तरह से करें। प्रेम संबंधों को लेकर परिजन कुछ नाखुश हो सकते हैं।

**सिंह:** आज दोपहर के बाद आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको परेशानी होगी। रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। विद्युत उपकरणों में खराबी आ सकती है।

**कन्या:** आज उच्चाधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। कारोबार में सुधार कर सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिए जा सकते हैं।

**तुला:** आज स्वभाव में चिड़चिड़ापन के कारण आपसे परिजन नाराज हो सकते हैं। आंखों में जलन और इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है। अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटाएंगे।

**वृश्चिक:** आज अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। घर में मनपसंद भोजन का स्वाद लेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

**धनु:** आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। प्रेमी जन की भावनाओं का सम्मान करें। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में बहुत काम हो सकता है।

**मकर:** आज नए विचारों को अपनाने में आप संकोच नहीं करेंगे। प्रेम संबंधों में भावनात्मक नजदीकी बढ़ेगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में काफी सुधार आएगा। संतान की शिक्षा पर आप काफी ध्यान देंगे।

**कुंभ:** आज नई जॉब के ऑफर मिलने की संभावना बन रही है। करियर और फाइनेंस के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है। आपमें प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी।

**मीन:** आज अध्यात्मिक चर्चाओं में हिस्सा ले सकते हैं। अधूरे पड़े कार्यों को पूरा कर लेंगे। घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी। व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को आप काफी महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप काफी भाग्यशाली रहेंगे।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | भीष्मा | सुबह : 10.54 |
| B4U Movies | लोहा | रात : 09.00 |
| &pictures | मिशन रानीगंज | सुबह : 11.11 |
| &pictures | विवाह | रात : 07.30 |
| Sony Pix | जॉन विक : चैप्टर 2 | सुबह : 10.52 |
| Sony Pix | ज़ॉम्बीलैंड | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | रक्षाबंधन | सुबह : 11.12 |
| Zee Cinema | खिचड़ी 2 | रात : 08.00 |
| Zee Action | बिंबसार | सुबह : 10.31 |
| Zee Action | गुमनाम | रात : 07.30 |

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.11 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल
कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।



दुकान के जले सामान के पास खड़े मायूस दुकानदार। अमृत विचार



ट्यूबवेल में लगी आग से नुकसान दिखाते भुक्तभोगी। अमृत विचार

# दुकान, ट्यूबवेल में आग से लाखों राख

## दीपावली की रात दो जगह अग्निकांड, दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया

संवाददाता, राजपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों में दीपावली की रात आग से दुकान व ट्यूबवेल के साथ गृहस्थी का सामान राख हो गया। इससे इनके मालिकों को लाखों का नुकसान हुआ। लोगों ने दमकल की मदद से आग बुझाई।

कस्बे के हनुमानगंज निवासी रमेश चंद्र गर्ग की गुड़ मंडी रोड पर पान और अन्य सामान की दुकान है। वह दीपावली को दुकान बंद कर घर गए थे। रात करीब 11 बजे दुकान के पास रहने वाले लोगों ने दुकान से निकल रहे धुंये के गुबार को देख रमेश को इसकी सूचना दी। वह भागकर दुकान पहुंचा और वहां की हालात देख बदहवास हो गया। शटर का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन लपटों की वजह से कोई ऐसा नहीं कर सका। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल के जवान मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। भुक्तभोगी दुकानदार ने बताया कि दुकान पर रखा करीब 12 हजार रुपये, पान के झाल व दुकान का सामान जल गए। उधर, ग्राम पंचायत सगवारा में उसी रात राधेश्याम पांडेय के ट्यूबवेल में आग लग जाने से गृहस्थी का सामान, गेहूं, चना, चावल, धान, पाइप, बाइक व अन्य सामग्री राख के ढेर में तब्दील हो गए। राधेश्याम ने बताया कि वह, पुत्र छोटू व पत्नी के साथ ट्यूबवेल के पास बने घर में रहता है। त्यौहार में पुत्र रमाकांत, राजाराम व श्रवण भी आए थे। दीपावली की रात अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी बढ़ गईं कि कोई बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। दमकल के पहुंचते पहुंचते लाखों की संपति राख हो चुकी थी। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा के निर्देश पर पहुंचे लेखपाल इंद्र कुमार ने नुकसान का आकलन किया।



आग से बाइक भी जल गई। अमृत विचार

# दीपक जला कर लौट रहे किसान की हादसे में मौत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- बाइक ने साइकिल को मार दी टक्कर, अस्पताल में हुई मौत

**अमृत विचार।** खेत में दीप प्रज्ज्वलित कर घर लौट रहा वृद्ध किसान बाइक की टक्कर से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। त्यौहार में हुए हादसे से घर में रोना पीटना मच गया।

जानकारी के अनुसार, दीपावली के दिन सरधुआ थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरसेन निवासी विजय पांडेय (59) खेत में दीप प्रज्ज्वलित करके साइकिल से लौट रहा था। सुरसेन चौराहे से कुछ ही दूरी पर गांव की ओर एक बाइक ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया और निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर मंझनपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में वृद्ध ने दम तोड़ दिया।

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहनचालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। त्योहार के दिन हुए इस हादसे से घर में मातम पसर गया।

# जुआ खेल रहे11 लोग गिरफ्तार

**सीतापुर (चित्रकूट)।** सीतापुर एवं परिक्रमा मार्ग खोही पुलिस टीम ने जुआ खेलने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया। सीतापुर चौकी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने इंद्रजीत निषाद निवासी रानीपुर भट्ट, शुभम गुप्ता, प्रेम पटेल, अजय कुमार, बुद्धविलास, पूरन कुशवाहा और रामबाबू निवासीगण सीतापुर को गिरफ्तार किया। माल फड़ से 4100 रुपये व जामा तलाशी से 600 रुपये बरामद किए गए।

चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही रमेश सिंह ने प्रेम नारायण, कमलेश, इंद्रजीत, महेंद्र कुमार निवासीगण बंदरकोल को जुआ खेलने के आरोप में पकड़ा। पुलिस ने माल फड़ से 1500 और जामा तलाशी से 12570 रुपये बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### आरोपी गिरफ्तार, शराब बरामद

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के एसआई हर्षित मिश्रा ने अनिल कुमार पुत्र शंभूदयाल निवासी शंकर बाजार को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई।

## सार-संक्षेप



गोवर्धन पूजा करते अधिकारी और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

### गोवर्धन पूजा के बाद किया गौशाला का निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने जनप्रतिनिधियों के साथ शनिवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर कसहाई में गो पूजन किया। गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी ने व्यवस्थाएं देखीं और संचालक, प्रधान, सचिव एवं पशु चिकित्सक को निर्देशित किया कि गोवंशों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। गौशाला में 417 गोवंश पाए गए। जिलाधिकारी ने बायोगैस प्लांट एवं वर्मी कंपोस्ट का भी निरीक्षण किया। बताया कि गोवर्धन पूजा पर जिले की गौशालाओं में गो पूजन कार्यक्रम किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, कोऑपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।



लोगों को प्रसाद वितरित करते जिलाधिकारी और उनकी धर्मपत्नी। अमृत विचार

### शिव मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर किया भंडारा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** दीपावली अमावस्या मेले में मंदाकिनी नदी जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. तनुसा टीआर ने रामघाट के समीप स्थित शिव मंदिर में विधिवत् पूजा अर्चना की। प्रसाद का भोग चढ़ाया और श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मेले में जिला प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को त्योहार की बधाई दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, राजापुर प्रमोद कुमार झा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मान, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी आदि मौजूद रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते आस्थावान। अमृत विचार

### प्राचीन हनुमान मंदिर में हुआ भंडारा

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** दीपावली के एक दिन बाद श्री हनुमान जी मंदिर नांदी तौरा में महंत महेंद्र दास की देखरेख में 56 भोग भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। महंत ने बताया कि दीपावली के बाद अन्नकूट देवी का विशाल भंडारा हर वर्ष किया जाता है। इसमें क्षेत्र के आस्थावान दर्शन करने के उपरांत प्रसाद ग्रहण करते हैं। बताया कि मंदिर में सन् 1998 से लगभग 54 गांवों के आस्थावान अनवरत् 24 घंटे रामनाम संकीर्तन का उच्चारण करते हैं। सन् 1994 से श्रीरामचरित मानस का पाठ भी लगातार होता चला आ रहा है। भंडारे में देवकुमार तिवारी, सुधीर मिश्रा, कमलेश मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, शिवम, हिमांशु, संजय मिश्रा आदि का सहयोग रहा।



सम्मान समारोह में पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थी। अमृत विचार

### पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** रेहुटा गांव में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य गांव के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। बजरंगबली मंदिर में हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया। एसओ पहाड़ी रीता सिंह, डा. एसपी त्रिपाठी व समाजसेवी डा. प्रभाकर सिंह गांधी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में प्रेमचंद्र शिवहरे, ग्राम प्रधान नंदराम यादव, मिथलेश यादव, प्रेमचंद शिवहरे, डा. विनय यादव, महेंद्र यादव, अशोक यादव आदि मौजूद रहे। गया प्रसाद यादव, राजेश सिंह एवं उदय प्रताप ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संचालन उदय प्रकाश ने किया। विजेताओं को सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किए गए।



पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराते भाजपा जिलाध्यक्ष।

### मंदिर परिसर में हुआ दंगल, पहलवानों ने दिखाए दांव

**पहाड़ी( चित्रकूट)।** नांदी हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को दंगल का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर इसकी शुरुआत कराई। ग्राम पंचायत नांदी में श्रीबजरंग कमेटी द्वारा इनामी दंगल की परंपरा पुरानी है। कमेटी अध्यक्ष व पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष हाईकोर्ट इंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यहां के दंगल में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब व हरियाणा आदि प्रांतों के पहलवानों की उपस्थिति रहती है। दंगल मे लगभग दो दर्जन कुश्तियों में पहलवानों ने दांवपेंच दिखाए। इस मौके पर भाजपा नेता जगदीश गौतम, देशराज यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, ओमप्रकाश त्रिपाठी दक्षिणी सोसायटी समिति अध्यक्ष पहाड़ी, गणेश मिश्रा, पंकज शुक्ला आदि रहे।

## पतौंडा मोड़ पर ट्रक पलटने से बाइक सवार की मौत

**भरतकूप, चित्रकूट।** अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। भरतकूप के पतौंडा मोड़ के पास हाइवे पर शनिवार शाम एक अनियंत्रित ट्रक अचानक पलट गया और बगल से गुजर रही बाइक चपेट में आ गई। बाइक सवार को गम्भीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घायल को सरकारी वाहन से शिवरामपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मौके पर बाइक सवार का मोबाइल मिला, जिस पर कॉल आने पर उसकी पहचान संजय पुत्र बाबूलाल निवासी बगलई, चौकी शिवरामपुर थाना कर्वी के रूप में हुई।अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने संजय को मृत घोषित कर दिया।

# पुलिसिया जांच से संतुष्ट नहीं है रेप पीड़िता और परिजन

**फालोअप**

- आरोपी के स्केच पर भी असहमत है युवती-अनुज हनुमत

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** गैंगरेप पीड़िता और उसके परिजन पुलिस की अबतक की जांच से संतुष्ट नहीं। शनिवार को प्रेस क्लब यूपी के जिलाध्यक्ष अनुज हनुमत की अगुवाई में पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल पीड़िता और उसके परिवार से मिला तो कई चौंकाने वाली बातें सामने आईं। अनुज ने बताया कि पीड़ित युवती ने तो पुलिस के बनवाए स्केच तक पर सवालिया निशान लगाए। परिजनों का कहना है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

बरगढ़ थानांतर्गत एक गांव निवासी 23 वर्षीया युवती, जो एक निजी अस्पताल में नर्स है, से पिछले शनिवार को चार युवकों ने गैंगरेप किया था। इस हादसे को पूरा एक हफ्ता हो गया पर पुलिस के हाथ खाली के खाली हैं। परिजन और पीड़िता मायूस हैं। शनिवार को अनुज हनुमत और अन्य पत्रकार पीड़िता के घर पहुंचे। अनुज ने बताया कि पीड़िता कुछ दिन पहले ही प्रयागराज से इलाज कराकर लौटी है। उसने बताया है कि जब उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी तब पुलिस ने उससे पूछ पूछकर स्केच बनवाया था और जो स्केच बना है, उससे वह सहमत नहीं है। अनुज ने कहा कि उनका संगठन युवती की लड़ाई को लड़ेगा और उसे न्याय दिलाकर ही दम लेगा।

### इंजेक्शन लगाने की कोशिश की

अनुज के अनुसार पीड़िता ने बताया कि ऐसा लगता है कि उसे उन लोगों ने इंजेक्शन लगाकर बेहोश करने की भी कोशिश की। उसके हाथ में सीरिंज जैसा कुछ चुभा भी था, जिसे उसने छिटक दिया था। अनुज ने बताया कि पुलिस की जांच पर पीड़िता और उसके परिजनों को भरोसा नहीं है। युवती के चाचा ने तो यहां तक कहा कि थाने के कुछ पुलिसकर्मियों के मोबाइलों की जांच की जाए तो बहुत कुछ सामने आ सकता है।

### शरीर पर अभी भी हैं हैवानियत के निशान

पीड़िता के शरीर पर अभी भी हैवानों की हैवानियत के निशान हैं। उसके ही कपड़े से दुष्कर्मियों ने इस बुरी तरह से मुंह बांधा था कि उसके होंठ और जीभ पर गंभीर चोटें आईं। नाखून के भी निशान हैं। उसने बताया कि वह भाग न सके, इसके लिए उसके एक पैर पर भी पत्थर मारा गया।

### दर्दनाक हादसे को भूल नहीं पा रही

पत्रकारों से बातचीत के दौरान भी पीड़िता की आंखों में खौफ साफ नजर आ रहा था। उसने बताया कि बीते दिन पुलिस उसे क्राइम स्पाट पर ले गई थी पर वहां भी वह बेहोश हो गई थी। उस दिन की बात करते हुए उसने कहा कि वह उसकी जिंदगी का सबसे मनहूस दिन था, जिसने उसकी खुशियां छीन लीं और जिंदा लाश बना दिया।

### स्थानीय भाषा का प्रयोग कर रहे थे

पीड़िता ने बताया कि उसके दोषी बातचीत में स्थानीय भाषा का प्रयोग कर रहे थे। साथ ही बार बार गाड़ी लाने की बात कह रहे थे, जिससे ऐसा लगता है कि वे उसे दुष्कर्म के बाद रेलवे ट्रैक पर डालना चाहते थे। ऐसा वे इसलिए नहीं कर पाए कि किसी तरह वह लड़खड़ाती हुई उनके चंगुल से भागकर ट्रैक के पास पहुंच गई और जहां उसको गैंगमैन ने देख लिया।

### एक आदमी को देखते ही पहचान लेगी

उसने बताया कि सभी लोग घात लगाए बैठे थे। उसकी साइकिल को पीछे से एक आदमी ने पकड़ लिया, जिसका चेहरा वह देख ले गई। इसके बाद सबसे पहले उसकी आंखों पर कपड़ा बांधा गया। हाथ बांध दिए गए और फिर सबने बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। इस आदमी के साथ अन्य लोगों को भी वह आवाज से पहचान लेगी।



भरतकूप मंदिर में उमड़ी आस्थावानों की भीड़। अमृत विचार

# लाखों श्रद्धालुओं ने किए दीप जलाए

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)

- भरत कूप के प्राचीन मंदिर में उमड़ी आस्थावानों की भीड़
- श्रद्धालुओं ने कूप के जल से स्नान कर पूजा अर्चना की

**अमृत विचार।** दीपावली मेले में भरतकूप के प्राचीन मंदिर में भी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं में दीपदान और दीप प्रज्ज्वलन को लेकर भारी उत्साह रहा। कूप के जल से स्नान कर पूजा अर्चना की।

भरतकूप स्थित प्राचीन मंदिर के महंत लवकुश दास ने बताया कि पांच दिवसीय मेले में करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर में दीपदान किया। श्रद्धालुओं ने धार्मिक स्थल को दीपों की रोशनी से जगमगा दिया। महंत ने बताया कि मेले में दुकानदारों की भी कमाई हुई। लगभग 30 लाख रुपये की बिक्री हुई है। दीये, मिठाई, नारियल, लाई आदि की भी अच्छी खासी बिक्री हुई।

महंत ने कहा कि इस मंदिर ने रोजगार और व्यापार को बढ़ावा देने का काम किया है, जिससे स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ हुआ है। उनका कहना है कि मंदिर के आसपास व्यापारिक गतिविधियों से ही कई लोगों को रोजगार मिलता है और यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है। महंत ने प्रशासन और पुलिस प्रशासन थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह व उप निरीक्षक उत्कर्ष सिंह की व्यवस्था की सराहना की। बताया कि इस बार प्रशासन की ओर से अच्छी व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। परिसर में सफाई व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी गई थी।

**परंपरा** | औरंगजेब के जमाने से लगता है गधों का मेला, मप्र, राजस्थान, बिहार और नेपाल से भी लोग इस मेले में गधे खरीदने आते हैं

# आधुनिकता की भेंट चढ़ रहा है प्राचीन गधा मेले का अस्तित्व

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** दीपावली के अवसर पर तीर्थक्षेत्र में इस साल भी गधा मेला लगा। लगभग तीन सौ साल से चली आ रही मेले की परंपरा धीरे धीरे आधुनिकता की भेंट चढ़ती जा रही है। हर साल मेले में कम होते मवेशियों और खरीदारों की संख्या इस बात की तस्दीक करती है कि मशीन के इस युग ने जानवरों की श्रमशक्ति पर मनुष्य के विश्वास को तेजी से कम किया है।

तीर्थक्षेत्र में मप्र अंतर्गत बालाजी मंदिर के पास मंदाकिनी नदी के किनारे लगने वाला यह गधा मेला संभवतः राजस्थान के बाद दूसरा बड़ा मवेशी मेला है। यह दीपावली से तीन दिन तक लगता है। इसमें उप्र के ही नहीं बल्कि मप्र, राजस्थान, बिहार और यहां तक कि नेपाल से भी गधों के पारखी गधे खरीदने आते हैं। मेले में दस हजार से लेकर कई लाख तक के गधे बिकते हैं।





मेले में आए गधे और उनके खरीदार- विक्रेता। अमृत विचार

**औरंगजेब से जुड़ा है मेले का इतिहास:** मेले का इतिहास औरंगजेब से जुड़ा है। बताया जाता है कि मुगल शासक औरंगजेब जब यहां बालाजी मंदिर में तोड़फोड़ करने जा रहा था तो उसके लावलश्कर में शामिल लोग बीमार पड़ने लगे थे। हाथी-घोड़े मंदाकिनी के किनारे मूर्छित हो गए थे। इस पर मंदिर के पुजारी बालकदास महराज ने मंदिर की पूजा की भभूत औरंगजेब और उसकी सेना के ऊपर छिड़क दिया था, तब तत्काल उसकी सेना उठकर खड़ी हो गई थी। इससे प्रभावित होकर औरंगजेब ने मंदिर में तोड़फोड़ का विचार त्याग दिया था और मंदिर को 300 बीघे जमीन दान में दी। लगान माफ कर दिया था। यहां पर उसने गधों-खच्चरों, घोड़ों का मेला भी लगवाया था। तब से इस मेले की परंपरा चली आ रही है।

**व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी:** गधों के खरीदार और विक्रेताओं ने हर बार की तरह इस बार भी नगर पंचायत की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। यहां फैली गंदगी और अन्य अव्यवस्थाओं पर रोष जताते हुए कई लोगों ने बताया कि यहां 500 रुपये प्रति गधा टोकन लिया जाता है पर सुविधाओं को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। लोगों का इस मेले से मन उचाट होने का यह भी एक कारण है। बांदा से आए रामशरण सोनकर ने बताया कि उसने इस बार दो जानवर खरीदे हैं। एक साढ़े ग्यारह हजार का और दूसरा सोलह हजार का। प्रयागराज से आए व्यापारी नेमी ने बताया कि वह गधा बेचने और खरीदने आया है।

### शाहरुख से महंगा बिका लारेंस

इस गधे मेले की एक खास बात यह भी है कि यहां आने वाले गधों-खच्चरों के नाम या तो फिल्म अभिनेता या फिर किसी चर्चित व्यक्ति के नाम पर होते हैं। पिछले कई सालों से सलमान नाम के गधे की बिक्री सबसे महंगी होती रही है पर इस साल लारेंस विश्नोई ने बाजी मार दी। लारेंस नामका गधा एक लाख चालीस हजार का बिका। इसने शाहरूख का भी रिकार्ड तोड़ दिया, जो सत्तर हजार का बिका था।

### नई पीढ़ी को नहीं है रुचि

मेले के संचालक रमेश पांडेय बताते हैं कि इस साल मेले में कम जानवर पहुंचे हैं। मांग भी कम है। मवेशी यहां पुराने गधे बेचकर नए खरीदने की परंपरा निभाते हैं। नई पीढ़ी इस धंधे को नहीं करना चाह रही, इस मेले में मवेशियों के कम आने और भीड़ कम होने की भी एक वजह है।

# गोवर्धन का पूजन कर अर्पित किए अन्नकूट

## महिलाओं ने अन्नकूट उत्सव पर गोबर से बनाई आकृति

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** गोवर्धन पूजा का पर्व शनिवार को घर- घर मनाया गया। महिलाओं एवं बच्चियों ने घरों के बाहर गोबर से गोवर्धन भगवान की अकृति बनाई और उनको सजाकर पूजन किया। अन्नकूट भी अर्पित किया। गोवर्धन गिरिराज की प्रतीकात्मक रूप से परिक्रमा भी की।

शनिवार की सुबह से ही गोवर्धन पूजा को लेकर घरों में महिलाओं द्वारा तैयारियां शुरू हो गईं थीं। लोगों ने गाय के गोबर से घरों के बाहर गोवर्धन भगवान आकृति बनाई। साथ ही रंगोली भी बनाई गई। विधि विधान के साथ गोवर्धन पर मिठाई, बताशा, तिल सहित तमाम सामग्री अर्पित की। तमाम घरों में 56 भोग भी बनाए गए।


गोवर्धन भगवान की पूजा करते भक्त।

गोवर्धन पूजा के चलते शहर में घरों के बाहर महिलाओं, पुरुषों, बालिकाओं के अलावा बच्चों की खासी भीड़ नजर आई। पूजा समाप्ति के बाद लाई, बताशा, लड्डू आदि का लोगों में वितरण किया गया।

गोवर्धन्नाथ मेला मंदिर चरखारी परिसर में महिलाओं ने एकजुट होकर भगवान गोवर्धन्नाथ की पूजा अर्चना की।

गोवर्धन की पूजा के लिए महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। महिलाएं सुबह से गाय का गोबर एकत्र करने में जुट गई, इसके लिए गोबर के उपले व तरह- तरह की आकृतियां बनाई। इसके बाद सभी महिलाओं ने एक साथ बैठकर भगवान गोवर्धन की पूजा की। पूजा की तैयारी के लिए महिलाएं पहले से जुटी रही।


अन्नकूट भोज में प्रसाद लेते भक्त। अमृत विचार

# बड़ी चंद्रिका माता की आरती कर मांगी समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड के किसानों की खुशहाली, अच्छी पैदावार होने, प्राकृतिक आपदाओं और हर विपिदा से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए बड़ी मां चंद्रिका मंदिर में लोगों ने महाआरती की। अन्नकूट भोज का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद अन्नकूट भोज में लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। मां चंद्रिका की पूजा में 56 प्रकार की सब्जियों को मिलाकर बनाए गए भोग प्रसाद को मां को अर्पित करने के साथ उसे भक्तों में वितरित किया गया।

बुंदेलखंड में किसान कभी भारी वर्षा तो कभी सूखे की मार झेलते हैं। इन आपदाओं से मुक्ति के लिए ही उन्होंने शहर के प्राचीन बड़ी मां चंद्रिका मंदिर में पूजन कर भगवती से सुख समृद्धि की कामना की। महाआरती के साथ ही माता का गुणगान किाय।

# पूतना वध के बाद जलाया पुतला वातावरण में राधे कृष्ण नाम की गूंज

संवाददाता, जैतपुर

**अमृत विचार।** दीपावली पर्व पर छैमाही माता मंदिर में लगने वाले दो दिवसीय मेले का पूतना वध और पुतला दहन के साथ समापन हो गया। वध के बाद रिपोर्ट से पुतले का दहन किया गया। पूतना का वध होते ही पटाखों की आवास से मेला परिसर गूंज उठा और श्रीकृष्ण के नगरवासियों ने जयकारे भी लगाए। मेले में दिवाली नृत्य आकर्षित रहा। इस दौरान राधे कृष्ण नाम की गूंज रही।

कस्बा जैतपुर के बेलासागर तालाब के समीप पहाड़ पर स्थित छैमाही मंदिर में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया था। मेले में क्षेत्र के ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ जुटी। मेला कमेटी के अध्यक्ष सतीश राजपूत ने बताया कि मेला पहाड़ पर जरुर लगता है लेकिन दर्शकों के लिए पीने के पानी का टैंकरों से व्यवस्था की जाती है। मेला परिसर में पानी की टंकियों में पानी भरकर जलापूर्ति कराई जा रही है। मेले में आसपास के दुकानदार अपनी अपनी दुकानें सजाकर दो दिन तक खूब बिक्री करते हैं। मेले में सबसे ज्यादा खिलौने और गृहस्थी के सामान की बिक्री होती है। मेले समिति के सदस्य पूरी तरह से मेले को सफल बनाने में जुटे रहे।


मेले के समापन पर पूतना का जलता पुतला। अमृत विचार


गरीब वर्ग के लोगों को उपहार देते फाउंडेशन के लोग। अमृत विचार

# गरीब परिवारों के साथ बांटी पर्व की खुशियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- उपहार और मिठाई पाकर गरीब बस्ती के लोगों के चेहरे खिल उठे

**अमृत विचार।** दीपावली त्योहार भी गरीब हंसी खुशी के साथ मना सकें इसलिए वेदनिधि फाउंडेशन ने गरीब परिवारों के सदस्यों के साथ उनके घर पर उत्सव मनाया। मिठाई देकर दीपावली की खुशियां बनाईं।

रोशनी के पर्व दीपावली पर गरीबों के घर में खुशिया छाये, इसके लिए वेदनिधि फाउंडेशन ने गरीब परिवार भी सबके साथ दीपावली मिलजुल कर मनाएं। फाउंडेशन की अध्यक्ष जाग्रति गुप्ता ने कहा कि हम सभी को गरीबों का सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर प्रशांत गुप्ता, अतुल त्रिवेदी, कालका प्रसाद गुप्ती, फाउंडेशन के सचिव रामचंद्र पाठक, सौरभ गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अतुल त्रिवेदी आदि रहे।

# रुपयों के साथ 27 जुआरी गिरफ्तार

**महोबा।** थाना खरेला पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 27 जुआरियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 47480 रुपये नकदी बरामद की। पुलिस अधीक्षक पताश बंसल के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी के पर्वेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत खरेला पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे तमाम लोगों की घेराबंदी कर दबोच लिया, जिसमे से कुछ जुआरी भाग गए जबकि 27 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ लिया। थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया ने चार टीमों का गठन किया। कस्बा खरेला के छह, ग्राम धवारी से आठ, शनिचरी बाजार मोहल्ला सादराय से सात कुल मिलाकर क्षेत्र से 27 जुआरियों को पकड़ा गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर जुआरियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में एसआई अरविंद कुमार उपाध्याय, राजकुमार रहे।

# यातायात नियमों का पालन जरूर करें: पुलिस अधीक्षक

**महोबा।** सहायक सम्भागीय परिवहन विभाग का एक नवम्बर से यातायात माह की शुरूआत करा दी गई है। यातायात माह के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कहा कि हर साल नवंबर में यातायात माह बनाया जाता है। आज भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। हादसे रुकें इसके लिए जरूरी है कि यातायात नियमों का पालन किया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इंसान की जिंदगी अनमोल है, सड़क पर चलते समय सावधानी बरतनी चाहिए, वाहन चलाते समय मोबाइल इस्तेमाल न करे साथ ही दो पहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं। तीन सवारियों को बाइक में बैठाकर यात्रा न करे। बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दे अन्यथा अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज कल चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग कम करते हैं।






















































# पत्रकार की हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार हुए

## अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के किए जा रहे प्रयास, आलाकत्ल समेत मोबाइल व नकदी बरामद, हत्या का कारण पता नहीं

पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड

संवाददाता,फतेहपुर



पत्रकारों से वार्ता करते एसपी धवल जायसवाल एवं पीछे पुलिस के साथ खड़े आरोपी।

**अमृत विचार।** पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकाण्ड के पांच वांछित आरोपियों को पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने आलाकत्ल समेत मोबाइल व नकदी भी बरामद की है। अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास और तेज कर दिए हैं।

पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के पत्रकार दिलीप सैनी की पिछले दिनों 30/31 अक्टूबर की रात भिटौरा चौराहे के नजदीक स्थित यार्ड में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक पत्रकार की पत्नी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर नौ नामजद समेत आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए उन्होंने पुलिस व एसओजी की टीम गठित की थी। गठित टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे और पुलिस को कामयाबी हासिल हुई।

पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल अंकित तिवारी, बब्लू उर्फ जितेन्द्र पटेल, विपिन शर्मा, चिक्कन उर्फ आशीष कुमार, सुनील राणा को गिरफ्तार कर लिया। सुशील लखमीपुर का रहने वाला है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल डंडा, नकदी बरामद की है। एसपी ने बताया कि फरार अभियुक्त अन्नू तिवारी उर्फ अनुराग तिवारी पुत्र स्व. बकिमचन्द्र तिवारी, आलोक तिवारी उर्फ अक्कू तिवारी निवासीगंज रामगंज पक्का तालाब व जांटी उर्फ अफजल पुत्र मो. सलीम निवासी मनोज आइस्क्रीम के पीछे अलीगंज थाना कोतवाली व सुभाष पाण्डेय पुत्र स्व. चन्द्रशेखर पाण्डेय निवासी ज्वालागंज की गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए हैं। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। पत्रकार वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र, पुलिस उपाधीक्षक नगर सुशील कुमार दुबे भी मौजूद रहे।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय, निरीक्षक अपराध शाखा राम आशीष यादव, उपनिरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, अनीश शुक्ला, अखिलेश यादव, हेड कांस्टेबल पंकज पाण्डेय, सुल्तान सिंह, कांस्टेबल बब्लू, नरेन्द्र, अमित कुंतल के अलावा एसओजी प्रभारी निरीक्षक विनोद यादव व सर्विलांस सेल निरीक्षक तारा सिंह भी शामिल रहे।

### लेखपाल की संपत्ति की होगी जांच: एसपी

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड में शामिल लेखपाल सुनील राणा पुत्र बाबू राम राणा निवासी रानी कालोनी थाना कोतवाली सदर की आय से अधिक सम्पत्ति की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल जारी है। लेखपाल से माफिया बने ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। जिससे भविष्य में लोगों को सबक मिल सके।

### हत्या में शामिल लोगों के बढ़ाए जाएंगे नाम

एसपी धवल जायसवाल ने यह भी कहा कि पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकाण्ड में शामिल नौ नामजद व आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें पांच नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली गई है। इस हत्याकांड में शामिल अन्य लोगों को भी नामजद करके जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# दिलीप हत्याकांड के विरोध में निकाला मार्च

संवाददाता,फतेहपुर

- कलेक्ट्रेट पहुंच कर किया प्रदर्शन, जिलाधिकारी को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन
- एक करोड़ रुपये का मुआवजा छोटे भाई को नौकरी, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



दिवगंत पत्रकार को न्याय दिलाने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन देते पत्रकार।

**अमृत विचार।** न्यूज एजेंसी एएनआई के पत्रकार दिलीप सैनी की हत्या के विरोध में शनिवार को पत्रकारों ने पैदल मार्च निकाल कर विरोध- प्रदर्शन किया। बाद में कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह को सौंपा। मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अभियुक्तों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी एवं एक करोड़ रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की।

बीते दिनों पत्रकार दिलीप सैनी की स्थानीय भिटौरा रोड स्थित एक यार्ड में उस समय निर्दयता पूर्वक चापड़, चाकुओं से गोदकर व गोली मारकर वीभत्स ढंग से हत्या कर दी गई थी, जिसकी नामजद एफआईआर भी दर्ज हो गई थी। घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे पत्रकारों में भारी आक्रोश है। पत्रकारों को आशंका है कि जिस तरह दिलीप सैनी की हत्या की गई है, आगे भी ऐसी घटनाओं की संभावना के चलते पत्रकार समुदाय काफी आहत एवं भयभीत हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह ग्यारह बजे के करीब जिले भर के पत्रकार नवीन मार्केट में एकत्रित हुए। उसके बाद पत्रकार दिलीप सैनी को न्याय दो, वी वांट जस्टिस, दिलीप सैनी के हत्यारों को फांसी दो - फांसी दो... आदि नारे लगाते हुए पत्रकार फतेहपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पत्रकार एसो.संघ के अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया, जिला पत्रकार संघ से शैलेन्द्र शरन सिम्पल, प्रेस क्लब ऑफ यूपी के अध्यक्ष शमशाद खान, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमुद तिवारी आदि पत्रकारों के साथ पत्थरकटा चौराहा, सिविल लाइन्स, पटेल नगर चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बाद में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी पत्रकारों के साथ जिला अधिकारी रविन्द्र सिंह, अपर जिला अधिकारी डा. अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, उप जिला अधिकारी प्रदीप कुमार रमन, उप पुलिस अधीक्षक सुनील दुबे आदि अधिकारियों के साथ बैठक हुईं। जहां पर पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। घटना की सीबीसीआईडी से जांच कराने, घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने, दिलीप सैनी जी के परिवार को कम से कम एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने, उनके छोटी भाई को सरकारी नौकरी और परिवार की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने समेत इस घटना में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पुलिस की भूमिका की जांच कराने, घटना वाले दिन शहर के शांति नगर स्थित संबंधित अस्पताल में दो- दो बार हुईं घटना और स्थानीय कोतवाली पुलिस के पहुंचने एवं कोई कार्यवाही न किए जाने की जांच कराने, सीओ सिटी सुशील दुबे समेत दोषी पुलिस जनों को निलंबित करने और सूबे में पत्रकार सुरक्षा गारंटी कानून लागू किए जाने की पुरजोर मांग की गई है। जिलाधिकारी ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



परिक्रमा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# कार्तिक अमावस्या पर गोरखगिरि की परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुरु गोरखनाथ की 51 फीट की विशाल प्रतिमा होगी स्थापित

**अमृत विचार।** कार्तिक अमावस्या पर धार्मिक आस्था के केन्द्र गोरखगिरि पर्वत की शनिवार की सुबह भक्तों ने परिक्रमा लगाई। पांच किमी. लंबे परिक्रमा मार्ग में विराजमान सभी देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर बुंदेलखंड की तरक्की व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। परिक्रमा शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ हुई और निर्धारित मार्गों से होते हुए वापस शिव मंदिर आकर समाप्त हुई। गोष्ठी के माध्यम से गोरखगिरि पर्वत की ऐतिहासिकता से रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि ओम नमः शिवाय के जाप व हर- हर महादेव के उदघोष के साथ परिक्रमा सुबह शिव तांडव मंदिर से प्रारंभ हुई और पठवा के हनुमान जी, महावीरन, केदारेश्वर महादेव, कबीर आश्रम, संकरे सन्या, काली माता, शनिदेव, खो-खो माता, छोटी चंडिका व नागौरिया मंदिर होते हुए वापस शिव तांडव पर खत्म हुई।

परिक्रमा की शुरुआत शनिवार के तड़के ओम नमः शिवाय उदघोष के साथ शिव मंदिर से प्रारंभ हुई जो विभिन्न मार्गों से होकर पुनः शुभारंभ स्थल पर पहुंची। परिक्रमा दौरान श्रद्धालु हाथों में धार्मिक ध्वज लिए चल रहे थे। परिक्रमा की अगुवाई कर रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम के आगमन की गवाही देने वाले गोरखगिरि पर्वत की महिमा भी चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत के समतुल्य मानी जाती है।

पर्वत पर सीता रसोई व रामकुंड इसके प्रमाण हैं। नाथ संप्रदाय के प्रणेता गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि होने की वजह से पर्वत का नाम गोरखगिरि पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां गुरु गोरखनाथ की 51 फीट की विशाल प्रतिमा स्थापित होनी है। वे यहां 11वीं व 12वीं शताब्दी में वर्षों तप करते रहे। परिक्रमा में नीरज पुरवार, विपिन भाखरी, अवधेश गुप्ता, डा. देवेन्द्र पुरवार, प्रेम, अजय व प्रवीण चौरसिया, प्रहलाद पुरवार, सिद्धे, गया प्रसाद, राम किशन सेन, मोनू गुप्ता रहे।





लट्ठमार दिवारी खेलते टोली व नृत्य का आनंद लेते लोग। अमृत विचार

# दिवारी के साथ खेली लट्ठमार नृत्य की धूम

कार्यालय संवाददाता महोबा

- जगह- जगह किया गया नृत्य और लट्ठमार होली का आयोजन

**अमृत विचार।** दीपावली पर आतिशबाजी के साथ ही दिवारी नृत्य और लट्ठमार होली का आयोजन जगह- जगह किया गया। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के निर्वहन में हर कोई जी जान से लगे दिखे। लट्ठमार दिवारी खेलने वाले रंग बिरंगी पोशक और हाथों में लाठी लिए सड़कों पर नजर आए और अपनी लट्ठबाजी के जरिए उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। ढोलक की थाप पर न केवल युवा बल्कि बुजुर्ग और बच्चे अपनी इस अनूठी परम्परा में अपनी कला का प्रदर्शन करते रहे।

लट्ठमार दिवारी खेलने की परम्परा को आज भी बुंदेले जीवांत किए हुए है। दिवारी खेलने वाले नीले, पीले, लाल आदि रंगों वाली पोशाक धारण कर हाथों में लाठी लिए दिवारी लोक नृत्य का प्रदर्शन करते दिखे। उन्हें देख ऐसा लग रहा था मानो बुंदेली सभ्यता को आज भी बुंदेलखंडी जीवांत किए हुए हैं। लट्ठमार दिवारी नृत्य में अनूठी परम्परा में युद्ध कौशल से रूबरू कराते हुए सभी वर्ग के प्रशिक्षित लोग प्रतिभाग करने आए। दिवारी लोक नृत्य बुंदेलखंड और जिले में एक अलग पहचान बनाए हुए है। दीपावली पर्व से पूर्व और कई दिनों बाद तक गांव, कस्बों के अलावा धार्मिक व सार्वजनिक स्थानों पर हाथों में लाठियां और रंगबिरंगी पोशक पहने घूमती टोलियां एक दूसरे से ढोलक की थाप पर एक-दूसरे पर प्रहार कर लड़ते नजर आए तो वहीं लट्ठमार टोलियों के मुखिया व अन्य सदस्य दिवारी गायन से दिवारी नृत्य का प्रदर्शन करने वालों में जोश भरते दिखे। इस दिवारी लोक नृत्य में आपसी भाईचारे की झलक भी देखने को मिली। अकरम खान बताते हैं कि वह आठ साल की उम्र से ही अपने उस्ताद लखनलाल यादव से इस कला को सीखने के बाद टोली में शामिल हुए थे।

# सड़क हादसे में सगे भाइयों की हुई मौत

संवाददाता,फतेहपुर

- दुर्घटना में पिता सहित तीन लोग गंभीर घायल, कानपुर रेफर


**अमृत विचार।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम कोराईं मोड़ एनएच-2 में शनिवार की दोपहर बोलेरो-अल्टो कार की आमने-सामने हुई भिड़ंत में जहां सगे भाईयों की मौत हो गई वहीं पिता सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

शहर क्षेत्र के पत्थरकटा मुहल्ला निवासी चन्द्रशेखर पुत्र गिरजाशंकर 80 वर्ष अपने पुत्र अखिलेश 50 वर्ष व विमलेश 35 वर्ष एवं दुर्गेश पुत्र दिनेश 24 वर्ष, अंकित पुत्र अखिलेश 22 वर्ष के साथ अल्टो कार से कानपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही ये लोग मलवां थाने के कोराई मोड़ एनएच-2 पर पहुंचे तभी सामने से आ रही बोलोरो से भिड़ंत हो गई। जिससे अखिलेश की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि अन्य चार घायलों को एंबुलेंस ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के दौरान विमलेश को भी मृत घोषित कर दिया। जबकि चन्द्रशेखर, दुर्गेश व अंकित की हालत गंभीर है।

### ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के बेंहटा कुंवरपुर गांव निवासी रामनाथ का 35 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार शुक्रवार की दोपहर किसी काम से जा रहा था। तभी गांव के समीप ही रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा गांव निवासी नफीस का 35 वर्षीय पुत्र जमील शुक्रवार की शाम रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह फैजुल्लापुर-रसूलाबाद के समीप ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## सार-संक्षेप



गुरु जी को सम्मानित करते समाजसेवी संजय मिश्रा।

### शहर की बहू बनीं झारखंड की मुख्य सचिव

**महोबा।** शहर के मोहल्ला मलकपुरा निवासी राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त गया प्रसाद तिवारी के दो बेटे मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अब उनकी बहू बहू अलका तिवारी भी मुख्य सचिव बन गई हैं। उन्हें झारखंड प्रांत के मुख्य सचिव पद पर तैनाती मिली है। बेटे और बहू की इस कामयाबी से न सिर्फ पूर्व प्रधानचार्य के परिवार में हर्ष का माहौल है बल्कि आसपास के लोग भी खुश हैं और उन्हें बधाई देने पहुंच रहे हैं। समाजसेवी संजय मिश्रा व अन्य लोगों ने गया प्रसाद तिवारी का सम्मान भी किया। गयाप्रसाद तिवारी के तीन बेटे देवेंद्र तिवारी, राजेंद्र तिवारी और धीरेंद्र तिवारी और दो बहुएं आईएएस हैं। सबसे बड़े बेटे देवेंद्र तिवारी झारखंड के मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अब केंद्र सरकार ने उन्हें निर्वाचन अधिकारी पद की जिम्मेदारी सौंपी है। दूसरे बेटे राजेंद्र कुमार तिवारी उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव रहे हैं। वह भी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके तीसरे पुत्र धीरेंद्र तिवारी पंजाब में आईएएस अफसर हैं। उनकी बहू अलका तिवारी ने शनिवार को झारखंड के मुख्य सचिव पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

### खंती में ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**बकेवर ,फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम भैसोली में शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर खंती में पलट जाने से 19 वर्षीय युवक की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भैंसोली गांव निवासी रामसजीवन का पुत्र मनीष शुक्रवार की दोपहर ट्रैक्टर से किसी काम से जा रहा था। तभी अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर खंती में पलट गया। जिससे मनीष की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### जहरीला कीड़ा काटने से युवक ने तोड़ा दम

**बिंदकी,फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदौली में शुक्रवार की रात सोते समय 32 वर्षीय युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाए। जहां हालत ठीक न होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरदौली गांव निवासी शिवनाथ का पुत्र श्रीराम बीती रात अपने कमरे में सो रहा था। तभी जहरीले कीड़े ने काट लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद हालत ठीक न होने पर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल में भर्ती कर इलाज करवा रहे थे। तभी उसने दम तोड़ दिया।

### चेयरमैन ने पत्रकारों को पीटा, साथी गिरफ्तार

**हमीरपुर।** थाना जरिया के सरीला कस्बे में रविवार की रात भाजपा के चेयरमैन और क्षेत्रीय पत्रकारों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष ने पत्रकारों को पीट दिया। मामले में पीड़ित पत्रकारों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने नगर पंचायत चेयरमैन के एक साथी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पत्रकारों ने मानवाधिकार आयोग में भी शिकायत की है। पत्रकारों को प्रताड़ित करने के इस मामले को सपा ने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर निंदा की है। जरिया बस स्टैंड निवासी आकाश अनुरागी के आवास पर चेयरमैन पवन अनुरागी के साथियों और क्षेत्रीय पत्रकारों के बीच हुए विवाद का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें शराब की एक बोतल के साथ नमकीन, पानी आदि दिख रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। क्षेत्रीय पत्रकार अमित द्विवेदी व खेड़ा निवासी शैलेंद्र ने मानवाधिकार आयोग में की गई शिकायत में कहा है कि नगर पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित करने से नाराज चेयरमैन पवन अनुरागी ने कमरा बंद कर उन्हें बुरी तरह मारा-पीटा गया। साथ ही निर्वस्त्र कर दिया। थाना जरिया पुलिस ने चेयरमैन पवन अनुरागी, अखिलेश राजपूत, विक्रम यादव, विश्वकर्मा, आरके सोनी, आकाश अनुरागी, नरेंद्र व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं चेयरमैन के पक्ष के आकाश अनुरागी की तहरीर पर अमित द्विवेदी व खेड़ा निवासी शैलेंद्र के खिलाफ लूटपाट के इरादे से तमंचा लेकर बदनीयती के इरादे से घर में घुसकर जाति सूचक शब्दों से गालियां देने का मामला दर्ज कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने बताया कि क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ पिछले रविवार को हुई मारपीट मामले के एक एक आरोपी आरके सोनी को गिरफ्तार किया गया है।

# विद्युत तार टूटा, करंट से भाई-बहन की मौत

- चांदपुर थाना के बीघनपुर गांव में हुई घटना

**अमौली, फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के बीघनपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। घरेलू बिजली का तार टूटकर साइकिल पर गिरने से भाई-बहन की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई हैं।

शुक्रवार देर शाम 13 वर्षीय शिवकार किसी काम से बरामदे में खड़ी साइकिल लेने गया था। तभी टूटे हुए तार से साइकिल में करंट आ गया और वह उसकी चपेट में आ गया। अपने भाई को करंट से चिपका देख बड़ी बहन ज्योति (17 वर्ष) उसे बचाने दौड़ी, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। इसके बाद मां शिया जानकी (40 वर्ष) भी बच्चों को बचाने के प्रयास में करंट की चपेट में आकर झुलस गई। छोटी बहन काशिष (5 वर्ष) ने यह भयावह दृश्य देखकर पड़ोसियों को बुलाया, जिन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर डंडों की मदद से तीनों को करंट से अलग किया।

सभी को जहानाबाद के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने भाई-बहन को मृत घोषित कर दिया। मां की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है।

# मार्ग प्रकाश, पेयजल विशेष ध्यान रखें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** 141वें मेला सहस्त्र श्री गोवर्धन्नाथ जी महाराज मेला स्थल का जिलाधिकरी मृदुल चौधरी ने निरीक्षण किया। उन्होंने मेले में पालिका प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों को देखा। मार्ग प्रकाश , पेयजल, सफाई आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने का आदेश दिया। मन्दिर के आसपास सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने के लिए कहा।

मेला में दुकानों के आंवटन व दुकानों को सजाकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही झूले भी लगाए जा रहे हैं। सईद टी कैंटीन का शुभारम्भ भी पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल उर्फ पप्पू कुशवाहा तथा नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष आनन्द स्वरूप दमेले ने किया। सदर मंदिर से सवारी की शुरुआत मेला मंदिर के लिए होती है।



आईआईटी में ड्रोन के बारे में जानकारी लेते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। अमृत विचार

# जम्मू कश्मीर से जल्द खत्म होगा आतंकवाद

विशेष संवाददाता, कानपुर

- रक्षा मंत्री ने फील्ड गन फैक्ट्री में लिया स्वदेशी रक्षा क्षमताओं जायजा
- सारंग, टी-90 टैंक, आईएफजी व धनुष तोप के बैरल बनते हुए देखे

**अमृत विचार।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को दावा किया कि पूर्व की घटनाओं के मुकाबले अब जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाएं काफी कम हो गई हैं। सुरक्षा बल सक्रिय और सजग हैं। जल्द ही ऐसे हालात होंगे कि आतंकी वारदातें पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। भारत-चीन सीमा पर दीपावली की मिठाई बांटने और पेट्रोलिंग शुरू किए जाने पर उन्होंने कहा कि भारत पड़ोसी राष्ट्रों से अच्छे संबंध का पक्षधर है।

रक्षा मंत्री ने कानपुर स्थित एडवांस वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड की इकाई फील्ड गन फैक्टरी पहुंचकर हीट ट्रीटमेंट अनुभाग, गन असेंबली और जीरो वे सेक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धनुष, सारंग गन और इंडियन फील्डगन यानी आइएफजी, टी 90 टैंक की बैरल को बनते देखा। अधिकारियों से बैरल की गुणवत्ता और स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के बारे में जाना।

अधिकारियों ने टैंक टी-90 और धनुष गन सहित विभिन्न आर्टिलरी गन और टैंकों की बैरल और ब्रीच असेंबली बनाने की दक्षता के बारे में बताया।

निरीक्षण के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीन डीपीएसयू के सीएमडी के साथ बैठक की। डीपीएसयू एडब्ल्यूईआइएल, ट्रूप कम्फर्ट्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी राजेश चौधरी और ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी, डीआरडीओ की प्रयोगशाला, डीएमएसआरडीई (रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान) के निदेशक डा. मंयक द्विवेदी ने रक्षा उत्पाद प्रोफ़ाइल, मुख्य प्रोजेक्ट्स, अनुसंधान एवं विकास प्रयासों और आधुनिकीकरण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### ड्रोन और साइबर युद्ध का जमाना, तकनीकी नवाचार जरूरी

आज के तकनीक-संचालित परिवर्तन के युग में भारत तेजी से नवाचार की ओर बढ़ रहा है। इसमें आईआईटी कानपुर जैसे संस्थानों की अहम भूमिका है। आज के दौर में युद्ध के तरीकों में भी तेजी से बदलाव आ रहा है। ड्रोन और साइबर युद्ध इसके उदाहरण है। रक्षा उत्पादों में तकनीक से जुड़े नवाचार बेहद जरूरी है। रक्षा क्षेत्र में बढ़े नवाचार से भारत वर्ष 2029-30 तक 50 हजार करोड़ रुपये तक के रक्षा उत्पादों के निर्यात को छू लेगा। रक्षा मंत्री ने यह बात आईआईटी के स्थापना दिवस पर कही। उन्होंने संस्थान फेलो पुरस्कार, विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार, विशिष्ट सेवा पुरस्कार और युवा पूर्व छात्र पुरस्कार वितरित किए।

## एक नजर

### आग से गृहस्थी राख

उरई। शहर के मोहल्ला मैकेनिक नगर तलैया में रहने वाले वरुण के घर में शुक्रवार की रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। पहले परिवार के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, पर लपटे ज्यादा बढ़ जाने पर परिवार के लोग दहशत में आकर बाहर निकल गए। कुछ ही देर में सभासद प्रतिनिधि विक्की परिहार की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड ने मशक्कत से आग को बुझा दिया। लेकिन तब तक मकान का काफी गृहस्थी का सामान जल गया।

### पेट्रोल पंपकर्मी की जेब से बदमाशों ने 76 हजार उड़ाये

कालपी। जोल्हूपुर-कदौरा मार्ग में स्थित पेट्रोल पम्प में मध्य रात को सो रहे कर्मचारी की जेब से बदमाशों के द्वारा 75 हजार रुपये चुराने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त मामले को लेकर वादी नारायन दास मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 17/18 की मध्य रात में प्रार्थी व मनीष पेट्रोल पम्प में सो रहे थे। रात में सोते समय प्रार्थी की जेब में रखे 75 हजार 4 सौ रुपये तथा बैग में रखे 11 सौ रुपये बदमाश चुरा कर ले गए। उक्त चोरी की घटना रात 2 बजे घटित हुई है तथा पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रही है।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

## टक्कर मारने के बाद स्कूटी व कार दोनों सड़क किनारे खंती में गिरी

संवाददाता उरई जालौन




- रोडवेज बस चालक था युवक शुक्रवार की रात उरई डिपो से घर लौटते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार।** हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दलालनपुरा निवासी अमित कुमार गौतम 25 वर्ष रोडवेज चालक था। जो शुक्रवार रात को उरई डिपो से स्कूटी से अपने घर जालौन लौट रहा था। तभी अकोड़ी दुबे गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद अमित स्कूटी सहित खंती में गिर गया, जबकि कार भी अनियंत्रित होकर खंती में गिर गई। हादसे के बाद राहगीरों में हड़कंप मच गया और उन्होंने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायल अमित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भर्ती कराया। जहां पर जांच के बाद डाक्टरों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### देवी के दर्शन कर लौट रही कार पलटी, श्रद्धालु घायल

उरई। रतनगढ़ से देवी के दर्शन कर घर लौट रहे दर्शनार्थियों की कार मिझौना के पास अन्ना जानवर से टकरा कर खंदक में पलट गई। चीख-पुकार सुन ग्रामीण व पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने घायलों को कार से निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया। हमीरपुर के थाना जलालपुर क्षेत्र के बरखैरा निवासी विमल प्रजापति 37, पत्नी राधारानी 35, पुत्री शिवानी 12, बहन मीरा 45 ,बहन आशा 40, रिस्तेदार राजकुमारी 45, मुस्करा निवासी चालक हलीम बेग 48 के साथ आर्टिका कार से शुक्रवार रात रतनगढ़ देवी के दर्शन के लिए गए थे। शनिवार सुबह घर लौट रहे थे। जैसे ही कार माधौगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मिझौना के पास पहुंची थी कि कार अन्ना जानवर से टकरा गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गई। कार के अंदर चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुन ग्रामीण पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को बाहर निकाल कर सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय सिंह का कहना हैं कि सभी को छिट-पुट चोटें आई हैं। इलाज चल रहा हैं। शीघ्र ही छुटटी कर दी जाएगी।

### सड़क दुर्घटनाओं में 6 लोग हुए घायल

कालपी। अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में 6 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराकर इलाज कराया गया है। रात जानकारी के मुताबिक ज्यादातर दुर्घटनाएं मोटरसाइकिल सवार लोगों के साथ हुई हैं। चिकित्सालय सूत्रों के मुताबिक दीपावली के मौके पर अलग-अलग स्थानों में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों अमन सिंह पुत्र देवीसिंह,अमन सिंह पुत्र रामसिंह , ध्रुव यादव पुत्र महेन्द्र सिंह हरीगंज ,अंतिम पुत्र विजय सिंह शेखपुर गुढ़ा को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया है। ड्यूटी में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख शहरयार तथा चीफ फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार की टीम के द्वारा सभी घायलों का प्रारंभिक उपचार किया गया है।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान गई जान

उरई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के लहार कनार के पास दीपावली के एक दिन पहले बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई थी। जिसमें बाइक सवार घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी मड़ैया निवासी 24 वर्षीय सूर्यप्रताप राजपूत दीपावली से एक दिन पहले सिरसा कलार से बाजार कर घर की तरफ जा रहा था। तभी लहर कनार गांव के पास खंदक में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई थी। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया था। सूचना पर पहुंचे पारिवारीजन उसे जिला अस्पताल गए थे। जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर किया गया था। शुक्रवार की देर रात उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि उसके पिता श्याम राजपूत गांव के आसपास राजमिस्त्री का काम करते हैं। उसकी मौत से पिता मां सुदामा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# महिलाओं ने गोवर्धन की पूजा कर मांगा आशीर्वाद

संवाददाता कुसमिलिया



घर के आंगन में बने गोवर्धन शंख, घड़ियाल आदि। अमृत विचार

**अमृतविचर।** दीपावली पर्व की खुशियां मनाने के बाद शनिवार को विधि विधान से गोवर्धन की पूजा की गई। हवन-पूजन के साथ घंटा घड़ियाल बजाए गए। लोगों ने परिवार के साथ पूजन करने के बाद परिक्रमा की और सुख समृद्धि के साथ सैनिकों की रक्षा की कामना की।

दीपावली के बाद परेवा के दिन गोवर्धन की पूजा का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि प्रभु श्रीकृष्ण ने गोर्वधन पर्वत को अपनी एक उंगली पर उठा लिया था और बृजवासियों की रक्षा की थी। तब से लेकर आज तक गोवर्धन की पूजा हिंदू धर्म में होती आ रही है। परंपराओं के अनुसार शनिवार को घरों में गाय के गोबर से गोधन बनाए गए। इसके बाद रंगोली सजाई गई और फिर विधि विधान से गोवर्धन पूजा की गई। घंटा घड़ियाल बजाते हुए आरती के पहले हवन किया गया। इसके बाद गोवर्धन परिक्रमा करके जयकारे लगाए गए। घर में सुख समृद्धि रहे इसके लिए श्रीकृष्ण की वंदना की गई। इस बार घरों में शहीद हुए सैनिकों को याद कर देश की रक्षा कर रहे सैनिकों के लिए भी प्रार्थना की गई। खील, लइया का प्रसाद वितरण किया गया। सदस्यों के साथ मिल कर गोवर्धन की विधि विधान के साथ पूजन किया और अन्नकूट से गोवर्धन का भोग लगाया गया।

# कोर्ट के आदेश पर वादिनी सहित 3 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, कालपी



**अमृत विचार।** कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत करके 5 नामजद लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मुकदमा कायम कराना वादिनी को ही भारी पड़ गया। हाईकोर्ट के आदेश पर क्राइम इंस्पेक्टर की तहरीर पर वादिनी सहित 3 नामजद लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अभियोग दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार नगर के मोहल्ला दमदमा निवासिनी 23 वर्षीय वादिनी ने 6 फरवरी 24 को अपर जिला एवं शस्त्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट में परिवाद दाखिल करके ओमप्रकाश, सतीश शर्मा, उमाशंकर यादव, राजा साहब भदौरिया, रवि प्रकाश झा आदि पर रेलवे विभाग में नौकरी का झांसा देकर वर्ष 2017 में अलग-अलग स्थानों में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था, जिसमे दो गवाहों के द्वारा बयान भी दर्ज कराए गए थे। परिवाद में एक प्रतिवादी उमाशंकर निवासी नई बस्ती झांसी के द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में क्रिमिनल मिस एप्लिकेशन प्रस्तुत की। उच्च न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक को आदेशित किया। उच्च न्यायलय के आदेश पर कालपी कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर मो. अशरफ ने वादिनी महिला एवं परिवाद में गवाह कपिल सिंह चौहान व विजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उक्त मामले की विवेचना पुलिस के द्वारा शुरू कर दी गई है। बताते है कि वादिनी के द्वारा फर्जी अंकपत्र प्रस्तुत किया गया था।

### अंगुली तोड़ने पर 5 के खिलाफ एफआईआर

कालपी। काशीराम आवासीय कॉलोनी में झगड़े के दौरान उंगली तोड़ने की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा पांच नामजद व्यक्तियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त घटना को लेकर शत्रुघ्न सोलंकी निवासी काशीराम कॉलोनी कालपी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि 31 अक्टूबर की रात पड़ोस में ही रहने वाले आरोपियों कालिया, अर्जुन, बदलू, टाटू तथा अमन ने मिलकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हम लोगों को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में कालू, किशन, रानी, मैयादीन घायल हो गये, जब कि कालू के हाथ की उंगली टूट गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।

## कोर्ट के आदेश पर 5 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कालपी। लग्जरी बस में बैठकर सामान खरीदने दिल्ली जा रहे कारोबारी के साथ मारपीट करके पौने दो लाख रुपये से भरा बैग छीनने के मामले में न्यायालय के आदेश पर 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त प्रकरण को लेकर वादी लाल सिंह पुत्र रमेशचंद्र निवासी मुहल्ला मुजफ्फरनगर कोटरा ने कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 3 सितंबर 24 को प्रार्थी अपनी दुकान का सामान खरीदने के लिए बस से नोएडा जा रहा था। रात लगभग 9 बस कालपी में रुकी। इसी दौरान बस स्टॉप के आरोपियों सलीम, प्रमोद प्रजापति सीट को लेकर विवाद करते हुए मारपीट करने लगे व सीट में रखा बैग छीन लिया। जिसमे 1 लाख 70 हजार रुपये तथा जरूरी सामान रखा था। पुलिस ने विशेष न्यायाधीश जालौन के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# पुलिस पर फायरिंग करने वाला मुठभेड़ में घायल

कार्यालय संवाददाता उरई



घायल अपराधी लेकर जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- शुक्रवार को पुलिस पर फायरिंग कर भाग गया था

**अमृत विचार।** पुलिस पर फायरिंग करने वाले आरोपी को शनिवार की शाम पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी ने दोबारा पुलिस पर एक बार फिर से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार समेत एएसपी व सीओ ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। वहीं मौके से बदमाश की बाइक व तमंचा पुलिस ने बरामद किया है।

शुक्रवार को उरई कोतवाली क्षेत्र के मंडी चौकी इलाके में पुलिस एक बदमाश को पकड़ने के लिए दबिश देने गई थी। पुलिस को आता देख बदमाश वीरू अहिरवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी और मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। वहीं एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने टीमों का गठन कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। आज पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी वीरू अहिरवार जिले से भागने की फिराक में है और वह कानपुर की तरफ बाइक से जा रहा है इसके बाद तत्काल पुलिस अलर्ट मोड पर आई और एसओजी व आटा थाना पुलिस ने आटा थाना क्षेत्र के चमारी के आसपास घेराबंदी शुरू की, जहां बदमाश को बाइक से आता देख पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस पर फायरिंग करते हुए जंगल की तरफ भाग निकला, जिसको देखते हुए पुलिस ने बदमाश का पीछा किया और इस दौरान बदमाश ने एक बार फिर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। खुद को बचाते हुए पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह गिरकर घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने घायल पड़े आरोपी वीरू अहिरवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, सीओ कालपी अवधेश सिंह मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना किया। इसके साथ ही मौके से आरोपी की बाइक व तमंचा भी बरामद किया गया।

मामले को लेकर एसपी दुर्गेश कुमार ने बताया कि आरोपी वीरू अहिरवार के विरुद्ध कई संगीन मामले दर्ज है जिसको लेकर पुलिस बीते दिन उसे पकड़ने गई थी जिस पर उसने फायरिंग शुरू कर दी थी ओर भाग गया था। आज एसओजी व आटा थाना पुलिस को उसे पकड़ने में कामयाबी मिली। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सफलता हासिल करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम भी दिया जा रहा है।

# अलग-अलग क्षेत्र से पुलिस ने जुआरियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** दीपावली के पर्व पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर जुए के फड़ सजे। पर्व के दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों से करीब दो दर्जन जुआरियों को पकड़कर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। चौकी प्रभारी सुरेशचंद्र ने मोहल्ला तोपखाना में कुलदीप कुमार, ऋषि कुमार, नीरज व शिवाकांत निवासीगण तोपखाना को हार जीत की बाजी लगाते हुए पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने 3960 रुपये बरामद किए। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय ने तांबा के रास्ते में पुलिया के पास जुआ खेल रहे आकाश, अनुराग, विवेक, रजक, कृष्णकुमार, कुलदीप, योगेश, कृष्णा, सुनील, दिनेश, रवि कुमार, आशीष कुमार निवासीगण सुढ़ार को ताश के पत्तों पर हार जीत की बाजी लगाते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के पास से 36,700 रुपये बरामद किए। एसआई राजेश कुमार वशिष्ठ ने रमाकांत, राकेश कुमार, हरिराम, हरिनाम, निवासीगण उदोतपुरा व अखलाख निवासी जालौन को बेगम अंदर और दहला बाहर करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10,150 रुपये बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के पास से मोबाइल फोन व ताश की गड्डी बरामद की। जबकि कुछ जुआरी भाग निकले।

# लेजर लाइट शो के साथ गूंजे देशभक्ति के तराने



कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी राजेश पांडेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार व अन्य।



कार्यक्रम में मौजूद दर्शक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृतविचर।** जालौन सेवा समिति के तत्वावधान में नवीन गल्ला मंडी परिसर में राम राज्याभिषेक एवं भव्य लेजर लाइट शो का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम राजेश पांडेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटने पर प्रभु श्रीराम का तिलक कर व माल्यार्पण कर राज्याभिषेक किया। इस दौरान डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से संदेश दिया की बुराई पर अच्छाई के इस पर्व का संदेश लें और जीवन में बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाएं। कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन से सभी परिचित हैं। उन्हें अपने जीवन में भी उतारें। नगर में सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर डीएम व एसपी ने जालौन सेवा समिति की सराहना की। इस दौरान जमकर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में संक्षिप्त रामायण का प्रदर्शन किया साथ ही देशभक्ति की धुन पर लेजर लाइट एंड साउंड शो के आयोजन में लोग झूम उठे। इस मौके पर नव दुर्गा सेवा समिति व भारत विकास परिषद के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, शैलू शिवहरे, संजू साहू, संजीव पटेल, गौरीश द्विवेदी, कुलदीप पोरवाल, विजय कुशवाहा, धीरज साहू, सुशील गुप्ता, कौशलेंद्र, रानू, विशाल राठौर, विनोद आदि रहे।

# कांग्रेसियों ने सरदार पटेल व इंदिरा गांधी को किया याद

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी जालौन अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शहादत दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य नरेंद्र देव की जयंती मनाई गई। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा जी की शहादत पर एवं पटेल जी की जयंती पर एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय आचार्य नरेंद्र देव जी की जयंती पर शहीद भवन कांग्रेस कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल आज हमारे बीच नहीं है पर उनको देश सदियों सदियों तक याद करता रहेगा। हमारे पूर्व गृहमंत्री सरदार पटेल जी की जयंती के अवसर पर जिला अध्यक्ष शुक्ला ने कहा 562 छोटी बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में बिलपनी करण करके ब्लैक करके भारतीय एकता का निर्माण किया। इस मौके पर अयूब अंसारी, संतराम नीलांचल, कमल धोरे, देवेंद्र कुमार बाल्मिक, राजेश बुधौलिया, अमिताभ दीक्षित, शेर सिंह दोहरी, अरविंद यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

**लोक कलाएं** चाचर व दिवारी नृत्य में झांसी के पठगुवा की टीम बनी विजेता और डकोर की टीम रही उपविजेता, 21 000 व 11000 का मिला पुरस्कार

# चाचर और दिवारी नृत्य देखकर दर्शकों में भरा जोश

संवाददाता कुसमिलिया जालौन



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डकोर कस्बे में आयोजित चाचर नृत्य दिवारी प्रतियोगिता में क्षेत्र की 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में झांसी के पठगुवा प्रथम और डकोर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद डॉ. चंद्रपाल यादव ने किया।

कस्बा डकोर में आयोजित चाचर दिवारी नृत्य प्रतियोगिता में चिकासी, बरौली हमीरपुर, मुहम्मदाबाद, रमपुरा, काहटा, जैसारी खुर्द की एक-एक टीम कुसमिलिया से दो टीम एवं डकोर की तीन टीमों ने दिवारी नृत्य में दमखम दिखाया। सबसे पहले डकोर की टीम ने दिवारी नृत्य में टीम के युवाओं के कंधों पर नसैनी रखकर हैरतअंगेज करतब दिखाए। इसके बाद कुसमिलिया की टीम ने लाठी, मारू, ढाल एवं सैला आदि से करतब दिखाकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सभी टीमों ने अलग-अलग दिवारी नृत्य कर प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पठगुवा प्रथम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर कप्तान बकील यादव को 21000 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं दूसरे स्थान पर रही डकोर की टीम के राजपाल को 11000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद ने कहा बुंदेलखंड की पुरानी परंपरा आज भी कायम है। दिवारी नृत्य करने वाले प्रेमी इस परंपरा को जिंदा रखे हैं। ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इससे जात, पात, ऊंच.नीच खत्म होती है और एकता बढ़ती है। वहीं लोकगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सम्राट राजेंद्र सिंह गुर्जर, बृजेंद्र सिंह, गायिका अनीता दागी, नित्य गाना कोमल, ढोलक नीरज यादव मैं बुंदेलखंडी लोकगीत प्रस्तुत किये।

इस अवसपर पर पूर्व जिला पंचायत शिशु पाल सिंह यादव, तेजपाल यादव, प्रधान सोनू यादव, महेंद्र यादव, मुलायम सिंह, राजू जालौन, भूरे, विनोद यादव, नानू यादव, विवेक कुमार, आदि उपस्थित रहे।

### मंगरोल में मनाया गया बुन्देली ढंग से दीपावली का त्योहार

कालपी। ग्राम पंचायत मंगरोल के गोसाई बाबा के स्थान पर परम्परागत ढंग से दीपावली का त्योहार मनाया गया, जिसमें दिवारी नृत्य, दिवारी गायन वादन हुआ, जिसमें परम्परा गत बुन्देली नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य रूप से नीरज द्विवेदी, वीरपाल सिंह ठेकेदार, दीपू द्विवेदी, श्रीपाल पाल, मोहनलाल पाल, राजकुमार पाल, निर्भय पाल, सूरज प्रकाश दोहरे, लल्ला दोहरे, रजपाल प्रजापति, महेश प्रजापति, सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे अन्त में मुन्ना प्रजापति पुजारी ने प्रसाद वितरण किया

# अज्ञात युवक का शव नाले में मिला, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता उरई

- युवक के शरीर पर चोट या जख्म के निशान नहीं मिले
- पुलिस शव की पहचान कराने के प्रयास में जुटी

**अमृत विचार।** जालौन में एक अज्ञात युवक का शव सड़क किनारे नाले में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही सीओ के साथ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। वहीं पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिये आस पास के लोगों को भी बुलाया लेकिन उसे सफलता नहीं मिल सकी।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के कोंच रोड स्थित कार एजेंसी के पास से शुक्रवार की शाम के समय लोग गुजर रहे रहे थे। तभी लोगों को सड़क किनारे नाले के पानी में एक युवक का पड़ा दिखाई दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पानी में डूबे युवक के शव को बाहर निकालकर उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। वहीं पुलिस को भी छानबीन में ऐसा कुछ भी नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो पाती । फिलहाल जांच पड़ताल में पुलिस को युवक के शरीर पर कोई जख्म या चोट का निशान नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ जालौन शैलेंद्र वाजपेई ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है। और उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 2027 तक आरसीबी के साथ ही रहेंगे विराट



बेंगलुरु, एजेंसी

- 20 साल पूरे करने के दिए संकेत 2008 से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ जुड़े हुए हैं कोहली

विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 करोड़ रुपये की फीस पर रिटेन किया है और भारत के स्टार क्रिकेटर ने संकेत दिए कि वह 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहेंगे जिसमें उनका लक्ष्य आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करना है।

कोहली के शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के समय को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि यह 36 वर्षीय खिलाड़ी कोविड-19 की शुरुआत के बाद से पिछले चार वर्षों से ज्यादा धमाल नहीं कर पाया है। वह 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत से ही आरसीबी के लिए खेल रहे हैं और प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं। उन्होंने 131.97 के शानदार स्ट्राइक रेट से 8,000 से अधिक रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 55 अर्द्धशतक शामिल हैं। कोहली ने आरसीबी बोल्ड डायरीज में संकेत दिया कि उनका लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और खेलना है। इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जायेंगे और यह मेरे लिए बहुत ही खास अहसास है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक टीम के लिए इतने साल तक खेलूंगा, लेकिन इतने वर्षों में रिश्ता विशेष हो गया है। वह खुद को किसी अन्य फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नहीं देखते।

कोहली ने कहा कि मैं आरसीबी के अलावा कहीं और खुद को खेलते हुए नहीं देखता। मैं बहुत खुश हूं कि ऐसा हुआ। मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे इस नीलामी में एक नयी टीम बनाने का मौका मिला। हम फ्रेंचाइजी और टीम के तौर पर इसके लिए उत्साहित हैं। कोहली ने साथ ही फ्रेंचाइजी और इसके प्रशंसकों से करीबी रिश्ते की बात की और कहा कि उनका लक्ष्य टीम को खिताब दिलाना होगा। हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी अहमियत रखती है। इतने वर्षों का यह विशेष रिश्ता लगातार मजबूत होता जा रहा है। प्रशंसक और फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोग भी ऐसा ही महसूस करेंगे।

# कोनस्टास टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार नहीं : डीकोस्टा

मेलबर्न, एजेंसी

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**



- सैम में काफी क्षमता है पर अभी उसे घरेलू क्रिकेट ही खेलने देना चाहिए

ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने बल्लेबाजी कोच नील डीकोस्टा ने भारत के पृथ्वी शॉ का उदाहरण देते हुए ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे 19 वर्षीय बल्लेबाज सैम कोनस्टास को भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल करने में जल्दबाजी न करें।

डीकोस्टा का मानना है कि कोनस्टास अभी पांच दिवसीय प्रारूप के लिए तैयार नहीं है। यह युवा बल्लेबाज भारत के खिलाफ श्रृंखला में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के दावेदारों में शामिल है। डीकोस्टा अतीत में माइकल क्लार्क और दिवंगत फिलिप ह्यूज को प्रशिक्षण दे चुके हैं। वह कोन्स्टास को भी बल्लेबाजी के गुर सिखा चुके हैं। उन्होंने कहा वह 100 टेस्ट खेल सकता है लेकिन अगर अभी उसे राष्ट्रीय टीम में चुना जाता है तो वह 10 टेस्ट तक ही सीमित रह सकता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसमें काफी क्षमता है लेकिन अभी उसे घरेलू क्रिकेट में खेलने देना चाहिए। हमारे सामने पृथ्वी शॉ का उदाहरण है। टीम में उनके चयन से पहले मैं उनकी कमजोरी बता सकता था।

## मैकस्वीनी को टेस्ट टीम में चुनने की पोंटिंग और हीली ने की वकालत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और इयान हीली ने भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय टीम में सलामी बल्लेबाज के खाली पड़े एक स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान नाथन मैकस्वीनी का चयन करने की वकालत की है। डेविड वार्नर के इस साल की शुरुआत में संन्यास लेने और स्टीव स्मिथ के अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर लौटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक सलामी बल्लेबाज की तलाश है। मैकस्वीनी, सैम कोनस्टास, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे खिलाड़ी इस रिक्त स्थान को भरने के दावेदारों में शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा मेरे हिसाब से इस स्थान को भरने का एकमात्र दावेदार नाथन मैकस्वीनी है, जो क्वींसलैंड में जन्मे हैं और अब दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं। वहीं, हीली ने कहा मुझे खुशी है कि लोगों ने देखा कि नाथन मैकस्वीनी किस तरह से अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। मैं उसे अच्छी तरह से जानता हूं क्योंकि वह मेरे क्लब से जुड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता भी उसके बारे में जानते हैं क्योंकि उसने हाल ही में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

## खेल डायरी

### हॉकी इंडिया लीग : ओसली दिल्ली एसजी पाइपर्स से जुड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को इंग्लैंड महिला हॉकी की मिडफील्डर और सुपरस्टार लिली ओसली से हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिए करार किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ओसली 28 वर्ष की डच मिडफील्डर शान डि वार्ड की जगह लेंगी जिन्होंने निजी कारणों से नाम वापस ले लिया। ओसली ने रियो ओलंपिक 2016 में स्वर्ण और तोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2022 बर्मिंघम और 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीता था। दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम की कोच डेव स्मोलेनार्स ने एक बयान में कहा शान डि वार्ड का नहीं होना टीम के लिये झटका है लेकिन उनकी जगह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ओसली का आना राहत की बात है। उनके पास अपार अनुभव और नेतृत्व क्षमता है। टूर्नामेंट एक फरवरी से रांची में खेला जाएगा।

### अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे से बाहर शाकिब-लिटन

**ढाका।** अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिये बांग्लादेश की टीम में शाकिब अल हसन और लिटन दास को जगह नहीं मिली है। नजमुल हुसैन शान्तो 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करते रहेंगे, जबकि मेहदी हसन मिराज उप कप्तान होंगे। दिलचस्प बात यह है कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के स्वेच्छा से शृंखला से हटने के बाद उनके नाम पर विचार नहीं किया गया है। इसके अलावा सूची से एक और बड़ा नाम लिटन दास का नहीं है। लिटन बुखार से उबर रहे हैं। इसके अलावा कंधे की चोट से जूझ रहे दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन महमूद को टीम में शामिल नहीं किया है। अनामुल हक और तैजुल इस्लाम को भी टीम में जगह नहीं मिली है। बांग्लादेश ने 22 वर्षीय अनकैप्ड पेसर नाहिद राणा को शामिल किया है, जिन्होंने अब तक पांच टेस्ट खेले हैं। सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और बाएं हाथ के स्पिनर नसुम अहमद को भी वापस बुला लिया है। जाकिर, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में अपना वनडे डेब्यू किया था, ने प्रारूप में सिर्फ एक मैच खेला है और नसुम ने आखिरी बार नवंबर 2023 में एकदिवसीय मैच खेला था।

### रियाद में प्रणवी संयुक्त 18वें स्थान पर पहुंची

**रियाद।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह अरामको टीम सीरीज में संयुक्त रूप से 18वें स्थान पर पहुंच गई। प्रणवी ने दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाईं। उन्होंने 10वें होल से शुरुआत की तथा 15वें और 18वें होल के बीच चार होल में तीन बर्डी लगाईं। भारत की एक अन्य खिलाड़ी दीक्षा डागर ने पहले दौर में इवन पार का स्कोर बनाने के बाद दूसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला। वह संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर हैं। उन्होंने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। स्लोवेनिया की पिया बबनिक 14-अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### भारतीय टीम विश्व ब्रिज खेलों के फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** भारत की सीनियर टीम ने यहां अंतिम चार के मुकाबले में स्वीडन को 195-129 से हराकर विश्व ब्रिज खेलों के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट और रवि गोयनका शामिल हैं। फाइनल में उनका मुकाबला अमेरिका से होगा। भारतीय टीम ने स्वीडन की टीम को कोई मौका नहीं दिया और अंतिम चरण का खेल शेष रहने से पहले ही हार स्वीकार कर ली। इससे पहले भारत ने क्वार्टर फाइनल में कनाडा को और प्री-क्वार्टर फाइनल में स्कॉटलैंड को हराया था।

### बस्तर ओलंपिक के लोगो व मस्कट का किया अनावरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर ओलंपिक-2024 के लोगो (प्रतीक चिन्ह) और मस्कट (शुभंकर) का अनावरण किया। साय ने इस अवसर पर कहा बस्तर ओलंपिक के लोगो में बस्तर की संस्कृति और परंपराओं की झलक दिख रही है। पहाड़ी मैना और वन भैंसा बस्तर ओलंपिक के मस्कट बने जो कि वन्य जीव संरक्षण को समर्पित है। साय ने सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा भी बैठक में उपस्थित थे।

**तीसरा टेस्ट : वानखेड़े की मुश्किल पिच पर भारतीय बल्लेबाजों की होगी अग्निपरीक्षा, रोमांचक मोड़ पर आया मुकाबला**

# भारतीय गेंदबाजों ने कराई वापसी



एजाज पटेल
5 विकेट
103 रन
21.4 ओवर

- भारत ने बनाए 263 रन, दूसरी पारी में नौ विकेट गंवाकर 171 तक पहुंची न्यूजीलैंड की टीम

मुंबई, एजेंसी



विकेट की अपील करने के बाद तीसरे अंपायर के निर्णय का इंतजार करते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

वानखेड़े की मुश्किल पिच पर शनिवार का दिन भारत और न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के लिए कठिन परीक्षा का रहा जहां श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की पहली पारी के 263 रन के जवाब में मेहमान टीम ने नौ विकेट पर 171 रन बना लिए थे। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 235 रन बनाये थे। इस लिहाज में मेहमान टीम की लीड 143 रन की हो चुकी है और उसके बचे हुए एकमात्र बल्लेबाज को पिच पर आना बाकी है। दिन का खेल खत्म होने के समय एजाज पटेल सात रन बना कर क्रीज पर जमे हुए थे। पहले दोनों मैच जीतकर तीन मैच की श्रृंखला न्यूजीलैंड पहले ही अपने नाम कर चुकी है।

आज पूरे दिन के खेल में गेंदबाजों का बोलबाला रहा जहां कीवी गेंदबाजों ने छह भारतीय विकेट निकाले जबकि भारतीयों ने भी नौ मेहमान बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। भारत की कोशिश न्यूजीलैंड का आखिरी विकेट जल्द निकालने की होगी जिसके बाद भी पिच के मिजाज को देखते हुए भारत के लिए लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं दिख रहा है क्योंकि चौथी पारी में सिर्फ एक बार यह करिश्मा हुआ है जब किसी भी टीम ने यहां 163 रन का लक्ष्य हासिल किया है। पिच के रुख को भांपते हुए शुभमन गिल (90) और ऋषभ पंत (60) की जोड़ी ने अपनी टीम के कल के स्कोर चार विकेट पर 86 रन से आगे खेलते हुए पहले सत्र में आक्रामकता का परिचय दिया। खासकर ऋषभ पंत ने क्रीज पर आते ही तेजी से रन बटोरने शुरु किए। उनके आउट होते ही रविंद्र जडेजा (14) और सरफराज खान (0) के रुप में भारत को जल्द ही दो करारे झटके लगे। बाद में क्रीज पर आए वशिंगटन सुंदर ने शुभमन गिल के साथ स्कोरबोर्ड को चलाने का प्रयास किया मगर गिल 90 के निजी स्कोर पर एजाज पटेल का शिकार बन गए। सुंदर (38) भी आक्रामक अंदाज में दिखे मगर दूसरे छोर पर समर्थन नहीं मिला। एजाज पांच विकेट लेकर न्यूजीलैंड के सबसे सफल गेंदबाज बने।

आकाशदीप ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में कप्तान टाम लेथम (1) का विकेट जल्द ही निकाल कर अपनी टीम को मनोवैज्ञानिक बढ़त दिला दी थी मगर पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करने वाले विल यंग (51) ने एक छोर पर खूंटा गाड़ कर भारतीय गेंदबाजों को परिश्रम कराया। उन्होने डेवन कॉन्वे (22), डैरिल मिचेल (21) और ग्लेन फिलिप्स (21) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां कर टीम के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बनाने की भरपूर कोशिश की। यंग को अश्विन ने अपनी गेंद पर कैच कर पवेलियन का रास्ता दिखाया। दूसरी पारी में रविंद्र जडेजा अब तक सर्वाधिक चार विकेट चटका चुके थे जबकि रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट झटके। आकाश और वशिंगटन सुंदर को एक-एक विकेट मिला था।

## स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड (पहली पारी) 235 रन**

| भारत (पहली पारी) 263/10 (59.4 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो पटेल | 30 | 52 | 4/0 |
| रोहित शर्मा का लैथम बो हेनरी | 18 | 18 | 3/0 |
| शुभमन गिल का मिचेल बो पटेल | 90 | 146 | 7/1 |
| मोहम्मद सिराज पगबाधा बो पटेल | 0 | 1 | 0/0 |
| विराट कोहली रन आउट | 4 | 6 | 1/0 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो सोढी | 60 | 59 | 8/2 |
| रविंद्र जडेजा का मिचेल बो फिलिप्स | 14 | 25 | 0/0 |
| सरफराज खान का ब्लंडेल बो पटेल | 0 | 4 | 0/0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 38 | 36 | 4/2 |
| रविचंद्रन अश्विन का मिचेल बो पटेल | 6 | 13 | 1/0 |
| आकाशदीप रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 3, गेंदबाजी : मैट हेनरी 8-1-26-1, ओरोउर्के 2-1-5-0, एजाज पटेल 21.4-3-103-5, ग्लेन फिलिप्स 20-0-84-1, रचिन रविंद्र 1-0-8-0, ईश सोढी 7-0-36-1

| न्यूजीलैंड (दूसरी पारी) 171/9 (43.3 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लैथम बो आकाश दीप | 1 | 4 | 0/0 |
| डेवोन कॉनवे का गिल बो सुंदर | 22 | 47 | 2/0 |
| विल यंग का और बो अश्विन | 51 | 100 | 2/1 |
| रचिन रविंद्र स्ट पंत बो अश्विन | 4 | 3 | 1/0 |
| डेरिल मिचेल का अश्विन बो जडेजा | 21 | 44 | 1/1 |
| टॉम ब्लंडेल बो जडेजा | 4 | 6 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो अश्विन | 26 | 14 | 1/3 |
| ईश सोढी का कोहली बो जडेजा | 8 | 14 | 1/0 |
| मैट हेनरी बो जडेजा | 10 | 16 | 0/1 |
| ऐजाज पटेल नाबाद | 7 | 14 | 0/1 |
| विलियम ओ'रोउर्के नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 17 रन, गेंदबाजी : आकाश दीप 5-0-10-1, सुंदर 10-0-30-1, अश्विन 16-0-63-3, जडेजा 12.3-2-52-4

# भारत हांगकांग सिक्सेस में यूएई और इंग्लैंड से हारा

हांगकांग, एजेंसी

भारत को शनिवार को यहां हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंग्लैंड से क्रमशः एक रन और 15 रन से हार का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पाकिस्तान से हारने के बाद भारत को क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए यूएई पर जीत की दरकार थी लेकिन टीम एक रन से हार गई। भारत को 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में 32 रन चाहिए थे। आल राउंडर स्टुअर्ट बिन्नी (11 गेंद में 44 रन) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन वह रन आउट हो गए। इससे पहले रोबिन उथप्पा ने 10 गेंद में 43 रन बनाए। यूएई ने छह ओवर में पांच विकेट पर 130 रन का स्कोर खड़ा किया था।

वहीं, दूसरे मैच में इंग्लैंड के खिलाफ भारत 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट पर 105 रन ही बना सका और 15 रन से हार गया।

# बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी पेरिस मास्टर्स से बाहर

पेरिस, एजेंसी



भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन यहां पुरुष युगल के कड़े मुकाबले में हार के साथ पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए।

बोपन्ना और एबडेन की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को इस एटीपी 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेक्टिच की जोड़ी से 6-7, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटे 46 मिनट तक चला। पहला सेट टाईब्रेकर में खिंचने से पहले दोनों जोड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। बोपन्ना और एबडेन को कुछ मौके मिले लेकिन कूलहोफ और मेक्टिच ने सेट प्वाइंट बचाकर टाईब्रेक जीता और 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरे सेट में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन बोपन्ना और एबडेन ने 12वें गेम में डबल फॉल्ट किया जिसकी बदौलत कूलहोफ और मेक्टिच को ब्रेक प्वाइंट का मौका मिला। उन्होंने उसे भुनाकर मैच अपने नाम कर दिया। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी पहले ही सत्र के अंतिम टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

## ज्वेरेव, रूण, हम्बर्ट और खाचानोव सेमीफाइनल में पहुंचे

**पेरिस।** जर्मनी के तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने स्टेफानोस सितसिपास को 7-5, 6-4 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और यूनान के खिलाड़ी को एटीपी फाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया। ज्वेरेव का अगला मुकाबला होल्गर रूण से होगा। 10वीं वरीयता प्राप्त सितसिपास एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में रूण ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को हराया। रूस के करेन खाचानोव ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हराकर उनकी एटीपी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका पहुंचाया। सेमीफाइनल में खाचानोव का मुकाबला उगो हम्बर्ट से होगा, जिन्होंने अल्काराज को बाहर का रास्ता दिखाने के एक दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को हराया।

## बॉलीवुड हलचल

# 59 वर्ष के हुए सुपरस्टार शाहरूख खान



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान आज 59 वर्ष के हो गए। 02 नवंबर 1965 को दिल्ली में जन्में शाहरुख खान के पिता ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हुए थे। अभिनय से जुड़ने और संचार की विभिन्न विधाओं को नजदीक से समझने के लिए शाहरूख ने जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि ग्रहण की। वर्ष 1988 में शाहरूख खान ने बतौर अभिनेता छोटे पर्दे के धारावाहिक फौजी से अपने कैरियर की शुरूआत की। वर्ष 1991 में अपने सपनों को साकार करने के लिए शाहरुख मुंबई आ गए। अजीज मिर्जा ने शाहरुख खान की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें अपने धारावाहिक सर्कस में काम करने का मौका दे दिया। इस बीच शाहरुख को फिल्म दीवाना में काम करने का अवसर मिला। जिसके लिए फिल्म फेयर की ओर से उन्हें नए अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार भी मिला। 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर सुपरहिट साबित हुई और वह काफी हद तक इंडस्ट्री में पहचान बनाने में कामयाब हो गए।

## दीपिका-रणवीर ने बेटी का नाम रखा दुआ



**मुंबई।** बॉलीवुड के पावर कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपनी बेटी का नाम दुआ पादुकोण सिंह रखा है। दीपिका और रणवीर के आंगन में 8 सितंबर को बेटी का आगमन हुआ। वहीं अब इस कपल ने अपनी बिटिया रानी की पहली तस्वीर शेयर कर दी है। तस्वीर में दीपिका-रणवीर की नन्ही परी शाइनी रेड कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंहने अपनी बेटी के आने की खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने बेटी का नाम दुआ पादुकोण सिंह रखा है। दीपिका और रणवीर के अनुसार उनकी बेटी ईश्वर द्वारा उनकी प्रार्थनाओं के जवाब में भेजा गया आशीर्वाद है। इसीलिए, दीपिका और रणवीर ने अपनी बेटी का नाम दुआ रखा है जिसका अर्थ है प्रार्थना या रिक्वेस्ट। रणवीर सिंह ने बेटी की पहली तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, दुआ पादुकोण सिंह। दुआ जिसका मिनिंग है एक प्रेयर क्योंकि वह हमारी प्रार्थनाओं का उत्तर है। हमारे दिल प्यार और कृतज्ञता से भरे हुए हैं दीपिका और रणवीर।

## रजनीकांत ने अमरन की टीम से मुलाकात की



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत ने अमरन की टीम से मुलाकात की और फिल्म की सफलता पर शिवकार्तिकेयन और कमल हासन को बधाई दी। रजनीकांत ने हाल ही में अपने करीबी दोस्त और साथी अभिनेता कमल हासन द्वारा निर्मित नवीनतम फिल्म अमरन के पीछे की टीम से मुलाकात की। इस बैठक में मुख्य अभिनेता शिवकार्तिकेयन, निर्देशक राजकुमार पेरियासामी, सिनेमैटोग्राफर सीएच साई और निर्माता आर महेंद्रन ने भाग लिया, जिसमें रजनीकांत ने फिल्म और इसके निर्माताओं के प्रति अपना समर्थन दिखाया। राज कमल इंटरनेशनल फिल्म्स के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट में, चार तस्वीरों ने यादगार सभा को कैद किया, जिसमें रजनीकांत फिल्म के कलाकारों और क्रू के साथ गर्मजोशी से बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट का शीर्षक था, रजनीकांत ने अपने दोस्त कमल हासन की प्रोडक्शन वेंचर, अमरन देखी, जिसका निर्देशन राजकुमार पेरियासामी ने किया था और अभिनय शिवकार्तिकेयन ने किया था।




# टेनिस समुदाय का अनादर नहीं करता, मैं इसका हिस्सा हूं : रोहित

नई दिल्ली, एजेंसी



- राजपाल ने स्वीकारा- मीडिया से बातचीत पर नहीं देनी चाहिए थी ऐसी प्रतिक्रिया

भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल ने शनिवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने शट अप उन्हें एजेंडे के तहत लगातार निशाना बना रहे कुछ लोगों के लिए कहा था, देश के टेनिस समुदाय के लिए नहीं जैसा कि पेश किया जा रहा है।

राजपाल ने एक इंटरव्यू में कहा कि डेविस कप कप्तान के रूप में उनकी योग्यता पर सवाल उठाने वाले लोगों को रिसर्च करना चाहिए और वह उन लोगों में से नहीं है जो खिलाड़ियों के नहीं चाहने पर पद पर बने रहेंगे। आम तौर पर विवादों से परे रहने वाले राजपाल स्टॉकहोम में पिछले डेविस कप मुकाबले में स्वीडन के हाथों भारत की 0-4 से हार के बाद अपने आलोचकों को शट अप कहने के कारण विवादों में घिर गए थे। 54 वर्ष के राजपाल ने स्वीकार किया कि मीडिया से बातचीत में उकसाए जाने पर उन्हें उस तरह की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी। उन्होंने बातचीत में कहा मैं खुद भारतीय टेनिस समुदाय का हिस्सा हूं। इतनी सारी चीजों से जुड़ा हूं। टेनिस मेरा जीवन है और मैं भारतीय टेनिस समुदाय को इस तरह कुछ बोलने के बारे में सपने में भी नहीं सोच सकता, मैं ऐसा क्यूं करूंगा। राजपाल ने कहा मैं किसी का इस तरह अनादर करने की सोच भी नहीं सकता लेकिन मुझे इस तरह की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी, लेकिन सवाल इतने बुरे तरीके से पूछा गया था और मेरी टीम साथ बैठी थी तो अपमानित सा महसूस हुआ।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### नाटो महासचिव चार को जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे

**मॉस्को।** नाटो के नए महासचिव मार्क रुटे चार नवंबर को जर्मनी की आधिकारिक यात्रा पर जायेंगे। यह जानकारी जर्मन सरकार के प्रवक्ता स्टीफन हेबेस्ट्रेइट ने दी। हेबेस्ट्रेइट ने कहा, 04 नवंबर, 2024 को स्थानीय समयानुसार 14:30 बजे, चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ नाटो महासचिव मार्क रुटे का स्वागत करेंगे, जो संघीय चांसलरी में सैन्य सम्मान के साथ अपनी पहली यात्रा पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि स्कोल्ज़ और रूटे यूरो-अटलांटिक क्षेत्र में सुरक्षा पर चर्चा करेंगे।

### इंडोनेशिया: कुकिंग ऑयल फैक्ट्री में आग से 9 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े शहर जकार्ता में कुकिंग ऑयल फैक्ट्री में लगी भीषण आग में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये। आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण एजेंसी में पुनर्निर्माण और पुनर्वास इकाई के प्रमुख इधम खोलिद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बेकासी शहर के एक औद्योगिक परिसर में आग लग गयी। आग में नौ लोगों की मौत हो गयी और चार लोग घायल हुए हैं। घायलों में तीन फैक्ट्री के कर्मचारी थे जबकि एक अन्य दमकलकर्मी है।

### जापान में अक्टूबर में रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया

**टोक्यो।** जापान में अक्टूबर में रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया, जो 1898 में रिकॉर्ड रखने की शुरुआत के बाद से सबसे गर्म महीना रहा। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पूरे देश में अक्टूबर का औसत तापमान सामान्य तापमान से 2.21 डिग्री सेल्सियस अधिक है। क्षेत्रीय आधार पर उत्तरी जापान में तापमान औसतन 1.9 डिग्री अधिक रहा, जबकि पूर्वी और पश्चिमी जापान में तापमान में 2.6 डिग्री की वृद्धि देखी गई। क्योटो शहर में 3.2 डिग्री, नागानो में 3.1 डिग्री और मध्य टोक्यो में 2.6 डिग्री ज्यादा रहा।

### स्पेन में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 207 हुई

**मॉस्को।** स्पेन के गृह मंत्री फर्नांडो ग्रांडे मार्लास्का ने शनिवार को कहा कि देश में भारी बारिश एवं बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 207 हो गई है तथा इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। स्पेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मैड्रिड ने बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अतिरिक्त 250 सैन्य कर्मियों को तैनात किया है, जिससे मलबे को हटाने में मदद करने वाले सैनिकों की संख्या 2,000 हो गई है।

### पाकिस्तान में पोलियो के दो नए मामले मिले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो के दो नए मामले सामने आने के बाद पड़ोसी देश में इस साल पोलियो के मामलों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जियो न्यूज ने राष्ट्रीय आपातकालीन परिचालन केंद्र के हवाले से बताया कि नवीनतम मामले लक्की मरवात और डेरा इस्माइल खान प्रांतों में सामने आए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि ये मामले जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 (डब्ल्यूपीवी1) के हैं।

# अफ्रीका में एमपॉक्स के मामले 500 प्रतिशत बढ़े

अदीस अबाबा, एजेंसी

- प्रभावित देशों की कुल संख्या बढ़कर 19 हो गई

अफ्रीका में एमपॉक्स के पुष्ट मामलों में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, साथ ही प्रभावित देशों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। यह जानकारी अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) ने दी।

अफ्रीका सीडीसी के चीफ ऑफ स्टाफ नगाशी नगोंगो ने ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस वर्ष की शुरुआत से अफ्रीका में 48,093 एमपॉक्स मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 10,372 की पुष्टि हुई है और 1,048 से ज्यादा मौतें हुई हैं। नगोंगो ने कहा, जब हम (इस वर्ष रिपोर्ट किए गए पुष्टि किए गए मामलों) की तुलना 2023 से करते हैं, तो यह 500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है। मामले अभी भी आम तौर पर ऊपर जा रहे हैं। मॉरीशस एमपॉएक्स मामलों की रिपोर्ट करने वाला नवीनतम अफ्रीकी देश बन गया है, जिससे प्रभावित देशों की कुल संख्या 19 हो गई है। अफ्रीका सीडीसी के डेटा से यह भी पता चलता है कि मध्य अफ्रीकी क्षेत्र इस प्रकोप से सबसे अधिक प्रभावित है, जो सभी रिपोर्ट किए गए मामलों में से 85.7 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।

## पाकिस्तान में हवाई अड्डों पर बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने देशभर के हवाई अड्डों पर बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि शुक्रवार को देश की संघीय जांच एजेंसी को बायोमेट्रिक मशीनें लगाने के संबंध में तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। हवाई अड्डों पर अंतर्राष्ट्रीय आव्रजन काउंटरों पर ये मशीनें लगायी जायेंगी, ताकि यात्रियों का प्रभावी सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके। बयान में कहा गया है कि मशीनें लगने के बाद अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य हो जायेगा। इससे भगोड़ों और वांछितों के लिए घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करना असंभव हो जायेगा।

# सुनामी: एक भीषण प्राकृतिक आपदा



विश्व सुनामी जागरूकता दिवस हर साल 5 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य सुनामी के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को सुनामी के खतरों और उनके प्रभावों के बारे में शिक्षित करना है। यह दिवस 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया था, ताकि लोग सुनामी से बचाव की तैयारी और प्रतिक्रिया के महत्व को समझ सकें।

**इतिहास :** 2004 का इंडियन ओशन सुनामी, जिसे अक्सर सुनामी ऑफ 2004 के रूप में जाना जाता है, 26 दिसंबर 2004 को हुआ। इस सुनामी का कारण इंडियन ओशन में एक बड़े भूकंप का होना था, जिसकी तीव्रता 9.1 से 9.3 मापी गई। यह भूकंप सुमात्रा के पश्चिमी तट के पास स्थित एक खाई में आया, जिसने विशाल जलाशयों को विस्थापित किया और सुनामी लहरों का निर्माण किया।

**प्रमुख कारण**

**भूकंप :** समुद्र के तले होने वाले भूकंप सबसे सामान्य कारण हैं।

**ज्वालामुखी विस्फोट :** ज्वालामुखी विस्फोट के दौरान समुद्र में बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है।

**भूस्खलन :** समुद्र के किनारे पर बड़े भूस्खलन भी सुनामी का कारण बन सकते हैं।

**सुरक्षा उपाय**

**सुनामी चेतावनी प्रणाली :** कई तटीय क्षेत्रों में चेतावनी प्रणाली स्थापित की गई हैं।

**तटीय समुदायों में शिक्षा :** लोगों को सुनामी के संकेतों और प्रतिक्रिया के तरीकों के बारे में शिक्षित करना।

**ऊंचे स्थान पर जाना :** सुनामी की स्थिति में ऊंचे स्थान पर जाने की सलाह दी जाती है।

**प्रभाव**

**प्रभावित क्षेत्र :** सुनामी का प्रभाव कई देशों पर पड़ा, जिनमें इंडोनेशिया, श्रीलंका, भारत, थाईलैंड, मालदीव और अन्य तटीय क्षेत्र शामिल थे।

**जनहानि :** लगभग 2,30,000 से 2,80,000 लोग मारे गए और लाखों लोग बेघर हुए।

**आर्थिक नुकसान :** इसकी लागत लगभग 10 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई, जिसमें बुनियादी ढांचे, कृषि और पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान शामिल था।

# कनाडा को रिश्ते बिगड़ने की चेतावनी

## गृह मंत्री पर आरोप और भारतीय राजनयिकों को धमकाने एवं उत्पीड़न का विरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कनाडा से जुड़े विभिन्न सवालों के जवाब में कहा



भारत ने कनाडा के एक उप मंत्री द्वारा भारत सरकार के गृह मंत्री पर बिना सबूत आरोप लगाने और भारतीय राजनयिकों को धमकाने एवं उत्पीड़न पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए कनाडा सरकार को चेतावनी दी कि उसकी इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर असर होंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में कनाडा से जुड़े विभिन्न सवालों के जवाब में कहा, हमने शुक्रवार को कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया था। उन्हें 29 अक्टूबर को ओटावा में सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर स्थायी समिति की कार्यवाही के संदर्भ में एक राजनयिक नोट सौंपा गया है। नोट में बताया गया है कि भारत सरकार, कनाडा सरकार में उप मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किए गए बेतुके और निराधार संदर्भों का कड़े शब्दों में विरोध करती है। जायसवाल ने कहा कि वास्तव में, यह रहस्योद्घाटन केवल उस दृष्टिकोण की पुष्टि करता है जो भारत सरकार लंबे समय से वर्तमान कनाडाई सरकार के राजनीतिक एजेंडे और व्यवहार शैली के बारे में रखती है कि कनाडा के उच्च अधिकारी भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सुविचारित रणनीति के तहत जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में निराधार आक्षेप लीक करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को स्पष्ट कर दिया गया है कि इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे। कनाडाई साइबर सुरक्षा रिपोर्ट में भारत को एक शत्रु देश के रूप में वर्गीकृत किये जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह भारत पर हमला करने की कनाडाई रणनीति का एक और उदाहरण प्रतीत होता है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, उनके वरिष्ठ अधिकारियों ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि वे भारत के खिलाफ वैश्विक धारणा को बदलना चाहते हैं। अन्य अवसरों की तरह, इस रिपोर्ट में भी भारत पर बिना किसी सबूत के आरोप लगाए गए हैं।" कनाडा की सरकार द्वारा भारतीय राजनयिकों एवं अन्य अधिकारियों पर निगरानी रखे जाने के बारे में पूछने पर जायसवाल ने कहा, हमारे कुछ कांसुलर अधिकारियों को हाल ही में कनाडाई सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि वे ऑडियो और वीडियो निगरानी में हैं और बने रहेंगे। उनके संचार को भी इंटरसेप्ट किया गया है। इस पर हमने औपचारिक रूप से कनाडाई सरकार का विरोध किया है क्योंकि हम इन कार्यों को प्रासंगिक राजनयिक और कांसुलर प्रावधानों का घोर उल्लंघन मानते हैं।

### कनाडा ने साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में भारत को किया शामिल

**ओटावा।** कनाडा ने पहली बार भारत का नाम साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में शामिल किया है। इसके जरिये उसने यह संकेत देने की कोशिश की है कि (भारत) सरकार द्वारा प्रायोजित तत्वों के माध्यम से ओटावा के खिलाफ जासूसी किए जाने की संभावना है। दोनों देशों के मध्य जारी कूटनीतिक विवाद के बीच, कनाडा की राष्ट्रीय साइबर खतरा आकलन 2025-2026 (एनसीटीए 2025-2026) रिपोर्ट में चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया के बाद भारत को पांचवें स्थान पर रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा आकलन है कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित साइबर खतरा पैदा करने वाले तत्वों द्वारा जासूसी के मकसद से कनाडा सरकार के नेटवर्क के खिलाफ साइबर खतरा पैदा करने वाली गतिविधि संचालित किए जाने की संभावना है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक साल पहले कहा था कि कनाडा के पास इस बारे में विश्वसनीय सबूत हैं कि जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में कनाडाई सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे। एनसीटीए 2025-2026 कनाडा में व्यक्तियों और संगठनों के समक्ष उत्पन्न हो सकने वाले साइबर खतरों पर प्रकाश डालता है।

## भारतीय कंपनियों ने नहीं किया कानून का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका द्वारा भारत की 19 कंपनियों पर रूस को प्रतिबंधित सामग्री के निर्यात के आरोप में प्रतिबंध लगाये जाने पर आज स्पष्ट किया कि भारतीय कंपनियों ने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया है और भारतीय अधिकारी इस मुद्दे पर अमेरिकी अधिकारियों से बात कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमने अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर रिपोर्टें देखी हैं।

भारत के पास रणनीतिक व्यापार और अप्रसार नियंत्रण पर एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा है। हम तीन प्रमुख बहुपक्षीय अप्रसार निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं - वासेनार व्यवस्था, ऑस्ट्रेलिया समूह और मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था के भी सदस्य हैं, और हम अप्रसार पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रतिबंधों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव संख्या 1540 को भी प्रभावी ढंग से लागू कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा, हमारी समझ यह है कि स्वीकृत लेनदेन और कंपनियां भारतीय कानूनों का उल्लंघन नहीं कर रही हैं।

# ईरान के सर्वोच्च नेता ने इजराइल और अमेरिका को धमकाया

दुबई, एजेंसी

- ईरानी अधिकारी इजराइल के खिलाफ एक और हमला करने की बात कर रहे



ईरान के सर्वोच्च नेता ने शनिवार को ईरान और इसके सहयोगियों पर हमलों को लेकर इजराइल तथा अमेरिका को करारा जवाब दिए जाने की धमकी दी। अयातुल्लाह अली खामेनेई ने यह धमकी ऐसे समय दी, जब 26 अक्टूबर को इस्लामिक गणराज्य पर हुए हमले के बाद ईरानी अधिकारी इजराइल के खिलाफ एक और हमला करने की बात कर रहे हैं। इस हमले में इजराइल ने ईरान के सैन्य ठिकानों और अन्य स्थानों को निशाना बनाया था, जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए थे।

दोनों ओर से कोई अन्य हमला इस मंगलवार को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले पश्चिम एशिया को व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष में उलझा सकता है, जो पहले से ही गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध और लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइल के जमीनी अभियान से झुलस रहा है। खामेनेई ने ईरान के सरकारी मीडिया द्वारा जारी वीडियो में कहा, दुश्मन, चाहे यहूदी शासन हो या अमेरिका, वे जो कर रहे हैं उसका करारा जवाब निश्चित रूप से मिलेगा। उन्होंने जवाबी कार्रवाई के समय या दायरे के बारे में विस्तार से नहीं बताया। अमेरिकी सेना पूरे पश्चिम एशिया में सक्रिय है। इसके कुछ सैनिक अब इजराइल में 'टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस' (थाड) वायु रक्षा प्रणाली का प्रबंधन कर रहे हैं। खामेनेई (85) ने पहले की टिप्पणियों में अधिक सतर्क रुख अपनाया था और कहा था कि अधिकारी ईरान की कार्रवाई का मूल्यांकन करेंगे तथा इजराइल के हमले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए और न ही कम करके आंका जाना चाहिए। हालांकि, हमले के प्रभाव को छिपाने की ईरान की कोशिश विफल हो गई।

## नाइजीरिया में 29 बच्चों को मिल सकती है मौत की सजा

**अबुजा।** नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए 29 बच्चों को शुक्रवार को आरोपी बनाया गया और इस मामले में दोषी पाए जाने पर उन्हें मौत की सजा दी जा सकती है। अदालत में अपनी दलील रखने से पहले उनमें से चार बच्चे थकावट के कारण बेहोश होकर गिर गए थे। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखे गए आरोप पत्र के अनुसार, नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए कुल 76 प्रदर्शनकारियों पर 10 संगीन आरोप लगाए गए, जिनमें राजद्रोह, संपत्ति को नष्ट करना, उपद्रव मचाना और विद्रोह करना शामिल हैं। आरोप पत्र के अनुसार, नाबालिगों की उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच है। नाइजीरिया में जीवन जीने की लागत बढ़ने के कारण हाल के महीनों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं।

# पश्चिम एशिया में अतिरिक्त सैन्य सामग्री की तैनाती

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के रक्षा विभाग ने कहा कि वह युद्धपोत, लड़ाकू जेट और बमवर्षक सहित अतिरिक्त सैन्य संपत्ति भेज रहा

अमेरिका के रक्षा विभाग ने शुक्रवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में युद्धपोत, लड़ाकू जेट और बमवर्षक सहित अतिरिक्त सैन्य संपत्ति भेज रहा है। रक्षा विभाग के प्रेस सचिव पैट राइडर ने एक बयान में बताया कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने क्षेत्र में अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक, लड़ाकू स्क्वाड्रन, टैंकर विमान और कई अमेरिकी वायु सेना बी-52 लंबी दूरी के हमलावर बमवर्षक विमानों की तैनाती का आदेश दिया है। इन बलों के पास आने वाले महीनों में अतिरिक्त सैन्य साजो सामान पहुंचने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से नवीनतम तैनाती का आदेश ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप पश्चिम एशिया से प्रस्थान करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि एम्फीबियस रेडी ग्रुप मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट (जिसे पहले तैनात किया गया था) इस क्षेत्र में रहेगी। राइडर ने बयान में कहा, रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने यह स्पष्ट करना जारी रखा कि यदि ईरान, उसके साझेदार या उसके प्रतिनिधि इस अवसर का उपयोग क्षेत्र में अमेरिकी कर्मियों या हितों को निशाना बनाने के लिए करते हैं, तो अमेरिका अपने लोगों की रक्षा के लिए हर संभव उपयुक्त कदम उठाएगा। उल्लेखनीय है कि ऑस्टिन ने यह आदेश एक सप्ताह पहले ईरान के विरुद्ध इजराइल द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के बाद दिया है।

## मोदी और यूनान के समकक्ष ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूनान के उनके समकक्ष कायरियाकोस मित्सोताकिस ने हाल में उच्च स्तरीय मुलाकातों के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई गति की सराहना की है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को बताया गया कि दोनों नेताओं ने भारत एवं यूनान की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। फोन पर की गई बातचीत के दौरान मित्सोताकिस ने आम चुनावों में मोदी के पुनः निर्वाचित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस वर्ष के प्रारंभ में मित्सोताकिस की भारत यात्रा के बाद व्यापार, रक्षा, नौवहन और संपर्क सहित द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। बयान में बताया गया कि दोनों नेताओं ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा और क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# ब्रिटेन-अमेरिका व कनाडा के सिखों को मुफ्त वीजा

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा- 30 मिनट में मुफ्त ऑनलाइन वीजा जारी होगा



पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा से आने वाले सिख श्रद्धालुओं को 30 मिनट के भीतर मुफ्त ऑनलाइन वीजा दिया जाएगा। नकवी की यह टिप्पणी गुरुवार को लाहौर में सिख तीर्थयात्रियों के 44 सदस्यीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद आई है।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार मंत्री ने सिख तीर्थयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने स्वीकार किया कि अतीत में सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान की यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नकवी ने कहा कि सरकार ने सिखों के लिए वीज़ा प्रक्रिया को ऑनलाइन करके आसान बना दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन के पासपोर्ट धारक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और बिना किसी शुल्क के 30 मिनट के भीतर अपना वीजा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सुविधा इन देशों में रहने वाले भारतीय मूल के सिखों को भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय को और अधिक सुविधाएं प्रदान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

## ब्रिक्स के खिलाफ बहुत जोर लगा रहा है अमेरिका: एलेक्सी

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के रूस के लिए कार्यकारी निदेशक एलेक्सी मोझिन ने कहा है कि अमेरिका और पश्चिमी देश ब्रिक्स देशों के खिलाफ बहुत जोर लगा रहे हैं, जिससे संघ के सदस्यों पर दबाव बढ़ रहा है। समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने यह जानकारी दी है। मोझिन ने एक नवंबर को अपना पद छोड़ने से पहले ब्रिक्स के विकास के बारे में पश्चिम की चिंताओं पर अपने साक्षात्कार में कहा, अमेरिका-ब्रिक्स देशों को पीछे से पकड़ने की बहुत कोशिश कर रहा है, जिससे देश भारी दबाव में हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने दूतावासों के माध्यम से ब्रिक्स सदस्यों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। मोझिन ने कहा कि पश्चिमी देश ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच सहयोग के प्रगाढ़ होने पर चिंतित हैं, लेकिन इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं।

# ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी ने बेडेनॉच को नेता चुना

लंदन, एजेंसी

- चुनाव में हार मिलने पर पार्टी पुनः संगठित करने की कोशिश में जुटी



ब्रिटेन में 14 सालों तक सत्ता में रहने के बाद चुनाव में करारी हार मिलने पर अपने को पुनः संगठित करने की कोशिश में जुटी कंजरवेटिव पार्टी ने शनिवार को केमी बेडेनॉच को अपना नया नेता चुना।

बेडेनॉच ने दक्षिण मध्यमार्गी पार्टी के लगभग 100,000 सदस्यों द्वारा किये गये मतदान में प्रतिद्वंद्वी सांसद रॉबर्ट जेनरिक को हराया। वह किसी प्रमुख ब्रिटिश राजनीतिक पार्टी का नेतृत्व करने वाली पहली अश्वेत महिला हैं। बेडेनॉच ने ऋषि सुनक की जगह ली है जिनके ही नेतृत्व में जुलाई में कंजरवेटिव पार्टी की करारी हार हुई थी। कंजरवेटिव पार्टी को 200 से अधिक सीट गंवानी पड़ी और वह 121 पर सिमट गयी। यह 1832 के बाद से इस दल की सबसे बुरी हार थी। वर्षों के विभाजन, घोटाले और आर्थिक उथल-पुथल के बाद पार्टी की प्रतिष्ठा को बहाल करने, अर्थव्यवस्था और आव्रजन सहित प्रमुख मुद्दों पर लेबर प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की नीतियों की खामियां उजागर करने और 2029 तक होने वाले अगले चुनाव में कंजर्वेटिव को सत्ता में वापस लाने की कोशिश करना नये नेता की चुनौती है।

**अमेरिकी चुनाव** राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने लगाया आरोप

# अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार एवं उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं।

अगले सप्ताह होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैरिस ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप जो पेशकश कर रहे हैं, अमेरिका उससे बेहतर का हकदार है। अमेरिका को एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है जो आदर्श बनने की हमारे लोगों और बाकी दुनिया के प्रति हमारी जिम्मेदारी एवं भूमिका को समझे। हैरिस ने विस्कॉन्सिन में संवाददाताओं से कहा, जैसा कि आपने मुझे कई बार कहते सुना है, अमेरिकी लोगों के प्रति मेरा संकल्प यह है कि मैं सामान्य ज्ञान के आधार पर समाधान निकालूंगी, उन लोगों की भी सुनूंगी जो मुझसे असहमत हैं, विशेषज्ञों की बात सुनूंगी और सभी अमेरिकियों की राष्ट्रपति बनूंगी। उन्होंने कहा, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करते हैं। वह अमेरिकियों को एक-दूसरे पर उंगली उठाने के लिए उकसाने में पूरा समय बिताते हैं। वह अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला लेने का षड्यंत्र रचने में बहुत समय बिताते हैं। हैरिस ने कहा कि ट्रंप तेजी से एक ऐसे व्यक्ति बनते जा रहे हैं जो अपने राजनीतिक विरोधियों को अपना दुश्मन मानते हैं, हमेशा बदला लेने की फिराक में रहते हैं। हैरिस ने कहा, मेरा नजरिया एकदम स्पष्ट है। मैं हमारे लोकतंत्र में विश्वास करती हूं। लोकतंत्र अद्भुत लेकिन जटिल होता है, हमें बहस पसंद होती है। हम मतभेदों को स्वीकार करते हैं। मैं अपने मंत्रिमंडल में रिपब्लिकन नेता को शामिल करूंगी और इसका एक कारण यह है कि मैं विभिन्न लोगों के विचार जानना चाहती हूं।

### आर्थिक आपदा को समाप्त कर नया आर्थिक चमत्कार करूंगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अगले सप्ताह होने वाले आम चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की आर्थिक नीतियों को आपदा बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यदि वह चुनाव जीत जाते हैं तो वह नए आर्थिक चमत्कार करेंगे। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी उत्पादों के निर्माण एवं उनकी खरीद को बढ़ावा देने और अमेरिकी लोगों को नौकरी देने का वादा किया। ट्रंप ने मिशिगन के डेट्रॉयट में एक चुनावी रैली में कहा, हम कमला द्वारा लाई गई आर्थिक आपदा को समाप्त करेंगे और एक नए ट्रंप आर्थिक चमत्कार की शुरुआत करेंगे।

# लेबनान पर इजराइली हवाई हमले में 52 की मौत

बेरुत, एजेंसी

पूर्वी लेबनान के बाल्बेक शहर और आसपास के कस्बों और गांवों पर हुए इजराइली हवाई हमलों में शुक्रवार को 52 लोग मारे गए और 72 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी।

इजराइली बलों ने नागरिकों के ले चेतावनी जारी करने और क्षेत्र के पूरे शहरों, गांवों और कस्बों को खाली करने का आह्वान करने के बाद पिछले दिनों पूर्वी लेबनान पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। अधिकांश हताहत बालबेक, अल-अलक, यूनिन, बदनयेल, अल-बज़ालियाह, अम्हाज़, इयाट, लबवेह, हरबता, नहले, तराया और हौश एन नबी सहित इलाकों में हुए। इज़राइली सेना सितंबर के अंत से हिज़्बुल्लाह के साथ संघर्ष में वृद्धि होने के कारण लेबनान पर गहन हमले कर रही है। अक्टूबर की शुरुआत में, इज़राइल ने लेबनान में उत्तरी सीमा पर एक जमीनी अभियान शुरू किया।

### लेबनान से आने वाले 3 प्रोजेक्टाइल की पहचान की

**यरूशलम।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि उसने लेबनान से इजराइल में उड़ान भरने वाले तीन प्रोजेक्टाइल की पहचान की है, जिनमें से कुछ को रोक दिया गया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा, मध्य इज़राइल में बजने वाले सायरन के बाद, लेबनान से इज़राइली क्षेत्र में प्रवेश करने वाले तीन प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई।